e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 330
बुधवार
06.12.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

असफलता के डर से अपने सपनों को पूरा न करने से ज्यादा अच्छा है, कोशिश करने के बाद उनका टूट जाना।

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### केन्द्र की नीतियों के चलते मजबूत हो रही है देश की अर्थव्यवस्था : सीतारमण

**नई दिल्ली :** केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था लगातार मजबूत हो रही है। जानबूझकर ऋण न चुकाने वाले लोगों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। हमारी सरकार की नीतियों के चलते देश के बैंक मजबूत हुए हैं। बैंक फायदे में हैं और उनकी गैर निष्पादित संपत्ति निरंतर कम हो रही है। सीतारमण ने मंगलवार को राज्यसभा में एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि दुनिया के कई देशों के बैंकों के हालात ठीक नहीं हैं लेकिन हमारे बैंक मजबूत हुए हैं । उन्होंने कहा कि अमेरिका और जर्मनी जैसे देशों के बैंकों के हालत खस्ता हैं।

### गहरी खाई में गिरी टैक्सी, 7 पर्यटकों की मौत

**श्रीनगर :**श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक टैक्सी गहरी खाई में गिर गई। इस हादसे में 7 पर्यटकों की मौत हो गई। ये दर्दनाक हादसा जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित जोजिला दर्रे पर हुआ। हादसे में 1 बचा शख्स गंभीर रूप से घायल भी बताया जा रहे हैं। जोजिला दर्रे पर हुए इस हादसे में मृतक लोग केरल के रहने वाले थे। वह जम्मू कश्मीर में पर्यटन पर आए थे। हादसे के वक्त टैक्सी में 8 लोग सवार थे जिनमें से एक ड्राइवर भी था। इनमें से 7 की मौत हो गई और 1 घायल हैं। घायल की हालत गंभीर बताई गई है। हादसे के बाद सोनमर्ग पुलिस ने मौके पर पहुंच कर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया और घायलों को अस्पताल पहुंचाया है।

### यूको बैंक के 820 करोड़ के भ्रष्टाचार मामले में कोलकाता सहित देशभर के 13 ठिकानों पर सीबीआई की छापेमारी

**कोलकाता :** सीबीआई ने इस साल नवंबर में यूको बैंक में 820 करोड़ रुपये के संदिग्ध आईएमपीएस लेनदेन के संबंध में प्राथमिकी दर्ज की है और कोलकाता व मैंगलोर के 13 स्थानों की तलाशी ली है। सीबीआई के राष्ट्रीय प्रवक्ता आरके गौड़ ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तलाशी अभियान सोमवार देर रात तक जारी रहा। सीबीआई की कार्रवाई उस एफआईआर के बाद हुई जो यूको बैंक की शिकायत पर बैंक में काम करने वाले दो सपोर्ट इंजीनियरों और अन्य अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ दर्ज की गई थी। इसमें लगभग 820 करोड़ रुपये के संदिग्ध तत्काल भुगतान सेवा (आईएमपीएस) लेनदेन का आरोप लगाया गया। एजेंसी के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि तलाशी के दौरान मोबाइल फोन, लैपटॉप, कंप्यूटर सिस्टम, ईमेल अभिलेखागार और डेबिट/क्रेडिट कार्ड सहित इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य बरामद किए गए। यह आरोप लगाया गया कि 10 नवंबर 2023 और 13 नवंबर 2023 के बीच 14 हजार खातों से आईएमपीएस लेनदेन हुआ। इसी सिलसिले में छापेमारी हुई है।

### हिन्दी भाषी राज्यों के लिए द्रमुक सांसद के विवादित बोल

**नई दिल्ली :** द्रमुक नेता सेंथिल कुमार ने मंगलवार को लोकसभा में एक विवादित बयान देते हुए हिन्दी भाषी राज्यों के लिए एक विशेष शब्द का प्रयोग कर कहा कि भाजपा केवल इन्हीं राज्यों में चुनाव जीतती है। हालांकि इस शब्द को लोकसभा की कार्यवाही से हटा दिया गया है। उन्होंने हिंदी पट्टी के राज्यों का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा ने मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ राज्यों के विधानसभा चुनावों में भारी जीत हासिल की। भाजपा की ताकत मुख्य रूप से हिंदी के गढ़ राज्यों में चुनाव जीतना है। सेंथिल कुमार ने दक्षिण राज्यों तमिलनाडु, केरल, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में भाजपा को विफल बताया। यह पहली बार नहीं है कि सेंथिल कुमार ने हिंदी पट्टी के राज्यों के लिए इस शब्द का प्रयोग किया हो। 2022 में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर बोलते हुए डीएमके सांसद ने इस शब्द का प्रयोग किया था। द्रमुक सांसद जम्मू-कश्मीर से तुलना करते हुए आरोप लगाया कि भाजपा 'प्रत्यक्ष शासन' करने के लिए तमिलनाडु, केरल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक जैसे दक्षिण भारतीय राज्यों को केंद्र शासित प्रदेश में बदल सकती है। उनके बयान पर भारतीय जनता पार्टी की नेता एवं केन्द्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने कहा कि उन्हें लगता है कि यह सनातनी परंपरा का अपमान है।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 25⁰ |
| न्युनतम | 14⁰ |

राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ व तेलंगाना चुनाव के बाद तेज हुआ पॉलीटिक्स

# सीएम के नाम पर जारी है मंथन का दौर

*** राजस्थान में पीएम मोदी के चेहरा पर चुनाव हुआ है, इसलिए मुख्यमंत्री पद का फैसला संसदीय बोर्ड करेगा : अरुण सिंह**



एजेंसी

**नई दिल्ली :** राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ व तेलंगाना विधानसभा चुनाव के बाद राज्य से लेकर केंद्र तक पॉलिटिक्स तेज हो गया है। सभी चार राज्यों में सीएम को लेकर जहां लॉबिंग व दिल्ली दौड़ शुरू है वहीं केंद्रीय नेतृत्व भी पूरी तरह रेस है। तेलंगाना में कांग्रेस ने सीएम के नाम की घोषणा कर दी। बाकी बचे तीन राज्यों में भाजपा की सरकार बननी है। इनमें राजस्थान में सरकार बनाने को लेकर हाई वोल्टेज पॉलिटिकल ड्रामा शुरू है। यहां सीएम बनने की रेस में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, अरूण सिंह, सीपी जोशी, गजेंद्र सिंह शेखावत, अर्जुन राम मेघवाल, बाबा बालकनाथ जैसे नेताओं के नाम सबसे आगे चल रहे हैं। हालांकि, राजस्थान प्रभारी अरुण सिंह ने कहा कि राजस्थान में पीएम मोदी के चेहरा पर चुनाव हुआ है, इसलिए मुख्यमंत्री पद का फैसला संसदीय बोर्ड करेगा। वसुंधरा राजे खेमे ने दावा किया है कि सोमवार से अब तक करीब 50 विधायक उनसे उनके आवास पर मुलाकात कर चुके हैं। जहां कई विधायकों ने इस मुलाकात को शिष्टाचार मुलाकात बताया, वहीं कुछ ने संकेत दिया कि पिछले दो कार्यकालों में अपने काम के कारण राजे अगले मुख्यमंत्री के लिए उपयुक्त चेहरा हैं। सोमवार से ही कई विधायक वसुंधरा राजे के आवास पर पहुंच रहे हैं।

वहीं, बाबा बालकनाथ ने दिल्ली में कई शीर्ष भाजपा के नेताओं से मुलाकात की है। बता दें कि दिल्ली से लेकर जयपुर तक सीएम बनने को लेकर बैठकों का दौर जारी है। सूत्रों के मुताबिक, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि राजस्थान में सीएम पद को लेकर अभी कुछ तय नहीं है।

### तेलंगाना : 7 को रेड्डी लेंगे सीएम पद की शपथ



कांग्रेस ने मुख्यमंत्री पद के लिए रेवंत रेड्डी का नाम फाइनल किया है.जानकारी के मुताबिक, इसकी पूरी तैयारी कर ली गई है और 7 दिसंबर को वो शपथ ग्रहण करेंगे. उनके साथ कुछ मंत्री भी शपथ लेंगे.जानकारी के मुताबिक हैदराबाद में सीएलपी बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया और सीएम नियुक्त करने का अंतिम निर्णय पार्टी आलाकमान पर छोड़ दिया गया. मामले को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि इसका निर्णय भी ले लिया गया है. दिल्ली में हुई बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी के अलावा राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल समेत कई नेता शामिल हुए.तेलंगाना में कांग्रेस के विजय अभियान का चेहरा रहे रेवंत रेड्डी को पार्टी के दिग्गज नेताओं के विरोध का सामना भी करना पड़ रहा है.

### किसी भी चर्चा के लिए दिल्ली नहीं जायेंगे : शिवराज



**भोपाल :** सीएम पद को लेकर जारी कयासों के बीच सीएम शिवराज सिंह चौहान ने एक बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने साफ कर दिया है कि वह फिलहाल किसी भी चर्चा के लिए दिल्ली नहीं जा रहे हैं। उन्होंने कहा है कि बुधवार को वे छिंदवाड़ा जिले की यात्रा पर जाएंगे। जहां भाजपा सभी 7 सीटों पर जीत दर्ज नहीं कर पाए हैं। उन्होंने कहा कि उनका सिर्फ एक संकल्प है और वह है भाजपा को आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में मध्य प्रदेश में सभी 29 सीटों पर जीत दिलाना। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी को मध्य प्रदेश से 29 कमल के फूल की माला मिलनी चाहिए।

## राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष को गोलियों से भूना, मौत



**जयपुर :** राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या कर दी गई. प्राप्त जानकारी के मुताबिक, गोगामेड़ी को जयपुर में मंगलवार को दिनदहाड़े गोली मार दी गई. आनन-फानन में गोगामेड़ी को मेट्रो मास हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. गैंगस्टर रोहित गोदारा ने सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या की जिम्मेदारी ली है. गोगामेड़ी के साथ घटना के दौरान मौजूद रहे अजीत सिंह भी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. गोगामेड़ी की हत्या के बाद उनके संगठन से जुड़े लोगों ने प्रदर्शन किया.रोहित गोदारा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट किया, रोहित गोदारा ने अपने फेसबुक पेज पर लिखा-राम राम, सभी भाइयों को मैं रोहित गोदारा कपूरीसर, गोल्डी बरार. भाइयों आज यह जो सुखदेव गोगामेड़ी की हत्या हुई है, इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी हम लेते हैं. यह हत्या हमने करवाई है. भाइयों मैं आपको बताना चाहता हूं कि ये हमारे दुश्मनों से मिलकर उनका सहयोग करता था. उनको मजबूत करने का काम करता था. रही बात दुश्मनों की, तो वह अपने घर की चौखट पर अपनी अर्थी तैयार रखें. जल्दी उनसे भी मुलाकात होगी. पुलिस वायरल हो रहे इस पोस्ट को भी खंगाल रही है. केंद्रीय मंत्री और बीजेपी नेता गजेंद्र सिंह शेखावत व पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने गोगामेड़ी की हत्या पर दुख जाहिर किया है. पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## हाई कोर्ट ने अमन सिंह हत्याकांड में सरकार से मांगी रिपोर्ट

**धनबाद मंडल कारा में कुख्यात शूटर अमन सिंह की गोली मारकर हत्या का मामला**




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** धनबाद मंडल कारा में कुख्यात शूटर अमन सिंह की गोली मारकर हत्या के मामले की सुनवाई मंगलवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई। इस दौरान आईजी जेल उमाशंकर सिंह कोर्ट के समक्ष वर्चुअल रूप से उपस्थित हुए और कोर्ट के सवालों का जवाब दिया। सुनवाई के दौरान उन्होंने कोर्ट को बताया कि एडीएम लॉ एंड ऑर्डर एवं अपर समाहर्ता एवं सिटी एसपी धनबाद द्वारा जेल में सुरक्षा की चूक की जांच की जा रही है। तीन सदस्यीय कमेटी जांच कर रही है। इसके अलावा सीआईडी आईजी भी जांच पड़ताल कर रहे हैं। सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट को जानकारी दी गई कि अब हुई जांच में जेल से दो पिस्टल, छह मोबाइल फोन बरामद किया है। गोली चलाने वाले की पहचान कर ली गई है। मामले में चार प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। मुख्य आरोपित सुंदर महतो को रिमांड पर लिया गया है। घटना को लेकर धनबाद के जेलर सहित सात कक्षपालों को निलंबित कर दिया गया है। 23 कैदियों को राज्य के दूसरे जेल में शिफ्ट किया जाएगा। इसके अलावा जेलर को निलंबित कर दिया गया है। कोर्ट ने महाधिवक्ता राजीव रंजन से जानना चाहा कि क्या इस मामले में वृहत षड्यंत्र और पॉलिटिकल एंगल को देखते हुए राज्य सरकार मुख्यालय स्तर पर एसआईटी बनाने पर विचार कर सकती है या नहीं, अगली सुनवाई में कोर्ट को बताएं। साथ ही कोर्ट ने मामले में तीन सदस्यीय जांच समिति की रिपोर्ट कोर्ट में पेश करने को कहा। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 12 दिसंबर निर्धारित की है। उल्लेखनीय है कि रविवार को धनबाद जेल के अंदर अमन सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसके बाद कोर्ट ने मामले को सोमवार को संज्ञान लेते हुए आईजी कारागार को तलब किया था। कुख्यात शूटर अमन सिंह धनबाद के पूर्व डिप्टी मेयर और कांग्रेस नेता नीरज सिंह की हत्या मामले में लंबे समय से जेल में बंद था।

**घटना को लेकर धनबाद के जेलर सहित सात कक्षपालों को निलंबित कर दिया गया है। 23 कैदियों को राज्य के दूसरे जेल में शिफ्ट किया जाएगा।**


## दिल्ली में प्रस्तावित विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए की बैठक टली



एजेंसी

**नई दिल्ली :** विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए के घटक दलों की छह दिसंबर को दिल्ली में प्रस्तावित बड़ी बैठक स्थगित कर दी गई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने यह बैठक आहूत की थी। अब इसी तिथि पर एक छोटी बैठक कर आगामी बड़ी बैठक की तारीख तय की जाएगी। इस बैठक के स्थगित होने को लेकर कांग्रेस की ओर से कोई बयान नहीं जारी किया गया है, लेकिन सूत्रों ने बताया कि घटक दलों के कई नेताओं के इस प्रस्तावित बैठक में शामिल नहीं होने की जानकारी मिलने के बाद अब यह बैठक 06 दिसंबर के स्थान पर इस महीने के तीसरे सप्ताह में आयोजित की जाएगी। अब 06 दिसंबर को दिल्ली में एक छोटी बैठक कर आगामी बड़ी बैठक की तारीख तय की जाएगी। सूत्रों ने बताया कि बिहार के मुख्यमंत्री एवं जदयू के प्रमुख नीतीश कुमार, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं टीएमसी की प्रमुख ममता बनर्जी और सपा मुखिया अखिलेश यादव ने इस बैठक में नहीं आने की जानकारी दी थी। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने समय का हवाला देते हुए बैठक में शामिल होने में असमर्थता जताई थी। ममता ने तो यहां तक कहा था कि उन्हें इस बैठक के बारे में कोई सूचना ही नहीं है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एवं डीएमके के प्रमुख एमके स्टालिन ने चक्रवाती तूफान मिचौंग से प्रभावित राज्य के क्षेत्रों का दौरा करने के कारण बैठक के लिए दिल्ली पहुंचने में असमर्थता जताई थी।माना जा रहा है कि मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान विधानसभा के चुनावों में कांग्रेस को मिली करारी हार से गठबंधन के घटक दलों के नेता नाराज हैं। विपक्षी दलों का कहना है कि आईएनडीआईए को लेकर कांग्रेस गंभीर नहीं है। इन तमाम मुद्दों को देखते हुए यह प्रस्तावित बैठक टाल दी गई है। वहीं, कांग्रेस के एक नेता ने कहा है कि आईएनडीआईए में शामिल सांसदों की बैठक 06 दिसंबर को शाम 06 बजे कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे के आवास पर आयोजित की जाएगी। इस बैठक में दिसंबर के तीसरे सप्ताह में गठबंधन के घटक दलों के अध्यक्षों की बड़ी बैठक की तारीख तय की जाएगी।

## झारखंड में भी चक्रवाती तूफान मिचौंग का असर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राज्य के कई जिलों में चक्रवात मिचौंग का असर दिखने लगा है। मंगलवार सुबह से ही बूंदाबांदी हो रही हैं। रुक-रुक कर बारिश होने से जनजीवन पर भी असर दिख रहा है। मंगलवार सुबह दस बजे तक राज्य के दक्षिणी जिलों में बारिश रिकॉर्ड किया गय।खूंटी के तोरपा प्रखंड में सबसे अधिक 9.6 मिमी बारिश रिकॉर्ड किया गया। रांची मौसम केंद्र के प्रभारी निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि छह और सात दिसंबर को राज्य के करीब-करीब सभी हिस्से में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। आठ दिसंबर तक बादल रहेंगे। इससे न्यूनतम तापमान चढ़ा रहेगा जबकि बादल की वजह से अधिकतम तापमान गिर सकता है। राज्य के दक्षिणी और निकटवर्ती मध्य इलाके में बारिश हल्के से मध्यम दर्जे की होगी। इन हिस्सों में पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां, सिमडेगा, रांची, खूंटी, रामगढ़, हजारीबाग जिला शामिल है। इस दौरान राज्य के अन्य हिस्सों में बादल छाये रहेंगे। पूर्वी हवाएं चलने के कारण लोगों को हल्की ठंड का महसूस होगा।हवा में नमी भी महसूस की जायेगी। एर्नाकुलम-हटिया धरती आबा एक्सप्रेस ट्रेन छह दिसंबर को रद्द रहेगी। कोयंबटूर-बरौनी साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेनछह दिसंबर को रद्द रहेगी। अल्लापुझा-धनबाद एक्सप्रेस छह एवं सात दिसंबर को रद्द रहेगी।मिचौंग तूफान को लेकर बिजली महकमा अलर्ट मोड में है। मुख्यालय से सभी एरिया बोर्ड के जीएम को मुस्तैद रहने का निर्देश दिया गया है। रांची एरिया बोर्ड के जीएम पीके श्रीवास्तव ने बताया कि पांच, छह और सात दिसंबर को तूफान आ सकता है। इसके मद्देनजर सभी पदाधिकारियों को अलर्ट पर रहने का निर्देश दिया गया है।

### मिचौंग तूफान के असर से चेन्नई हुआ पानी-पानी




**नई दिल्ली :** तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में मिचौंग तूफान की वजह हुई दुर्घटनाओं में मृतकों की संख्या बढ़ कर आठ हो गई। चेन्नई पुलिस ने इसकी पुष्टि की है। भारी बारिश के चलते राजधानी में बाढ़ जैसे हालात को देखते हुए आज भी कई फ्लाइट्स कैंसिल कर दी गई हैं। कुछ ट्रेनों को भी रद्द कर दिया गया है। स्कूल बंद हैं। इस बीच भारत मौसम विज्ञान विभाग ने थोड़ी राहत का पूर्वानुमान जारी किया है। विभाग ने चेन्नई में मंगलवार को हल्की बारिश की संभावना जताई है। इस बीच तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत सामग्री वितरित की है। एमडीएमके नेता वायको ने केन्द्र से राज्य की मदद करने की गुहार लगाई है। चेन्नई में कहर बरपाने के बाद अब तूफान आंध्र प्रदेश की ओर बढ़ गया है और दोपहर तक नेल्लोर और मछलीपट्टनम के तटों से टकरा सकता है। इस दौरान वहां भारी बारिश और तेज हवा चलने की संभावना है। विभाग ने आंध्र प्रदेश के लिए रेड अलर्ट जारी किया है।

कोडरमा : आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम

# 2025 तक झारखंड को मजबूत राज्य बनाने का लक्ष्य : हेमंत

*** फूलो- झानो आशीर्वाद योजना के तहत महिलाओं को सम्मानजनक आजीविका से जोड़ने के लिए अब मिलेंगे 50 हजार रुपए, मुख्यमंत्री ने की घोषणा**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**कोडरमा :** आपकी योजना-आपकी सरकार-एलआपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से आदिवासी, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक, महिला, युवा, किसान- मजदूर और समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाएं और सेवाएं पहुंच रही हैं। हर व्यक्ति को योजनाओं से जोड़कर राज्य के विकास में भागीदार बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन कोडरमा में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार के तीसरे चरण के तहत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा, हमारी नीति और नीयत एक है। हम जो जनता से वादा करते हैं उससे कहीं ज्यादा बढ़कर उसे निभाते हैं।

**राज्य के साथ लगे पिछड़ेपन के टैग को खत्म करेंगे:** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड अलग राज्य गठन के 23 वर्ष हो चुके हैं । यह राज्य युवावस्था में प्रवेश कर चुका है। लेकिन, पिछले दो दशकों के दौरान तमाम संसाधनों से धनी होने के बाद भी इस राज्य को मजबूत करने के प्रति किसी प्रकार की गंभीरता देखने को नहीं मिली।




**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति:** इस अवसर पर श्रम मंत्री श्री सत्यानंद भोक्ता, कृषि मंत्री श्री बादल,विधायक अमित कुमार यादव, जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव, बीस सूत्री उपाध्यक्ष लीलावती देवी,मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे और जिले के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

**बिजली के लिए डीवीसी पर नहीं होगी अब निर्भरता**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के कुछ जिलों में बिजली आपूर्ति के लिए डीवीसी पर अभी तक जो निर्भरता है , उसे खत्म किया जा रहा है। इसके लिए नए सब स्टेशन, ग्रिड, ट्रांसमिशन और संचरण लाइन बनाने का काम तेजी से चल रहा है। इनके शुरू होने से राज्य सरकार अपने बलबूते विद्युत आपूर्ति कर सकेगी।

असर्फी हॉस्पीटल, धनबाद
अब हृदय का बाईपास सर्जरी, वाल्व रिप्लेसमेंट, फेफड़े इत्यादि का ऑपरेशन
आयुष्मान भारत कार्ड से हो रहा है
78083 68888
www.asarfihospital.com
असर्फी हॉस्पीटल, बारामुड़ी, बिशुनपुर, धनबाद -828130

# सरकार आपके द्वार, कार्यक्रम के शिविर का डीडीसी ने किया निरीक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के बांसडीह पंचायत में मंगलवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ डीडीसी रवि आनंद, बीडीओ नितेश भास्कर,उप प्रमुख सुनील सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान मौके पर डीडीसी रवि आनंद ने कहा कि सरकार ग्रामीण जनता के लिए कटिबंध है ग्रामीण जनता को प्रखंड व जिला में दौड़ लगाने की जरूरत नहीं है। सरकार कई प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही है जो सीधा ग्रामीण जनता तक पहुंचाने के लिए सरकार सभी पंचायत मे सरकार आपके द्वार कार्यक्रम चला रही है। ग्रामीण जनता आगे आकर जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ ले और उन्होंने कार्यक्रम में मजदूर ग्रामीणों को जॉब कार्ड दिया और गरीब व वृद्ध ग्रामीणों जनता के बीच 150 कंबल का वितरण किया 10 छात्र को साईकिल लेने के लिए 4500 का डेमो चेक दिया और साथ ही सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में लगे सभी स्टॉल का निरीक्षण किया।बीडीओ नितेश भास्कर ने कहा की सरकार हर संभव से ग्रामीण जनता को मदद पहुंचे व सभी जन कल्याणकारी योजना का लाभ ले सके इसके लिए हरेक पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन करा रही है जिससे की ग्रामीण जनता एक भी वंचित न रह जाए इसके लिए ऐसा कार्यक्रम हर पंचायत में सरकार करा रही है। जिसका लाभ ग्रामीणों को कार्यक्रम में पहुंचकर लेने की जरूरत है और उन्होंने कहा कि सभी जनप्रतिनिधि भी अपना दायित्व निभाएं सुदूरवर्ती क्षेत्र के ग्रामीणों को जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दे और उन्हें प्रोत्साहित करें जिससे की उन्हे जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके इसके लिए जरूर सहयोग करें जिससे कि एक भी ग्रामीण जनता वंचित न रह सके।उप प्रमुख सुनील सिंह ने कहा कि सरकार ग्रामीण जनता की हक में काम कर रही है सरकार अपना दायित्व ग्रामीणों के लिए निभा रही है ग्रामीणों को आगे बढ चढ़कर इसका लाभ लेने की जरूरत है। मौके पर कार्यक्रम का संचालन प्रखंड जीपीएस राधेश्याम राम ने किया। मौके पर जिला परिषद सदस्य रामलव चौरसिया, मुखिया लाल बहादुर भुईयां, पंचायत समिति सदस्य नरेश राम वह प्रखंड व अंचल कर्मी और सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

## नई चेतना लिंग आधारित हिंसा अभियान के तहत किया गया कबड्डी मैच का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** जेएसएलपीएस के तत्वाधान में मंगलवार को राजकीय कृत उच्च विद्यालय चितविश्राम के मैदान में नई चेतना लिंग आधारित हिंसा अभियान के तहत कबड्डी मैच का आयोजन किया गया। कबड्डी मैच का शुभारंभ पंचायत समिति सदस्य मृदुला द्विवेदी, जीआरपी अस्तरुन निशा, दीपशिखा, कुमारी ममता ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर बीडीसी मृदुल द्विवेदी ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिये। खेल से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है वहीं आपसी प्रेम व सौहार्द बढ़ता है.कब्बडी मैच चितविश्राम बनाम नरही के बीच खेला गया, जिसमें नरही की टीम ने 08 अंक से विजयी हुआ.दूसरा मैच पिपरडीह एवं कुशडंड के बीच खेला गया जिसमें कुशडंड की टीम 06 अंक से विजयी हुआ। मौके पर जेएसएलपीएस के बीपीएम धनन्जय कुमार, सीसी भरत कुमार, निधि भारती, आईपीआरपी जाकिर हुसैन, रेखा देवी, गायत्री, खुशबू देवी, सीमा, शकुंतला देवी, सुनीता, करुणा, गीता, विमला, प्रेमशिला, प्रतिज्ञा, शोभा देवी, हाजरा खातून सहित बड़ी संख्या में महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित थे।

## बाइक से तीन बदमाश आए, फिर पिस्तौल सटाकर युवक से लूटी मोटरसाइकिल

**चैनपुर (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैनपुर प्रखण्ड क्षेत्र के खोहरी गांव में सरकारी स्कूल के समीप शाहपुर बुढीवीर मुख्य सड़क पर तीन हथियार बंद नकाबपोश लुटेरों ने रविवार की रात लगभग 8:00 बजे बुढीवीर गांव निवासी रविंद्र मिस्त्री को पिस्तौल सटाकर उसके अपाची मोटरसाइकिल नंबर जेएच 03 एजे 0175 को लूट लिया है।रविंद्र मिस्त्री ने सोमवार को चैनपुर थाना में अज्ञात हथियारबंद लुटेरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। दर्ज मामले में कहा है कि वह शाहपुर स्थित अपने गैरेज से लगभग 7:40 में अपने घर बुढीवीर के लिए निकले तभी खोहरी गांव के पहले से ही एक उजाला रंग का अपाची जो बिना नंबर का था वह पीछा करके बगल में गाड़ी सटाकर पिस्टल सटा दिया था। आनन फानन गाड़ी को पटकते हुए छोड़कर वहां से भाग गए।प्राथमिकी में कहां है कि तीन लुटेरे अपाची मोटरसाइकिल पर सवार थे सभी मोफलर द्वारा मुंह को बांधे हुए थे गाड़ी गिरने के बाद भागने का कोशिश किए दौड़ा कर और पैसा भी लूटने का कोशिश लुटेरों के द्वारा किया गया था लेकिन जान बचा कर किसी तरह वहां से भागे थे।चैनपुर पुलिस मामले को दर्ज कर छानबीन कर रही है।

## सरकारी स्कूल की छत पर लगी सोलर प्लेट चोरी

**चैनपुर (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैनपुर थाना क्षेत्र के बुढीवीर पंचायत के चोटहासा राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय में लगे तीन सोलर प्लेट को अज्ञात चोरों के द्वारा सोमवार की रात्रि में चोरी कर लिया गया है एवं विद्यालय के खिड़की एवं दरवाजा को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। इस मामले में चोटहासा राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक बृज किशोर सिंह ने चैनपुर थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई करने की प्राथमिक की दर्ज कराया है। चैनपुर पुलिस मामले को दर्ज कर छानबीन में जुट गई है। प्रधानाध्यापक ब्रिज किशोर सिंह ने बताया कि जब यह मंगलवार को स्कूल खोलने गए तो देखा कि विद्यालय के खिड़की दरवाजा क्षतिग्रस्त है एवं छत पर लगे सोलर प्लेट गायब है इन्होंने मुखिया को जानकारी देते हुए चैनपुर थाना मे मामला दर्ज कराया है।

## उपेंद्र सिंह बने कजरी पैक्स अध्यक्ष



**पड़वा (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को कजरी पैक्स अध्यक्ष के लिए नामांकन भरा गया। इसमें एक मात्र उपेंद्र सिंह ने नामांकन भरा। जिसके बाद उपेंद्र सिंह को निर्विरोध घोषित किया गया. सहकारिता प्रसार पदाधिकारी सह चुनाव पर्यवेक्षक निषितोष ठाकुर के उपस्थिति में पाटन मोड़ विवाह मंडप में चुनाव प्रक्रिया पूरा किया गया. मालूम हो की कजरी में कुल 107 पैक्स के वोटर है। इस मौके पर महाराणा प्रताप सिंह, नागेश्वर सिंह, अशोक सिंह, विजय सिंह, गिरेंद्र राम, ओमकार राम, हरेंद्र राम, शंकर राम, महेंद्र राम, मनोज राम, अरविंद सिंह, मुटरी देवी, मालती कुंवर, रामपुकार सिंह, रामचंद्र महतो सहित कई लोग उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चुनाव लड़ा जाना जीत का कारण है : लक्ष्मीकांत पांडे



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विश्रामपुर :** बिश्रामपुर भाजपा कार्यकर्ता वरिष्ठ नेता लक्ष्मीकांत पांडे ने पत्रकारों से बात करते हुए बताया प्रधानमंत्री के नेतृत्व में चुनाव होना भारी जीत का कारण बना हर क्षेत्र में विकास की अगर बात की जाए तो मुद्दा पर प्रधानमंत्री का देश के प्रति समर्पित भावना हर लोगों का ख्याल रखते हुए विकास की एक लंबी लकीर खींच जाना जिस से जन-जन में मोदी के प्रति विश्वास जीत का कारण बना अगर विकास की बात की जाए उज्ज्वला योजना प्रधानमंत्री आवास योजना किसान हित में अनेकों कार्य जिस देश की किसान आत्मनिर्भर बनकर आगे आवे रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता देश की अर्थव्यवस्था का मजबूत होना ऐसे अनेकों कार्य जो प्रधानमंत्री के प्रति जनता में विश्वास जगने का मुख्य कारण है आने वाले समय में पूर्ण बहुमत की सरकार झारखंड में भी बनना तय है।

## पांकी: मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का चैंपियन बना तेतराई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पांकी :** मुख्यमंत्री फुटबॉल कप प्रतियोगिता का कोनवाई हाई स्कूल के खेल मैदान में मंगलवार को प्रखंड स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता का फाइनल मैच तेतराई बनाम सकलदीपा के बीच खेला गया रोमांचक मुकाबले में दोनों टीम के खिलाड़ी निर्धारित समय पर मैदानी गोल दागने में नाकाम रही इसके बाद निर्णायकों ने पेनाल्टी शूटआउट का निर्णय लिया जिसमें तेतराई ने एक गोल से जीत हासिल कर कप पर कब्जा जमा लिया इसके पूर्व अतिथियों ने दोनों टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया पांकी मुखिया संघ अध्यक्ष सह मुखिया राजेंद्र पांडे ने कहा कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं युवतियों के हुनर को तराशने के लिए राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता की शुरुआत की है युवाओं को खेल के क्षेत्र में अधिक से अधिक मौका और खेल के क्षेत्र में सरकार बेहतर करने का प्रयास कर रही है। इस मैच का संचालन मोहम्मद सफी अलम साथ ही कपिल देव कुमार सिंह ने किया।मौके पे मुखिया पति बृजदेव सिंह, मुखिया मुकेश सिंह, मुखिया हफीजुल अंसारी, रफीक अंसारी, अशोक सिंह, नंदन पत्रकार, लक्ष्मण सिंह पंचायत समिति, धनुष देव सिंह, देवराज राम, अनुज कुमार, प्रेम कुमार, शताब्द सिंह, एजाज खान, अरविंद सिंह, राज किशोर सिंह, पिंटू कुमार, रेफरी जहांगीर शाह लाइनमैन कार्तिक सिंह बिंदा सिंह पॉल जज हरेंद्र सिंह, मानकी सिंह, साथ ही साथ ही कोनवाई मुखिया पति बृजदेव सिंह ने विजेता टीम तेतराई को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में सफलता हासिल करने की शुभकामनाएं दी।

## प्रखंड में पिछले एक माह से साइबर चोर सक्रिय

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरौंधी (गढ़वा) :** प्रखंड में पिछले एक माह से साइबर चोर फर्जी गढ़वा डीएसओ कार्यालय के नाम से फोन पर बात कर प्रतिदिन दर्जनों रजिस्टर्ड किसानो से पैसा चोरी करने का कोशिश कर रहे है। शुक्रवार को प्रखंड के उमाशंकर रजक के पास डीएसओ कार्यालय गढ़वा से विकास वर्मा के नाम से एक व्यक्ति का फोन आया। उ3सने पिछले साल विक्री धान के बारे में जानकारी प्राप्त कर खाद बीज के पैसा बकाया की बात कह कर एक फार्म भरने की बात कहा। बारीकी से पूछने पर अपना नाम फोनकर्ता विकास वर्मा बताया। उसने उमाशंकर रजक से फार्म भरकर मांग किया। अगर आप आज फॉर्म भरकर नही देते हैं तो 25 हजार रुपए का नुकसान हो जायेगा।

## अज्ञात बाइक सवार अपराधियों ने बाइक सवार के गर्दन पर चाकू से किया हमला, रेफर



**हुसैनाबाद/पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद थाना अंतर्गत जपला पात्रा मुख सड़क पर लंगर कोर्ट पहाड़ी के समीप अज्ञात बाइक सवार अपराधियो ने ओवरटेक कर एक बाइक सवार के गर्दन पर चाकू से हमला कर दिया इस हमले से युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया, गम्भीर अवस्था मे राहगीरों ने हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती करवाया, जहा से ईलाज के बाद गम्भीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने मेदिनीनगर सदर अस्पताल कर दिया रेफर, यह घटना सोमवार की रात्रि साढ़े सात बजे के लगभग की घटना है। घटना के सूचना मिलने पर हुसैनाबाद पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर छानबीन में जुट गई। बतादे की घायल हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के पथरा गांव निवासी 24 वर्षीय सुनील कुमार राम, जो जपला (हुसैनाबाद) से शाम के करीब साढ़े सात बजे के लगभग पथरा अपने घर जा रहा था, उसी क्रम में लंगरकोट गांव के समीप आपची बाइक से तीन अपराधियो ने ओवरटेक कर रोक कर मारपीट करते हुए चाकू से गर्दन पर हमला कर दिया और मोबाइल व पैसे छीन लिया।


## छत्तीसगढ़ के नारायणपुर विधानसभा की जीत में प्रभारी अलखनाथ की भूमिका अहम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विश्रामपुर (पलामू) :** छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग अंतर्गत नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र में जीत के बाद से भाजपा के प्रादेशिक नेता सह पूर्व विस प्रत्यासी अलखनाथ पांडेय का कद पार्टी में बढ़ा है.यहां बताते चलें कि भाजपा ने अलखनाथ पांडेय को चुनाव के दौरान नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी नियुक्त कर पार्टी प्रत्यासी को जिताने का जिम्मा सौंपा था। जिसके बाद श्री पांडेय ने वहां के गांवों में डोर टू डोर कैम्पन चलाया। खासकर आदिवासी बाहुल्य गांवों में तो उन्होंने कई छोटी - छोटी सभा कर लोगों को पार्टी के नीति सिद्धांतों से अवगत कराया। प्रधानमंत्री मोदी के संदेशों को बताया। पार्टी के संकल्प पत्र को विस क्षेत्र के जन - जन तक पहुंचाया। जिसके बाद पार्टी प्रत्यासी की जीत तय हुई.वहां भाजपा के केदार कश्यप ने कांग्रेस प्रत्यासी दिनेश कश्यप को 18,990 मतों से पराजित किया। नवनिर्वाचित विधायक केदार कश्यप ने अलखनाथ पांडेय के प्रति आभार व्यक्त किया और नागरिक अभिनंदन हेतु उन्हे नारायणपुर आने का निमंत्रण भी दिया है।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत




प्रभात मंत्र संवाददाता

**भवनाथपुर :** नगर उटारी मुख्य पथ पर शिवपूजन पेट्रोल पंप के समीप सोमवार की रात अज्ञात वाहन के धक्के से बाईक सवार भवनाथपुर खरौंधी मोड़ निवासी सह कपड़ा व्यवसायी 29 वर्षीय राजकुमार गुप्ता की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर एसआई कुंदन यादव ने उसे उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया, जहाँ चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को मंगलवार की सुबह पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया। घटना के संबंध में बताया जा रहा है, कि राजकुमार गुप्ता बाईक से सोमवार के रात्रि करीब 11 बजे अरसली दक्षिणी के बैगाडीह गांव स्थित अपने मामा के घर से खरौंधी मोड़ लौट रहा था, तभी शिवपूजन पेट्रोल पंप के समीप उसकी बाईक में अज्ञात वाहन धक्का मारकर फरार हो गया। राजकुमार गुप्ता की मौत से माहौल गमगीन हो गया। उधर युवा कपड़ा व्यवसायी की बाईक दुर्घटना में हुई मौत से आहत भवनाथपुर व्यवसायी संघ ने शोक व्यक्त करते हुए शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया। शोक व्यक्त करने वाले में नितिश कुमार गुप्ता अध्यक्ष,नवल किशोर गुप्ता सचिव, संजय गुप्ता,वेद प्रकाश आर्य, ब्रजेश कुमार चंद्रवंशी, सुनिल कुमार ठाकुर, गंगा साह, सुनिल कुमार गुप्ता, अरूण कुमार गुप्ता सहित कई लोग उपस्थित थे।


## परीक्षा नियंत्रक ने बाबा बंशीधर मंदिर व राजा पहाड़ी स्थित शिव मंदिर में पूजा अर्चना किया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** नीलाम्बर पीताम्बर विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ मृत्युंजय कुमार दीपक ने सोमवार को बाबा बंशीधर मंदिर व राजा पहाड़ी स्थित शिव मंदिर में पूजा अर्चना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बाबा बंशीधर का दर्शन कर जीवन धन्य हो गया.ऐसी प्रतिमा पूरे विश्व मे कहीं नहीं है. अपने आप मे यह अद्वितीय है. मौके पर उपस्थित इंदिरा सिंह बी0एड0 महाविद्यालय गढवा के प्रभारी प्राचार्य डॉ अजय पांडेय ने डॉ मृत्युंजय कुमार दीपक को बाबा बंशीधर की तस्वीर भेंट किया। इसके बाद वे राजा पहाड़ी स्थित शिव मंदिर में भगवान शिव की पूजा अर्चना किया.उन्होंने कहा कि यह पहाड़ी एक मनोरम स्थल है। उन्होंने कहा कि नगर वासियों के लिये यह वरदान है। मौके पर छात्र अभिषेक दुबे, नीरज पांडेय उपस्थित थे।


## सेवानिवृत सुबेदार मेजर सहित पुलिस सब इंस्पेक्टर का किया गया गया दाह संस्कार





**विश्रामपुर, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्रामपुर प्रखंड के तोलरा गांव स्थित कोयल नदी श्मशान घाट पर एक साथ दो लोगों का दाह संस्कार किया गया। जिसमें एक 65 वर्षीय सेवानिवृत सुबेदार मेजर विरेन्द्र तिवारी व दुसरा पुलिस विभाग में पदस्थापित पुलिस सब इंस्पेक्टर 55 वर्षीय नवल किशोर तिवारी हैं। दोनों का एक साथ जाना गांव के लोगों को झकझोर कर दिया। गांव में कोहराम मचा है।? स्वर्गीय विरेन्द्र तिवारी को उनके दोनों पुत्रों ने मुखाग्नि दी। वे अपने पिछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए। इनके दो पुत्रों में में एक मनोज तिवारी पलामू व्यवहार न्यायालय में एडवोकेट व दुसरा प्रदीप तिवारी सीआईएसएफ में कार्यरत हैं। वहीं सब नवल किशोर तिवारी जमशेदपुर पुलिस बल में पदस्थापित थे। सोमवार को पुलिस लाइन में पुलिस विभाग के द्वारा सलामी दिया गया। मंगलवार को कोयल नदी श्मशान घाट पर दाह संस्कार किया गया। स्वर्गीय नवल तिवारी के तीन पुत्र हैं। तीनों पुत्र दिल्ली में यूपीएससी की तैयारी कर रहे हैं। स्वर्गीय नवल किशोर तिवारी चतरा पुलिस मेंस एसोशिएशन के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। गांव के लोगों ने बताया कि दोनों स्वर्गवासी काफी मिलनसार स्वभाव के थे। सांत्वना देने कोयल नदी के तट पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह विश्रामपुर विधानसभा के विधायक प्रत्याशी ईश्वर सागर चनद्रवंशी शामिल हुए।? साथ हीं शोक संतप्त परिवार को ढाढस बंधाया। गांव के लोगों ने बताया कि तोलरा गांव में पिछले चार माह से प्रतिदिन कोई न कोई मौत के आगोश में समाते जा रहा। तोलरा के दो विभूति एक आर्मी के सेवानिवृत सुबेदार मेजर विरेन्द्र तिवारी व दुसरे पुलिस सब इंस्पेक्टर जमशेदपुर में कार्यरत नवल किशोर तिवारी का असामयिक निधन गांव को झकझोर दिया। परिजनो को सांत्वाना देने झारखंड पत्रकार संगठन के गढवा प्रभारी राम निवास तिवारी, रासबिहारी तिवारी, सच्चिदानंद तिवारी, सेवानिवृत शिक्षक मुरारी तिवारी, जनेश्वर तिवारी, अशोक तिवारी, बाली तिवारी, उपेन्द्र तिवारी, धीरन तिवारी, बालमुंकुंद तिवारी, दिपु तिवारी, रोहित तिवारी सहित गांव के लोग मौजूद थे।

## आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में मिल रहा अबुआ आवास योजना का लाभ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद, पलामू :** हुसैनाबाद प्रखंड अंतर्गत कबरा कला गांव निवासी हेमावती देवी को पक्का आवास निर्माण का सपना साकार होगा। अबुआ आवास योजना के तहत हेमावती को रसोई घर के साथ-साथ तीन कमरों का पक्का मकान का निर्माण हो सकेगा। आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत हुसैनाबाद प्रखंड क्षेत्र में लगाए गए शिविर में हेमावती ने अबुआ आवास के लिए आवेदन दिया। आवेदन की पावती उसे मिल गई है। प्रक्रियाओं के बाद आवास की स्वीकृति मिल जाएगी। हेमावती का कहना है कि आवास संबंधी योजना को लाकर सरकार ने गरीबों को पक्का घर देने का कार्य कर रही है। इसका लाभ पाकर वह अच्छे आवास का निर्माण करेगी। उन्होंने बताया कि उनके जैसे कई जरूरतमंद इस योजना से लाभान्वित होंगे और उनका पक्का मकान बन सकेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में सभी पात्र आवास विभिन्न परिवारों और कच्चे तथा जीर्ण-शीर्ण घरों में रहने वाले परिवारों को सम्मानजनक जीवन जीने के लिए बुनियादी सुविधाओं के साथ-साथ राज्य सरकार पक्का आवास उपलब्ध करा रही है। इसके तहत लाभुक को तीन कमरों का पक्का मकान एवं रसोई घर का निर्माण कराया जाएगा। इस योजना का लाभ कच्चे घरों में रहने वाले परिवार, आवासविहिन एवं निराश्रित परिवार, विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह (पीवीटीजी) के परिवार, प्राकृतिक आपदा के शिकार परिवार, कानूनी तौर पर रिहा किए गए बंधुआ मजदूर इस योजना के लाभ हेतु पात्र होंगे। साथ ही वैसे परिवार जिन्हें राज्य सरकार अथवा केंद्र सरकार द्वारा संचालित आवास योजना यथा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर आवास योजना/बिरसा आवास योजना/ इंदिरा गांधी आवास योजना इत्यादि आवास का लाभ नहीं दिया गया हो। इस योजना के तहत योग्य लाभुक आवास का निर्माण न्यूनतम 31 वर्ग मीटर में कर सकेंगे । प्रति यूनिट आवास की सहायता राशि 2 लाख रुपए दी जाएगी। इस योजना का लाभ लेने के लिए आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रखंडों, पंचायतों में लगाये जा रहे शिविर में आवेदन की जा सकती है। साथ ही पंचायत के मुखिया, प्रखंड कार्यालय में संपर्क योजना का लाभ प्राप्त किया जा सकता है।

## विधायक भानु ने करोड़ों की लागत से दो कालीकरण सड़क का किया शिलान्यास



प्रभात मंत्र संवाददाता

**केतार (गढ़वा) :** भवनाथपुर विधायक भानु प्रताप शाही ने करोड़ों की लागत से मुख्यमंत्री ग्राम सड़क विशेष मरम्मती योजना के तहत दो कालीकरण सड़क का शिलान्यास मंगलवार को अपने गृह क्षेत्र के स्थानीय ग्रामीण पूरन चेरो,बेलास चेरो सहित मुखिया मुन्नी देवी के हाथों अपने उपस्थिति में किया। उक्त कालीकरण सड़क एक करोड़ की लागत से बतों मुख्य पथ से नया टोला तक एवं दो करोड़ की लागत से परती मुख्य पथ से पिपरा दामर गाँव तक बनाया जाएगा। साथ ही परती बाजार के समीप उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित भी किया। श्री शाही ने अपने संबोधन में कहा कि आज से तीन माह पूर्व हमने नल जल योजना का भूमि पूजन किया था और पुनः तीन महीने बाद स्थानीय ग्रामीणों के बीच करोड़ की लागत से दो कालीकरण सड़क आपका लड़का आपके द्वार पर लेकर आया है। आगे उन्होंने कहा कि आज से 23 वर्ष पहले यहां का लड़का निकला और परती का ही नहीं पूरे भवनाथपुर विधानसभा का तकदीर व तस्वीर बदलने का कार्य किया। जहां सड़क नहीं था वहां सड़क पहुंचाया जहां बिजली एक सपना था आपका वोट की ताकत से एवं भानु के गटा के ताकत से 20 से 22 घंटा बिजली हमारे गांव को मिल रहा है। आगे उन्होंने कहा कि लगभग एक वर्ष पहले इसी जगह पर स्वास्थ्य केंद्र शिलान्यास के पश्चात सभा हुआ था। बीच में उसका पेमेंट नहीं हुआ तो हमारे विरोधी लोग मोबाइल पर लाइव चला रहे थे कि अस्पताल पूरा नहीं हुआ, पिछले जैसा हो जाएगा,नरस यहां नहीं बैठेगी,फिर इलाज नहीं होगा मेरे प्रति इस तरह का लोग नकारात्मक सोच रखते हैं। उन्होंने पिछले अधूरे अस्पताल के बारे में कहा कि हम मंत्री से हटे और हमारे विरोधी जो बैठा उसके चलते पूरे विधानसभा का अस्पताल जांच में भेजवा कर रोकने का काम किया गया। और यहां के लोगों का मोबाइल तक चार्ज नहीं हो पाता था आज मेरे खिलाफ में मोबाइल चमकाया जा रहा है जिसके लिए बहुत मुझे तकलीफ हुआ है।

**विधायक भानु ने सरकार पर साधा निशाना :** वर्तमान हेमंत सरकार को नालायक बताते हुए कहा कि इस सरकार में बालू पेर कर तेल निकालने के बराबर है हम परती के जनता को विश्वास लेने और देने आए हैं कि अभी हमारा हाथ पत्थर के नीचे है क्योंकि सरकार हमारा नहीं है।

## संक्षिप्त खबरें

### एफआईएच महिला हॉकी ओलंपिक 2024 की तैयारी शुरू

**रांची** । रांची में दूसरा अंतर्राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता एफआईएच महिला हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर 2024, रांची की तैयारी जोरो पर है। इस प्रतियोगिता में भारत सहित कुल 08 देश इटली, चीली, जापान,चेक रिपब्लिक,जर्मनी और यूनाइटेड स्टेट्स अमेरिका की टीम भाग लेगी। यह प्रतियोगिता अगले महीना यानी नए वर्ष के पहले माह जनवरी में 13से19जनवरी 2024 को मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम मोराबादी रांची में आयोजित किए जाएंगे। जिसका पोस्टर वैगरह भी बनकर तैयार है। इस प्रतियोगिता से कुल तीन देश की टीम जुलाई 2024 में होने वाली पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेंगी।

### हज 2024 के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू, अंतिम तिथि 20 दिसंबर तक

**रांची**। सोमवार को हज 2024 के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। आगामी हज यात्रा पर जाने के इच्छुक यात्री अपना आवेदन 04 दिसंबर 2023 से 20 दिसंबर 2023 तक हज कमिटी ऑफ इंडिया के वेबसाइट http:// hajcom-mittee.gov.in पर या एंड्रॉईड मोबाईल ऐप "Haj Suvidha" के माध्यम से ऑनलाइन कर सकते हैं। इस संबंध में झारखंड राज्य है समिति के कार्यपालक पदाधिकारी ने सूचना जारी की है।

**31 जनवरी 2025 तक वैध होना चाहिए पासपोर्ट:** यह भी बताया गया है कि ऑनलाइन हज आवेदन भरने से पूर्व हज गाइडलाइंस में दिए गए सभी दिशा निर्देश का पालन किया जाना आवश्यक है। आवेदन करने के लिये भारतीय अंतर्राष्ट्रीय पासपोर्ट, आवेदन के अंतिम तिथि से पहले जारी किया गया और -31 जनवरी 2025 तक वैध होना चाहिए।

# झारखण्ड राज्य में कश्मीरी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम 14 दिसंबर से

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची**। उप-विकास आयुक्त रांची, दिनेश कुमार द्वारा को विकास भवन रांची के अपने कार्यालय कक्ष में झारखण्ड राज्य में कश्मीरी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम (14 दिसंबर से 19 दिसंबर 2023) के आयोजन सम्बन्धी बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप निदेशक नेहरू युवा केंद्र रांची, सर्वेंद्र प्रताप सिंह, जिला खेल पदाधिकारी रांची, शिवेंद्र कुमार सिंह, रजिस्टार, वाई. बी. एन. विश्वविद्यालय, डॉ. कमलकांत पात्रा, एन. एस. एन्ड प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर वाई. बी. एन. विश्वविद्यालय, कौशल किशोर एवं सहायक प्रोफेसर वाई. बी. एन. विश्वविद्यालय, शांतनु, एन. एस. एन्ड प्रोग्राम ऑफिसर रांची विश्वविद्यालय, जय प्रकाश रजक, अध्यक्ष विवेकानंद युवा फाउंडेशन रांची, गौरव अग्रवाल, लेखा एवं कार्यक्रम सहायक नेहरू युवा केंद्र रांची, गौरव चूघ एवं सभी सम्बंधित अधिकारी उपस्थित थे। दिनेश कुमार यादव ने कश्मीरी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के आयोजन की पूरी रूप-रेखा की जानकारी ली। जिस पर उप निदेशक नेहरू युवा केंद्र रांची द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया की कश्मीर के कुल-06 जिला-श्रीनगर, बड़गाम, अनंतनाग, पुलवामा, बरामुला के कुल-132 प्रतिभागी 15-22 आयु वर्ष के युवा इसमें शामिल हो रहें है, जिन्हें, झारखण्ड की संस्कृति विरासत एवं खानपान, रहन-सहन को समझने तथा कश्मीरी संस्कृति के संबंध में युवाओं से चर्चा परिचर्चा की जाएगी। जिस पर उप-विकास आयुक्त रांची ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सम्बंधित सभी अधिकारी, पदाधिकारी, कार्यक्रम से जुड़े सभी अधिकारी को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। आपको जानकारी हो की नेहरु युवा केंद्र संगठन झारखण्ड रांची (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत



सरकार) द्वारा एवं गृह मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से कश्मीरी युवा आदान प्रदान कार्यक्रम के आयोजन का दायित्व नेहरु युवा केंद्र, रांची को दिया गया है।यह राज्य स्तरीय आयोजन है, जिसमे जम्मू एवं कश्मीर के अनंतनाग, कुपवाड़ा, बारामूला, बडगाम, श्रीनगर, पुलवामा जिले के 20-20 प्रतिभागी कुल 120 प्रतिभागी एवं 12 ग्रुप लीडर के साथ कुल 132 प्रतिभागी झारखण्ड प्रदेश में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे, कार्यक्रम 14 से 19 दिसम्बर 2023 तक निर्धारित है। कार्यक्रम का आयोजन वाई.बी.एन. विश्वविद्यालय, नामकुम के ऑडिटोरियम में वाई.बी.एन. विश्वविद्यालय के सहयोग से होगा, भोजन एवं आवासीय व्यवस्था विश्वविद्यालय कैंपस के छात्रावास में सुनिश्चित की गयी है। कार्यक्रम के आयोजन हेतु युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार की गाइडलाइन्स के अनुरूप कार्यक्रम के माध्यम से कश्मीर वैली के युवाओ को एकता अखंडता एवं लोगो के लिए शांति हेतु प्रयासों से अवगत कराना है, साथ ही इस कार्यक्रम के माध्यम से देश के विभिन्न स्थानों की सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक स्थलों, उद्योगीकरण, धार्मिक एवं शैक्षणिक स्थलों के बारे में भ्रमण का अवसर भी प्रदान इस कार्यक्रम के माध्यम से किया जाएगा । कश्मीरी प्रतिभागियों को भारतीय संविधान के प्रति समझ और भारतीय नागरिक के कर्तव्य एवं जिम्मेदारी के साथ राष्ट्रीय एकता, राष्ट्रीयता के साथ राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका से अवगत कराते हुए एक दुसरे राज्यों के सामाजिक- सांस्कृतिक,धार्मिक-राजनितिक, आर्थिक, पर्यावरणीय परिस्तिथियों की समझ विकसित करने हेतु विभिन्न सत्रों में विषय विशेषज्ञों के साथ चर्चा-परिचर्चा, सेमिनार के द्वारा कार्यक्रम कराया जाएगा।इस कार्यक्रम में पर्यटन की समरुपता आदि विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया जाएगा, साथ ही विभिन्न दार्शनिक स्थलों, पर्यटक स्थल घूम कर एक-दूसरे के संस्कृति का आदान-प्रदान किया जाएगा।

## बर्लिन अस्पताल में ईडी का छापा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**रांची**। मंगलवार को (ईडी) प्रवर्तन निदेशालय ने झारखंड के गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार की पत्नी प्रीति के नाम खरीदी गई जमीन से संबंधित ब्योरा मांगा था। बरियातू थाना क्षेत्र स्थित इस जमीन पर वर्तमान में बर्लिन हॉस्पिटल भी चल रहा है. ईडी ने इस सिलसिले में बड़गाईं अंचल के अंचलाधिकारी से रिपोर्ट मांगी थी। बड़गाईं अंचल की जमीन से संबंधित दस्तावेज में जालसाजी कर खरीद बिक्री की जांच के दौरान ईडी को इस बात की जानकारी मिली थी। खाता नंबर 54 के प्लॉट नंबर 2711 की जमीन प्रीति कुमारी के नाम पर खरीदी गई है। अंचल कार्यालय में हुई जालसाजी के मद्देनजर इस जमीन से संबंधित दस्तावेज और खतियान में दर्ज ब्योरों के अनुसार मालिकों का पूरा डीटेल मांगा था। जिसे सीओ ने ईडी को उपलब्ध करा दिया था। ईडी को बड़गाईं अंचल के निलंबित कर्मचारी रहे और अभी जेल में बंद भानु प्रताप के ठिकानों से जब्त दस्तावेज में भी प्रीति के नाम से खरीदी गई जमीन के कागजात मिले थे। बताया जा रहा है कि इस जमीन की कीमत लगभग तीन करोड़ रुपए से अधिक यह जमीन अलग-अलग तारीखों पर खरीदी गई है। इसमें अलग-अलग डीड का जिक्र है, जिसमें महिला ने यह जिक्र नहीं किया है कि उनके पति क्या करते हैं। बताया गया है कि उन्होंने अपनी व्यक्तिगत आय से यह जमीन खरीदी है। जो दस्तावेज सामने आए हैं, उसके अनुसार अक्टूबर 2004 में 84,254 रुपए, 2005 में 5.50 लाख, 2010 में 3.71 लाख, 2014 में 1.04 करोड़ और दिसंबर 2021 मे 1.71 करोड़ रुपए में जमीन खरीदी गई है। अब ईडी इस संबंध में आय और व्यय का हिसाब खंगाल रही है।

## झाप्रसे के दो अधिकारियों को मिली निंदन की सजा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : राज्य सरकार ने झारखंड प्रशासनिक सेवा (झाप्रसे) के दो पदाधिकारियों को अलग-अलग मामले में निंदन की सजा दी है। तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी, बरवाडीह, लातेहार राकेश सहाय को चेतावनी देते हुए को निंदन की सजा दी है। उनके खिलाफ मनरेगा योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही, अनियमितता सहित कई आरोप लगे थे। उपायुक्त ने फरवरी में उनके खिलाफ कार्रवाई की अनुशंसा की थी। रिजेक्टेड ट्रांजेक्शन, डीले पेमेंट सहित अन्य आरोप लगे थे। मामले की जांच के दौरान सभी आरोप पूरी तरह से प्रमाणित नहीं पाये जाने के बाद अब सरकार की स्तर पर उन्हें सिर्फ निंदन का दंड देकर छोड़ दिया गया। इसी तरह तत्कालीन अंचल अधिकारी, मधुपुर परमेश्वर कुशवाहा को भी निंदन की सजा दी गयी है। उनके खिलाफ देवघर के उपायुक्त ने फरवरी में दाखिल-खारिज के काम में गड़बड़ी, ऑनलाइन लगान भुगतान कार्य में लापरवाही-उदासीनता इत्यादि आरोप लगाए थे। पूरे मामले में दो बार स्पष्टीकरण हुआ। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

## समाज की सेवा करने वाले लोगों के लिए एक सशक्त प्लेटफार्म आजसू पार्टी : सुदेश महतो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि निस्वार्थ भाव से समाज की सेवा करने वाले लोगों के लिए एक सशक्त प्लेटफार्म आजसू पार्टी है। पार्टी की सोच से प्रभावित होकर हर वर्ग के लोग हमारे साथ जुड़ रहे हैं। यह राज्य की राजनीति के लिए शुभ संकेत है। उनके जीवन के अनुभव और उनके द्वारा किए गए कार्यों का लाभ आम जनता को भी मिलेगा।



वैसे लोग जो बिना किसी निजी अभिलाषा के सिर्फ राज्य की सेवा करना चाहते हैं उनके लिए पार्टी का लीडरशिप और संगठन एक सशक्त माध्यम बनेगा। सुदेश कुमार महतो मंगलवार को आवासीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर पूर्व मुख्य जिला न्यायाधीश मृत्युंजय महतो और अधिवक्ता राजीव रंजन ठाकुर ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

मृत्युंजय महतो ने कहा कि वैसे तो झारखंड नाम के कई राजनीतिक दल हैं लेकिन वास्तविकता में झारखंडियों के लिए काम करने वाली इकलौती आजसू पार्टी है। सुदेश महतो जिस प्रतिबद्धता के साथ राज्य और राज्यवासियों की सेवा कर रहे हैं तथा राज्य के विकास के प्रति इनके विजन से प्रभावित होकर आज पार्टी में शामिल हो रहा हूं।

## आपकी योजना-आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में पहुंचे जरूरतमंद लोग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची**। आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत् रांची नगर निगम द्वारा निगम क्षेत्रांतर्गत वार्ड नं 17 तथा वार्ड नं 18 में शिविर का अयोजन किया गया। जिसमे निगम द्वारा प्रदत्त सेवाओं के लिए आवेदन लिया गया तथा शिकायतों का ऑन स्पॉट निबटारा किया गया। आज निगम स्तर से दोनो शिविर में कुल मिलाकर आवेदनों का निबटारा ऑन स्पॉट किया गया। इसके अलावा दोनो वार्ड में जरूरतमंदों के बीच कुल 2 सौ से अधिक जरूरत मंदों के बीच कंबल का वितरण भी किया गया। इस मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के पदाधिकारी गण भी वार्डो में जाकर निरीक्षण किया। किस तरह से सरकारी अधिकारी कम कर रहे हैं लोगों से मिल रहे हैं उनकी जरूरत की पूर्ति हो रही है या नहीं हो रही है । झारखंड मुक्ति मोर्चा के रांची महानगर के पूर्व प्रवक्ता जितेंद्र गुप्ता ने भी जरूरतमंदों के बीच उनसे बात की और सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। मौके पर नगर निगम के सहायक लोक चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर किरण, सिटी मैनेजर रुपेश सहित झामुमो के रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम, उपाध्यक्ष अश्वनी शर्मा , झारखंड मुक्ति मोर्चा रांची महानगर के पूर्व प्रवक्ता जीत गुप्ता,शोभवेत मांझी, परवेज आलम, झारखंड मुक्ति मोर्चा युवा मोर्चा के पूर्व उपाध्यक्ष अजीत नायक कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## राज्य में अपराधी बेखौफ जेल में बंद कैदी भी सुरक्षित नहीं : प्रदीप

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा ने मंगलवार को राज्य के जेलों में बद इंतजामी के लिए झामुमो की अगवाई वाली गठबंधन सरकार पर सवाल करते हुए कहा कि पूरे राज्य में असुरक्षा का माहौल है तथा सरकार का ढीला रवैया अपराधियों पर लगाम लगाने में असफल रहा है। उन्होंने कहा कि रांची और धनबाद जेल की घटना यह बताने के लिए काफी है कि जेल के अधिकारियों की मिली भगत से रसूखदार बंदियों को गैरवाजिब सुविधा भी मुहैया कराई जाती है तथा घातक हथियार भी जेल परिसर के भीतर पहुंचा दिए जाते हैं। सिन्हा ने कहा कि जेल के भीतर बंद अपराधी बेखौफ होकर मोबाइल फोन का उपयोग कर व्यापारियों एवं आम जनों को धमका कर पैसे वसूलते हैं। इस बात की पुख्ता जानकारी होने के बाद भी राज्य के जिलों में जैमर लगाने में सरकार की उदासीनता का खामियाजा आम जनों एवं व्यापारियों को भुगतना पड़ रहा है। रोज-रोज की धमकी पैसा उगाही से परेशान होकर धनबाद के लोगों ने सड़क पर उतारकर प्रशासन एवं सरकार के खिलाफ अपना रोष प्रकट किया परंतु सरकार अपराधियों के सामने लाचार एवं बेबस दिखाई दे रही है ।

भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि पूरा राज्य अपराध पर अंकुश लगाने में सरकार की नाकामी का भुक्तभोगी है उग्रवादी आए दिन ठेकेदारों को लेवी देने के लिए मजबूर कर रहे हैं। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो एनसीआरबी के आंकड़े यह बताने के लिए काफी है कि राज्य की महिलाएं असुरक्षित है महिला उत्पीड़न, दहेज प्रताड़ना, दहेज हत्या की बढ़ती संख्या चिंता का विषय है। अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति की महिलाओं के खिलाफ अत्याचार दुराचार की घटनाओं में वृद्धि के कारण महिला सुरक्षा का मुद्दा अति महत्वपूर्ण है पर सरकार के स्तर पर प्रभावी कदम नहीं उठाए जाने के कारण राज्य की छवि पर बुरा असर पड़ रहा है।

## हमारी सांस्कृतिक धरोहर स्वर्णरेखा नदी को बचाया जाए : संजय सेठ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची**। स्वर्णरेखा नदी के प्रदूषित होने और उसे स्वच्छ करने का मामला सांसद संजय सेठ ने शून्य काल के दौरान लोकसभा में उठाया। सांसद ने कहा कि मेरे लोकसभा क्षेत्र के नगड़ी नामक स्थान से नदी स्वर्णरेखा निकलती है। जो रांची शहर से होकर गुजरती हुई जमशेदपुर होते हुए सीधे बंगाल की खाड़ी में गिरती है। 474 किलोमीटर लंबी इस नदी को झारखंड की लाईफलाइन भी कहा जाता है। सांसद सेठ ने कहा कि झारखंड की प्राचीन संस्कृति में इस नदी का सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व है। रांची में चुटिया नामक स्थान में स्वर्णरेखा नदी एक सहायक नदी हरमू से आकर मिलती है। इस संगम पर करीब 500 वर्ष पुराने नागवंशीकालीन 21 शिवलिंग नदी के चट्टानों में उत्कीर्ण है। कभी नागवंशी राजाओं की रांची रही चुटिया में यह सांस्कृतिक अवशेष एक जीवंत और धनाढ्य संस्कृति की कहानी कहती है। सेठ ने कहा कि गैर योजना से तेजी से बढ़ते शहरीकरण ने इसकी सहायक नदी हरमू को एक नाले में बदल कर रख दिया। नदियों के किनारे अतिक्रमण और शहर भी के सीवरेज सिस्टम का गंदा पानी अब स्वर्णरेखा भी तेजी से प्रदूषित हो रही है। दिल्ली की यमुना नदी से भी खराब स्थिति इसकी हो चुकी है। इन दोनों नदियों के संगम स्थल के बाद से स्वर्णरेखा बिल्कुल काली पड़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि आज से 10-15 साल पूर्व तक हजारों की संख्या में छठव्रती अर्घ्य देते थे, वहीं कार्तिक पूर्णिमा में यहां आयोजित मेले में स्नान और दरिद्रनाराण भोजन करने दूर दूर से लोग आते थे। हरेक घर से एक एक मुट्ठी चावल और दाल लेकर प्रसाद बनाया जाता था, जो सामाजिक समरसता का अनुपम उदाहरण था। लेकिन नदी के प्रदूषित होने के कारण लोगों ने इस नदी से खुद को दूर कर लिया, अब छठ और कार्तिक पूर्णिमा दोनों में श्रद्धालुओं की संख्या काफी कम हो गई है। नदी की चट्टानों में उत्कीर्ण 21 शिवलिंग भी तेजी से क्षरण हो रहे हैं।

## ब्राइट फॉर फ्यूचर ने राहत प्रोजेक्ट के अंतर्गत 100 गरीबों को कंबल दिया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची**। सोसाइटी फॉर ब्राइट फ्यूचर ने इदरीसिया तंजीम स्कूल में अति गरीब लोगों को ठंड से बचने और राहत पहुंचाने के उद्देश्य से राहत प्रोजेक्ट के अंतर्गत 100 गरीबों को कंबल दिया। एसबीएफ के राज्य संयोजक सोहैल अख्तर ने कहा कि एसबीफ प्राकृतिक आपदा या गैर प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए भारत के विभिन्न राज्यों में के कई स्थानों पर जन जागरूकता अभियान , प्राकृतिक आपदा जैसे बाढ़, भूकम्प आदि में लोगो की मदद करता रहा है। अभियान के तहत रक्तदान शिविर, यातायात नियम प्रशिक्षण शिविर भी आयोजित करता है। उन्होंने आगे कहा कि अगर समाज के अमीर और संपन्न लोग एसबीएफ को अपना सहयोग दे तो 100 कंबल की जगह 1000 कंबल बांटने का लक्ष्य है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में इदरिसिया तंजीम स्कूल के सेक्रेटरी हाजी उमर, स्कूल की प्राचार्य नाजिया, स्कूल के शिक्षक गण, आम जनता हेल्पलाइन के अध्यक्ष एजाज़ गद्दी, एसआई ओ के नय्यर रहमान, के साथ ही जमाअत ए इस्लामी रांची के अमीर मुकामी मतलूब अहमद सदस्य ज़ियाउल इस्लाम की निगरानी में हुआ।

## रांची पुलिस ने तीन चोरों को गाजियाबाद से किया गिरफ्तार

**रांची**। रांची पुलिस ने तीन चोरों को यूपी के गाजियाबाद से गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि गिरफ्तार चोरों में नदीम, ताहिर और जावेद शामिल हैं। बीते दिनों डोरंडा थाना क्षेत्र के इलाके में एक फ्लैट से लाखों के गहने और नगदी की हुई चोरी के मामले में इन चोरों को गिरफ्तार किया गया है। सूचना है कि पुलिस ने इनके पास से 43 लाख से ज्यादा के आभूषणों को भी बरामद किया है। पुलिस ने उस कार को भी बरामद किया है, जिससे घटना के बाद सभी अपराधी रांची से गाजियाबाद भागे थे। फिलहाल पुलिस उन्हें वापस रांची ला रही है।

## राज्यपाल से विहिप ने गढ़वा में कब्रिस्तान के ऊपर फ्लाईओवर बनाने के प्रस्ताव को निरस्त कराने का किया आग्रह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : विश्व हिंदू परिषद के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की। इस दौरान गढवा बाईपास (राष्ट्रीय राजमार्ग-75) अन्तर्गत अचला नावाडीह स्थित सरकारी गैरमजरुआ भूमि खाता संख्या 114, प्लॉट संख्या 139, रकबा 0.69 एकड़ अवैध अतिक्रमित भूमि पर स्थित कब्रिस्तान के ऊपर से निविदा-प्रपत्र की शर्तो से अलग बनने वाले प्रस्तावित फ्लाईओवर को असंवैधानिक बताया। साथ ही निर्माण पर अनावश्यक रूप से जनता की गाड़ी कमाई व सरकार के खजाने से करोड़ों रुपये लुटाने से झारखंड को बचाने का आग्रह किया।

प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई कर रहे प्रांत मंत्री डॉ बिरेन्द्र साहू ने राज्यपाल से कहा कि सड़क निर्माण के निमित्त 6 मार्च, 2019 को गढ़वा अंचल अधिकारी ने इस भूमि से अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया था। इसके बाद सरकारी जमीन को उपायुक्त ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को नियमानुसार मुफ्त हस्तांतरित कर दिया। इस आलोक में मुस्लिम समुदाय के लोगों के द्वारा उच्च न्यायालय झारखंड में वाद दायर किया गया।

न्यायालय ने मुस्लिम समुदाय के द्वारा सबूत नहीं उपलब्ध कराने के कारण दिसम्बर 2020 में वाद को निरस्त कर दिया। कार्य को पूर्ण करने के लिए फ्लाईओवर बनाने का प्रस्ताव आया था परंतु 12 दिसंबर, 2022 को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग के मुख्यालय दिल्ली द्वारा इसे अस्वीकार कर दिये जाने पर 13 दिसंबर, 2022 को क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा उपायुक्त, गढ़वा को अतिक्रमित भूमि पर भौतिक कब्जा प्रदान करने का अनुरोध किया गया। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए 22 दिसंबर को उपायुक्त, गढ़वा के जिला गोपनीय शाखा के द्वारा भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने का आदेश भी जारी किया था लेकिन सरकार के तुष्टिकरण नीति के तहत मुसलमानों को खुश करने के दबाव में इसे अतिक्रमण मुक्त नहीं किया गया। साथ ही 27 जून को अतिक्रमित कब्रिस्तान के ऊपर से फ्लाईओवर निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई।

डॉ बिरेंद्र साहू ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण के मध्य किसी प्रकार का मंदिर अथवा हिंदू के धरोहर का स्थानांतरण स्थानीय लोगों के सहमति अथवा प्रशासन के दबाव से होता रहा है।

## झारखंड में होगी नफरत के खिलाफ प्रेम पदयात्रा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची**। आठ दिसंबर से 12 दिसंबर तक झारखंड में होगी नफरत के खिलाफ ढाई आखर प्रेम पदयात्रा। यह यात्रा समाज में फैल रही नफरत को मिटाने के लिये एक सांस्कृतिक पैदल यात्रा समता, बंधुता और एकता के नाम निकाली जा रही है। जिसका नाम ढाई आखर प्रेम है। इसकी जानकारी पत्रकारों को संबोधित करते हुए (इप्टा) भारतीय जन नाट्य संघ रांची जिला अध्यक्ष पंकज मित्र ने दी । उन्होंने बताया कि यह पदयात्रा राजस्थान से भगत सिंह के जयंती 28 सितंबर 2023 से शुरू हो चुकी है। यह यात्रा गांधी के शहादत की तारीख 30 जनवरी को दिल्ली में खत्म होगी। बता दें कि राजस्थान, बिहार, पजाब, उत्तराखंड, ओडिशा, जम्मू, उत्तर प्रदेश और कर्नाटक से होते हुए यह यात्रा 8 दिसबर से 12 दिसंबर तक झारखंड में होगी। यह यात्रा विभूतिभूषण बंद्योपाध्याय की कर्मभूमि घाटशिला से इस्पात नगरी जमशेदपुर तक होगी। ढाई आखर प्रेम कबीर का संदेश है, भगत सिंह, बिरसा मुंडा, सिदो-कानू मुर्मू और गांधी का संदेश हैं, रैदास का संदेश है. ढाई आखर प्रेम संदेश है



भाईचारा का, एकता का, बंधुत्व का, गंगा जमुनी तहजीब का। नफरत और सांप्रदायिकता का जवाब है ढाई आखर प्रेम. यह सांस्कृतिक यात्रा उत्सव है लोक परंपरा का। जिसके लिए झारखंड प्रसिद्ध है। बुधु भगत, बिरसा मुंडा, सिदो-कानू, शेख भिखारी, पंडित रघुनाथ मुर्मू जैसे वीरों- समाज सुधारकों की विरासत को आगे बढ़ाने का उत्सव है। आदिकाल से बहने वाली प्रेम की यह अविरल धारा मीरा, नानक, रैदास, खुसरो, रहीमन, रसखान से गुजरते हुए कबीर के दोहे ÷ढाई आखर प्रेम का पढे से पंडित होय में मुखरित हो उठती है। स्थानीय लोककला से जुड़े कलाकारों के साथ संवाद होगा। हथकरघा से बनी चीजें लोगों के बीच ले जायी जायेंगी।इस यात्रा को इप्टा, प्रगतिशील लेखक संघ, जनवादी लेखक संघ, जन संस्कृति मंच और अन्य सांस्कृतिक संगठनों का समर्थन हासिल है। आठ से 12 दिसंबर तक घाटशिला से जमशेदपुर के बीच के इस राष्ट्रीय सांस्कृतिक जत्था में सहभागी बनने के लिए आपका स्वागत हैं। यह आयोजक ढाई आखर प्रेम पदयात्रा आयोजन समिति, झारखंड द्वारा किया गया इस मौके पर झारखंड इप्टा के वरीष्ठ रंगकर्मी श्यामल मलिक, रांची जिला अध्यक्ष पंकज मित्र, जलेस के राज्य सचिव एम जेड खान, सदस्य प्रवीण परिमल, रांची जिला इप्टा उपाध्यक्ष परवेज कुरैशी उपस्थित थे।

## दो दिवसीय रांची जिला बालक बालिका मलखंभ प्रतियोगिता का हुआ समापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : मंगलवार को वाइड ग्लोब एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड एव रांची जिला मलखंभ संघ के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय स्व विश्वामित्र पांडेय मेमोरियल मलखंभ प्रतियोगिता का समापन आज झारखंड मलखंभ एकेडमी, बंगीय सांस्कृतिक परिषद विद्यालय सेक्टर 02 धुर्वा में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रतियोगिता का समापन मुख्य अथिति वाइड ग्लोब

**सैंकड़ो बालक बालिकाओ ने लिया इस प्रतियोगिता में भाग**

एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक कौशल कुमार पांडेय , समाजसेवी मुकेश सिंह, झारखंड राज्य मलखंभ संघ के सचिव अजय झा, भारतीय जनता युवा मोर्चा कला एवं खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर के संयोजक आशुतोष द्विवेदी, रांची विश्विद्यालय एन एस एस के स्वंसेवक शुभम चौधरी आदि ने संयुक्त रूप से विजेता खिलाडियों को ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।यह जानकारी रांची जिला मलखंभ संघ के सचिव आशुतोष द्विवेदी ने दी।

## टाटा मोटर्स ने शुरू की प्राइमा वीएक्स टिपर ट्रक की डिलीवरी



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत में व्यावसायिक वाहनों के सबसे बड़े निर्माता टाटा मोटर्स ने अपने अत्याधुनिक टाटा प्राइमा वीएक्स टिपर ट्रक की डिलीवरी शुरू कर दी है। इस ट्रक में सबसे बेहतरीन सुरक्षा खूबियां दी गई हैं। ये टिपर ट्रक उच्च उत्पादकता के लिहाज से डिजाइन किए गए हैं। डाइवर और वाहन की सुरक्षा के लिए यह बेहतरीन सुविधाओं और फीचर्स के साथ मिलते हैं। अब प्राइमा रेंज की गाड़ियां ग्राहकों की अलग-अलग जरूरतों को पूरा करने के लिए एलएक्स और वीएक्स ट्रिम्स में उपलब्ध हैं। टाटा मोटर्स ने अपने पहले टाटा प्राइमा 2830. टीकेवीएक्स की चाबियां अरायाही इंफ्रा के नितिन चक्रवर्ती सज्जा को सौंपी। इस संबंध में टाटा मोटर्स के वाइस प्रेसिडेंट और बिजनेस हेड ट्रक्स राजेश कौल ने इस घोषणा पर टिप्पणी करते हुए कहा कि हम प्राइमा वीएक्स वैरिएंट को लॉन्च करके काफी उत्साहित हैं, जिसने सुरक्षा, उत्पादकता और ड्राइवरों की सुरक्षा के लिहाज से इंडस्ट्री में नए मानक स्थापित किये हैं। अपने उपभोक्ताओं की जरूरतों को समझते हुए, प्राइमा वीएक्स उद्योग में पहली बार ऐसी खूबियों की पेशकश कर रहे हैं जो कि ग्राहकों को पूरा मानसिक सुकून देती हैं।

## भाजपा की जीत पर रवि शंकर सिंह ने बांटा लड्डू



**घाटशिला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ मे भाजपा की ऐतिहासिक जीत की खुशी मे झारखण्ड प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सह समाजसेवी भरत सिंह के निर्देशानुसार मंगलवार को भरत सिंह वेलफेयर ट्रस्ट कार्यालय हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर राहगीरों के बीच लड्डू वितरण किया गया। ऐतिहासिक जीत की खुशी मनाते हुए भाजपा नेता रविशंकर सिंह ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी नड्डा एवं अमित साह के नेतृत्व मे तीनो राज्यों मे भाजपा की प्रचंड जीत हुई। इस मौके पर ब्रजेश सिंह, अजय कुमार सिंह, अनिल ओझा, परमेश्वर साहू, मानिक बारीक़, मिश्रा, अमरजीत सिंह एवं कई स्थानीय उपस्थित रहे।

## साइकिल से कई राज्यों का भ्रमण कर वापस लौटे शंकर राव का गम्हरिया में हुआ भव्य स्वागत



**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोगों में प्रेम एवं भाईचारे का संदेश देने के उद्देश्य से साइकिल से कई राज्यों के भ्रमण पर निकले आदित्यपुर के वार्ड 11 निवासी बी शंकर राव का वापसी के क्रम में गम्हरिया लाल बिल्डिंग चौक पर भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता फुलकान्त झा के नेतृत्व में उनको माला पहनाकर स्वागत करते हुए शुभकामना दी गई। शंकर राव ने बताया कि इंसान पहले एक इंसान है फिर, हिन्दू, मुस्लिम, सिख या ईसाइ कोई मजहब है। देश की एकता और अखंडता को बचाना हमारा दायित्व है। किंतु, विगत कुछ वर्षो से एकता विखंडित हो रही है। इसलिए लोगों के दिलों में प्यार भरने के उद्देश्य से यह साइकिल यात्रा शुरू की गई जो झारखंड के अलावा बंगाल, असम, शिलौंग, मेघालय, मणिपुर, नागालैंड के दीयापुर तक जाकर सम्पन्न होगी। इस मौके पर राजू रजक, अखिलेश तिवारी, जय प्रकाश गुप्ता, देवेश मुखर्जी, प्रदीप मंडल समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## मजदूरी कर बाइक से घर लौट रहे युवक टेंपो के धक्के से घायल

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बोड़ाम थाना क्षेत्र अंतर्गत बोंटा पंचायत मंडप के समीप मंगलवार की शाम करीब 6 बजे हुई सड़क दुघर्टना में एक युवक घायल हो गया। बोड़ाम के डांगडूंग निवासी करीब 29 वर्षीय शंभू मांडी तामोलिया से मजदूरी कर बाइक से अपने घर लौट रहा था कि टाटा -पटमदा मुख्य सड़क पर एक अज्ञात टेंपो ने गलत दिशा में आकर उसकी बाइक को धक्का मार दिया जिससे वह घटनास्थल पर ही गिर गया। सूचना पाकर पहुंचे कुटिमाकुली निवासी समाजसेवी उमेश चंद्र महतो ने उसकी मदद करते हुए बेहतर इलाज हेतु एक वाहन से एमजीएम अस्पताल भेज दिया।

## सैमको म्यूचुअल फंड ने डायनेमिक एसेट एलोकेशन फंड लॉन्च किया

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रतिष्ठित निवेश प्रबंधन फर्म, सैमको एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड ने डायनेमिक एसेट एलोकेशन फंड को लॉन्च किया है। यह अनूठा फंड निवेशकों को आज के गतिशील बाजार परिवेश में स्थिरता, विकास क्षमता और नकारात्मक पक्ष से सुरक्षा का विशिष्ट मिश्रण प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। सैमको एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य निवेश अधिकारी उमेश कुमार मेहता ने कहा, सैमको म्यूचुअल फंड को डायनेमिक एसेट एलोकेशन फंड पेश करने पर गर्व है। यह भारत के निवेशकों की चिंताओं को दूर करने और जरूरतों को पूरा करने की हमारी प्रतिबद्धता का परिणाम है। डीएएएफ के साथ, हम ऐसा बेजोड़ समाधान प्रदान कर रहे हैं जो ड्रॉडाउन को कम करने के प्रयास के साथ अच्छे रिटर्न की क्षमता को बढ़ाता है। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए सैमको एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, विराज गांधी ने कहा, सैमको म्यूचुअल फंड में, हम नवोन्वेषी और मजबूत वित्तीय समाधानों के साथ निवेशकों को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता से प्रेरित हैं।

### डीआरएम खुद ड्राईवर बन निकले चक्रधरपुर रेलवे कॉलोनी का निरीक्षण करने

# कॉलोनी व क्वार्टर को सुधारने का दिया सख्त निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** डीआरएम एजे राठौड़ ने चक्रधरपुर के विभिन्न रेलवे कॉलोनी का औचक निरिक्षण कर सबको चौका दिया। डीआरएम ने क्वार्टर से लेकर रेलवे कॉलोनी के व्यवस्थाओं की जांच की। जहाँ भी गड़बड़ी नजर आई वहां सम्बंधित अधिकारी को दिशा निर्देश जारी कर स्थिति को सुधारने का सख्त निर्देश दिया। सुबह दस बजे अचानक रेल डीआरएम ए जे राठौड़ अपनी कार में बैठे और पीछे ईस्ट और वेस्ट के आईओ डब्ल्यू सहित अन्य कर्मचारियों को बैठा लिया। डीआरएम खुद ड्राईवर बन गए और चक्रधरपुर के रेलवे कॉलोनी जैसे आरई कॉलोनी, ईस्ट कॉलोनी, पोर्टर खोली, लोको कॉलोनी, अकाउंट्स कॉलोनी, इतवारी बाज़ार आदि ईलाकों का मैराथन निरीक्षण दौरा किया। डीआरएम के द्वारा रेलवे के घेराबंदी से लेकर रेलवे कॉलोनी के सुरक्षा व्यवस्था, जल निकासी के लिए बनाये गए नालियां आदि की जांच की गयी। वहीं रेलवे क्वार्टरों की स्थिति की भी जानकारी ली गयी। यही नहीं डीआरएम ने कई क्वार्टरों में घुसकर क्वार्टर की स्थिति का भौतिक जायजा लिया। उन्होंने उन घरों की भी जांच की जिन क्वार्टरों का हाल ही में जीर्णोद्धार किया गया था। जहाँ भी कार्य में



गड़बड़ी पाई गयी उन्होंने सम्बंधित अधिकारी को जमकर फटकार लगायी और जल्द से जल्द व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दिया। क्वार्टर में रहने वाले रेलकर्मी और उनके परिजनों से भी स्थिति की जानकारी ली गयी। इस दौरान कई जगहों में बड़ी बड़ी झाड़ियों को देख डीआरएम नाराज हुए और पुरे रेल कॉलोनी की सफाई नियमित रूप से करने का आदेश जारी किया। पांच घंटे तक लगातार डीआरएम ने रेलवे कॉलोनी से लेकर क्वार्टरों का निरीक्षण किया। डीआरएम ने कॉलोनी के सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कॉलोनी को चहारदीवारी निर्माण कर सुरक्षित बनाने का निर्देश दिया है, जिसको लेकर इंजीनियरिंग विभाग द्वारा एक डीपीआर तैयार किया जायेगा। डीआरएम के द्वारा हुए इस औचक निरीक्षण से इंजीनियरिंग के उन अधिकारीयों के हाथ पांव फूल गए जो कॉलोनी और क्वार्टर के रखरखाव व सफाई में ध्यान नहीं देते थे। डीआरएम ने निरीक्षण के दौरान विभाग द्वारा की गयी कई अनियमितताओं को भी पकड़ा है। उम्मीद की जा रही है की डीआरएम जल्द ही कोई बड़ा एक्शन इंजीनियरिंग विभाग के उन अधिकारीयों पर ले सकते हैं जो रेलवे क्वार्टर और कॉलोनी के रखरखाव में कोताही बरत रहे हैं।

## मामा घर से अपने गांव के लिए निकला युवक हुआ लापता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** बोड़ाम प्रखंड के माधवपुर गांव निवासी रामपद महतो (19 पुत्र विजय महतो रविवार, 3 दिसंबर की शाम 5 बजे से लापता है। विजय पश्चिम बंगाल के कदमपुर स्थित अपने मामा घर से अकेले ही साइकिल पर माधवपुर स्थित अपने घर के लिए निकला था। देर शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की लेकिन कोई पता नहीं चला। रास्ते में खोजबीन के दौरान उसकी साइकिल बैस्टमडीह (पश्चिम बंगाल) गांव के पास लावारिश हालत में मिली। हालांकि साइकिल में किसी तरह का कोई निशान नहीं है और पूरी तरह से



सुरक्षित मिली है। दूसरे दिन सोमवार को रामपद महतो ने बराबाजार थाना में सनहा दर्ज कराई है। जानकारी मिलने पर 9929134043, 6296326287 और 9679185001 सूचना दे सकते है।

## सरायकेला के मुरुप पंचायत सचिवालय परिसर में लगा सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शिविर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** जिले के विभिन्न प्रखंड के पंचायतों एवं नगर निकाय क्षेत्र के वार्डों में तिथिवार आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम सरायकेला प्रखंड अंतर्गत मुरुप पंचायत सचिवालय परिसर पर भी शिविर का आयोजन मंगलवार को किया गया। शिविर में प्रखंड प्रमुख लक्ष्मी गागराई, उप प्रमुख वासुदेव महतो, विधायक प्रतिनिधि सुधीर महतो, कार्यपालक दंडाधिकारी सह प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी सत्येंद्र कुमार महतो,पंचायत की मुखिया, पंचायत समिति सदस्य एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। शिविर में विभिन्न विभागों के 19 स्टॉल लगाया गया जहां योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने के लिए ग्रामीणों से आवेदन लिए गए। शिविर में त्वरित कार्रवाई करते हुए लाभुकों को ऑन द स्पॉट विभिन्न प्रकार की सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया गया। मिली जानकारी अनुसार शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं से संबंधित 1897 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से त्वरित कार्रवाई करते हुए ऑन द स्पॉट 969 आवेदन स्वीकृत कर लाभुकों को लाभान्वित किया गया।

## वनराज स्टील में आयोजित निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में 150 ने कराया जांच



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** सोमवार को चांडिल प्रखंड स्थित वनराज स्टील प्राइवेट लिमिटेड की ओर से निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वनराज स्टील प्राइवेट लिमिटेड के एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट चंद्र भूषण शर्मा ने डॉक्टर को पुष्प गुच्छ देकर शिविर का उद्घाटन किया। नेत्र जांच शिविर में वनराज स्टील एवं आसपास गांव के 150 लोगों की निःशुल्क नेत्र जांच की गई। इनमें से 27 रोगियों लोगों को मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु उपयुक्त पाया गया है जिनका ऑपरेशन कंपनी ओर से निःशुल्क किया जायेगा। इस दौरान डॉ संजय कुमार मुंडा ने बताया कि समय-समय पर अपने आंखों की जांच करवानी चाहिए। मौके पर वीएसआईएल के जनरल मैनेजर आरके शर्मा, अरूण कुमार सोलंकी, अजय जायसवाल, किशोर राव व अन्य सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## राजनगर में आयोजित मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल आज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**राजनगर :** राजनगर प्रखंड कार्यालय के समीप दुर्गा मंडप मैदान में मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी डांगुर कोड़ाह, उप प्रमुख सुमना देवी एवं पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम एवं फुटबॉल का किक मारकर प्रतियोगिता का



शुभारंभ किया। मंगलवार को पुरुष वर्ग का खेल शाम तक चला अंधेरा होने के कारण अगले दिन के लिए स्थगित करना पड़ा। बुधवार को पुरुष एवं महिला वर्ग का फाइनल खेला जाएगा।

## आनन्दमार्ग व पीकेप के शिविर में 18 ओठ व तालु कटे रोगी मिले, ऑपरेशन कल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** आनन्दमार्ग स्कूल कांड्रा में ओठ व तालु कटे रोगियों के निःशुल्क ऑपरेशन हेतु जांच शिविर का आयोजन आनन्द मार्ग प्रचारक संघ, पीकेप और आपरेशन स्माइल के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। शिविर का उद्घाटन आनंदमार्ग प्रचारक संघ के आचार्य प्रीतिशानन्द अवधूत ने किया। इस शिविर में कुल 18 मरीजों की जांच की गई जिसमें 17 ओठ कटे और एक तालु कटे मरीज ऑपरेशन योग्य पाए गए। इन मरीजों का ऑपरेशन गुरुवार, सात दिसम्बर को स्माइल मिशन दुर्गापुर में किया जाएगा। शिविर के सफल आयोजन में आनंदमार्ग के भुक्ति प्रधान गोपाल बर्मन, सूर्य प्रकाश, जितेंद्र बर्मन, बसंत रामदेव, डॉ अपूर्व प्रवेश गोप आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## जाकिरनगर में मदरसा जियाईया दारुल किरात का उर्स 7 को, देश भर से इस्लाम के विद्वान करेंगे शिरकत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मदरसा जियाईया दारुल किरात में 23वाँ उर्स मुजव्विद ए आजम ए हिंद व जलसा ए दस्तारबंदी का आयोजन 7 दिसम्बर को होगा. ओल्ड पुरुलिया रोड, जाकिरनगर स्थित ख्वाजा गरीब नवाज कॉलोनी में आयोजित जलसा सह दस्तारबंदी के संबंध में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में मदरसा के संस्थापक कारी असलम रब्बानी जियाई ने बताया कि 7 दिसम्बर गुरुवार को 9 बजे सुबह कुरानख्वानी आरंभ होगी. 10 बजे सुबह से नमाजे जोहर तक तकरीर का प्रोग्राम होगा,



बाद नमाजे जोहर खुसूसी खिताब होगा, और इसके उपरांत 12 बच्चों की दस्तारबंदी की जायेगी. दिन में 2:40 बजे कुल शरीफ का आयोजन किया जायेगा. समारोह में 10 बजे सुबह जलसा का शुभारंभ कारी शम्स तबरेज़ जियाई द्वारा तिलाव-ए-कुरआन के साथ किया जाएगा। बड़बिल उड़ीसा से अल्लामा मुफ्ती अल्लाउद्दीन, अल्लामा मौलाना एनुल हक सीतामढ़ी, बिहार, अल्लामा मुफ्ती तौसिफ रजा मिरबाही,अल्लामा रौशन ज़मीर नूरी कोलकाता, मुफ्ती शहबाज़ आलम मिस्बाही नाज़िमे तालीमात जामिया अब्दुल्ला इब्ने मरउद कोलकाता, शायर ए इस्लाम जनाब जताब जामी, कोलकाता, कारी इम्तियाज आलम कारी इस्माईल संभलपुर, शायर ए इस्लाम सरफराज उल्फत, बुलबुल ए बाग ए मदीना आसिफ रजा सैफी संभलपुर, समेत कई अन्य मोकर्रिर और नातखां शामिल होंगे. संवाददाता सम्मेलन में मदरसा के अध्यक्ष हज़त कारी मो असलम रब्बानी जियाई, समाज सेवी अलहाज मो रज़ी नौशद साहब, आजादनगर थाना शांति समिति के सचिव मुख्तार आलम, मदरसा के सचिव जनाब सुहैल खान साहब आदि मौजूद थे।

## टाटा स्टील कलिंगानगर, मेरामंडली व जमशेदपुर वर्क्स को मिला वैल्यू इंजीनियरिंग पुरस्कार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील को इंडियन वैल्यू इंजीनियरिंग सोसाइटी (इन्वेस्ट) से तीन प्रतिष्ठित वैल्यू इंजीनियरिंग पुरस्कार प्राप्त हुए, जो निर्माण परियोजनाओं में इसके निरंतर प्रयास की मान्यता है। टाटा स्टील के इंजीनियरिंग एवं प्रोजेक्ट विभाग को ये पुरस्कार 1-2 दिसंबर को बेंगलुरु में आयोजित 39वें वार्षिक अंतर्राष्ट्रीय वैल्यू इंजीनियरिंग सम्मेलन के दौरान प्राप्त हुए। इसके साथ ही इंजीनियरिंग एवं प्रोजेक्ट विभाग को लगातार तीन वर्षों तक तकनीकी श्रेणी में पुरस्कार जीतने का गौरव प्राप्त हुआ है। मुथैया कासी पुरस्कार टाटा स्टील कलिंगानगर (टीएसके) में कोल्ड रोल्ड




(सीआर) डाउनस्ट्रीम प्रोसेसिंग फैसिलिटी की लॉजिस्टिक प्रणाली में सुधार पर वैल्यू स्टडी एवं टाटा स्टील मेरामंडली (टीएसएम) में जीरो एफ्लुएंट डिस्चार्ज (जेडईडी) प्लांट के पाइपलाइन पैकेज में कैपेक्स कटौती के लिए वीई अध्ययन के लिए केएसआरएम शास्त्री पुरस्कार और टाटा स्टील लिमिटेड, जमशेदपुर के लिए एक्सट्रूडेड ब्रिकेट प्लांट के मूल्य अध्ययन के लिए सर्वश्रेष्ठ तकनीकी पेपर पुरस्कार (तीसरा पुरस्कार) मिला है। सम्मेलन के उद्घाटन सत्र के दौरान चंद्र मोहन वर्मा, चीफ प्रोसेस इम्प्रूवमेंट एंड मटेरियल मैनेजमेंट को वैल्यू इंजीनियरिंग पर एक विशेषज्ञ वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया था। सत्र के दौरान देशभर के उद्योग जगत के दिग्गजों ने भाग लिया।

## भाजपा महिला मोर्चा को अधिक सशक्त बनाने को लेकर मालती गिलुवा का दौरा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** पश्चिमी सिंहभूम जिले में महिला मोर्चा की प्रदेश सदस्य मालती गिलुवा के नेतृत्व में जिले के प्रभारी राजपति देवी के साथ जिले के कई क्षेत्रों का दौरा किया गया। सर्वप्रथम 4 दिसंबर को जिला अध्यक्ष दुर्गावती बोईपाई की अध्यक्षता में चाईबासा जिला कार्यालय में बैठक संपन्न हुई और महिला मोर्चा को अधिक सशक्त करने पर चर्चा हुई। तत्पश्चात श्रीमती गिलुवा एवं प्रभारी राजपति देवी द्वारा चक्रधरपुर के कई क्षेत्रों का दौरा किया गया और कई कार्यकर्ताओं से संपर्क किया। फिर 5 दिसंबर को श्रीमती गिलुवा के



नेतृत्व में ही प्रभारी के साथ मनोहरपुर विधानसभा के सोनुआ और गोइलकेरा में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर महिला मोर्चा के द्वारा होने वाले कार्यक्रम पर विस्तृत चर्चा की गई एवं महिला मोर्चा अधिक से अधिक शक्तिशाली हो अधिक से अधिक महिलाओं को पार्टी में जोड़ने पर प्रभारी द्वारा कार्य करने की बात कही गई । कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य ज्योति मैरल ,रीना कालिंदी, महिला मोर्चा की प्रखंड अध्यक्ष सुलेखा दास , सोनुवा भाजपा के प्रखंड अध्यक्ष केदार नायक, महामंत्री सुमित नायक, यशोदा नाग, ज्योति मुंडारी , मीना नाग, निर्मला चाकी एवं सैकड़ो महिला एवं पुरुष कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## निलेश गुप्ता बने अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन रामगढ़ के जिला अध्यक्ष

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद, संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शशि भूषण सिंह जमशेदपुर निवासी एवं प्रदेश कमेटी के नेतृत्व में अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन (रामगढ़) जिला कमेटी का विस्तार किया गया जिसमे जिला अध्यक्ष निलेश गुप्ता को बनाया गया है। कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में रामगढ़ के फार्मासिस्ट उपस्थित हुए थे। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष ने कहा फार्मासिस्ट पहले से अब ज्यादा जागरूक हो चुके हैं और सभी फार्मासिस्ट मिलकर दवा



के वितरण एवं भंडारण पर फार्मासिस्ट के पूर्ण अधिकार लेने का संकल्प लिए ग्रामीण क्षेत्रों में बिना फार्मासिस्ट के ग्रामीण लाइसेंस पर प्रिस्क्रिप्शन ड्रग एवं शेड्यूल एच 1 ड्रग बेचा जा रहा है जो गैरकानूनी है ।

## प्रेस क्लब की नामांकन प्रक्रिया पूरी, 117 मतदाता करेंगे किस्मत का फैसला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर 2006 के सांगठनिक चुनाव (2023-2026) के लिए मंगलवार को नामांकन प्रक्रिया पूरी हो गई। कुल सात पदों के लिए 16 उम्मीदवारों ने दावेदारी जताई है और अब उनकी किस्मत का फैसला 10 दिसंबर को 117 मतदाता करेंगे। 10 दिसंबर को इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी भवन सभागार में मतदान होगा। निवर्तमान अध्यक्ष संजीव शर्मा भारद्वाज, निवर्तमान कार्यकारी अध्यक्ष रवि झा, निवर्तमान कार्यकारी अध्यक्ष संतोष कुमार, अनवर शरीफ, सुमित झा, गंगाधर पांडेय आदि प्रमुख चेहरे हैं जो इस बार भी चुनावी मैदान में हैं। अध्यक्ष (एक) पद के लिए संजीव शर्मा भारद्वाज दैनिक प्रभात , निर्मल प्रसाद दैनिक जागरण, रवि कुमार झा ईटीवी भारत और संतोष कुमार दैनिक भास्कर, उपाध्यक्ष (दो) पद के लिए आनंद मिश्रा शुभम संदेश, सुमित झा द टाइम्स भारत, गौतम ओझा दैनिक जागरण आई नेक्स्ट और राकेश कुमार सिंह दैनिक हिन्दुस्तान महासचिव (एक) पद के लिए विकास कुमार श्रीवास्तव कैंपस बूम और अनवर शरीफ न्यूज इलेवन भारत, सहसचिव (दो) पद के लिए अमित तिवारी दैनिक जागरण, चरणजीत सिंह फतेह लाइव और वेद प्रकाश गुप्ता दैनिक उदितवाणी तथा कोषाध्यक्ष (एक) पद के लिए मनमन उर्फ गंगाधर पांडेय न्यूज टाइम्स, राजेश पुरोहितवार दैनिक हिन्दुस्तान और सुनील कुमार पांडेय पूर्वांचल सूर्य ने नामांकन प्रपत्र दाखिल किए। चुनावी प्रक्रिया को पूरी करने की जिम्मेवारी पूर्व अध्यक्ष श्रीनिवास, ईश्वर कृष्ण ओझा, पूर्व महासचिव गुलाब प्रसाद सिंह, पूर्व उपाध्यक्ष बीरेंद्र ओझा, पूर्व चुनाव पर्यवेक्षक रघुवंश मणि सिंह और कुलविंदर सिंह तथा सुनील आनंद की है। मंगलवार को चुनाव समिति को वरीय सदस्य कौशल सिंह का सहयोग प्राप्त हुआ। कल बुधवार को नाम वापसी है और उसके बाद सही तस्वीर सामने आ जाएगी।

संपादकीया

# ढाई-ढाई साल के मेयर

**नगर** निगमों की संरचना और तात्पर्य की प्रासंगिकता में हम मेयरों को चुनते हुए पार्षद, पार्षदों की गणना में सियासत, सियासत के दर्पण में नागरिक समाज की उम्मीदों को देख सकते हैं। पालमपुर और मंडी में ढाई साल बाद फिर बजा डंका और हमने देखा राजनीति को नाचते और लड्डू बांटते। यानी शहर पटरी पर आया या नहीं सियासत ने नगर निगमों को अपनी शक्ति में चिन्हित कर लिया। पालमपुर फिर कांग्रेस के नाम, तो मंडी में भाजपा के पैगाम गूंज रहे हैं। इस तरह सिद्धहस्त हुए वही नेता और वही दस्तूर जो आज तक बरकरार थे। अंतर सिर्फ सीमा के भीतर नई सीमा की तलाश में रहे। यह दीगर है कि इस बार विधायकों को ऐसा वोटिंग अधिकार दे गया, जो आगे चलकर मेयर या डिप्टी मेयर के पद को खिलौना बना सकता है। सबसे रोचक मुकाबला धर्मशाला नगर निगम के मेयर का भाग्य लिखेगा। भाजपा के आठ व कांग्रेस के पांच पार्षदों के पलड़े में दो-दो निर्दलीय पार्षद पहले भी तकदीर लिखते रहे हैं और अब बीच में विधायक का मत श्रृंगार करेगा या खिलवाड़, यह रोचक होगा। सोलन में कांग्रेस का बहुमत होने के बावजूद आंतरिक असंतोष है जिसे विधायक का वोट साध सकता है। यानी कहीं तो विधायक का मत खेवनहार बन सकता है। ऐसे में विपक्ष का सवाल स्वाभाविक तौर पर विधायक के मताधिकार को लेकर है। दरअसल मेयर का चुनाव अब राजनीति की कोठरी में अपनी ही कालिख से लड़ रहा है। विधायक के वोट से कोई मेयर बने या न बने, इससे क्या फर्क पड़ेगा। हर शहर को एक स्वतंत्र व सीधे जनादेश से चुने गए मेयर का इंतजार है। यह मेयर की ताकत और उसकी निष्पक्षता पर प्रहार है कि इस पद को राज्य की सियासी तस्वीर में देखा जाए। यानी हम शहरी जनता के सामने सियासी खिचड़ी उबालते हुए पार्षदों को टोलियों या तरह-तरह की बोलियों में विभक्त कर रहे हैं। न तो निगम बना देने से शहरी व्यवस्था में कोई अंतर आ रहा और न ही शहरीकरण की सीमा को लांघता अतिक्रमण रुक रहा है। अगर ढाई-ढाई साल की पारियों में सियासी परीक्षा होती रहेगी, तो हर पार्षद मेयर बनने की ख्वाहिश में केवल राजनीतिक फायदा ही देखेगा। आश्चर्य है कि भाजपा जैसी पार्टी जो राष्ट्रीय स्तर पर 'वन नेशन, वन इलेक्शन' की विचारधारा पर चलती है, हिमाचल में ढाई-ढाई साल की पारी में मेयर चुनाव का समर्थन करती है। बेशक पार्टी को विधायक के मताधिकार पर ऐतराज है और इसी को लेकर कोर्ट तक जाने की धमकी दी जा रही हो, लेकिन असली खेल में वह भी शरीक है। यह ढाई-ढाई साल की पारी रोक कर मेयर के प्रत्यक्ष चुनाव पर हामी भरी जाए, तो शहर गंदी सियासत से बन जाएंगे, वरना न जनता को उम्मीदों के अनुरूप पार्षद और न ही मेयर मिल पाएंगे। हम दरअसल उसी राजनीतिक चाबी को घुमा रहे हैं, जो नेताओं की वर्णमाला में अर्थहीन प्रतियोगिता है। हर शहरी निगम एक चिडियाघर की तरह देखने में करतब दिखाता है, लेकिन भीतर से खोखला व उद्देश्यहीन है। जो पार्षद अपने वार्ड की राजनीतिक मिलकीयत में भी ढोंग करके जीता होगा, वही मेयर बनकर शहर के भविष्य को ढोंगी बना सकता है। प्रदेश नगर निगमों के गठन से शहरीकरण को संबोधित कर रहा है या राजनीतिक ऊहापोह को बढ़ा रहा है। एक अनावश्यक मुकाबले में कम से कम चार शहर इस तरह नगीना तो नहीं बन सकते, बल्कि सामर्थ्यवान, आत्मनिर्भर, प्रगतिशील व नागरिक उम्मीदों से रू-ब-रू शहर बनने के लिए सशक्त मेयर संस्थान की जरूरत है। शहरों के भविष्य के लिए राजनीति के वर्तमान आंगन के बाहर स्वतंत्र जगह की तलाशी केवल प्रत्यक्ष चुनाव के तहत चुना गया मेयर ही संबोधित कर पाएगा। विडंबना यह है कि नगर निगमों के मेयर चुनाव पर उलझी सियासत के पास न तो इतना वक्त और न ही दृष्टिकोण है कि नागरिक समाज को जवाबदेह शहरी बना सके। किसी शहर की दक्षता अभी तक अपने ही कचरे से मुक्त होने की नहीं, तो हम कब दीर्घकालीन योजनाओं के तहत पर्वतीय परिवेश में प्रगति का अलख जगाएंगे। दुर्भाग्यवश नगर एवं ग्राम योजना कानून निरंतर अपाहिज व अक्षम होता जा रहा है, जबकि शहरी विकास योजनाओं का निरूपण अति दरिद्रता से हो रहा है।

भाजपा के आठ व कांग्रेस के पांच पार्षदों के पलड़े में दो-दो निर्दलीय पार्षद पहले भी तकदीर लिखते रहे हैं और अब बीच में विधायक का मत श्रृंगार करेगा या खिलवाड़, यह रोचक होगा। सोलन में कांग्रेस का बहुमत होने के बावजूद आंतरिक असंतोष है जिसे विधायक का वोट साध सकता है। यानी कहीं तो विधायक का मत खेवनहार बन सकता है। ऐसे में विपक्ष का सवाल स्वाभाविक तौर पर विधायक के मताधिकार को लेकर है। दरअसल मेयर का चुनाव अब राजनीति की कोठरी में अपनी ही कालिख से लड़ रहा है। विधायक के वोट से कोई मेयर बने या न बने, इससे क्या फर्क पड़ेगा। हर शहर को एक स्वतंत्र व सीधे जनादेश से चुने गए मेयर का इंतजार है। यह मेयर की ताकत और उसकी निष्पक्षता पर प्रहार है कि इस पद को राज्य की सियासी तस्वीर में देखा जाए। यानी हम शहरी जनता के सामने सियासी खिचड़ी उबालते हुए पार्षदों को टोलियों या तरह-तरह की बोलियों में विभक्त कर रहे हैं। न तो निगम बना देने से शहरी व्यवस्था में कोई अंतर आ रहा और न ही शहरीकरण की सीमा को लांघता अतिक्रमण रुक रहा है। अगर ढाई-ढाई साल की पारियों में सियासी परीक्षा होती रहेगी, तो हर पार्षद मेयर बनने की ख्वाहिश में केवल राजनीतिक फायदा ही देखेगा।

### राशन कार्डधारकों को चावल 3 रुपए, गेहूं 2 रुपए और मोटे अनाज 1 रुपए प्रति किलो वितरण की शुरुआत की गई

# गरीबी घटी, आय असमानता भी घटे

डा. जयंतीलाल भंडारी

**हाल** ही में केंद्र सरकार ने 80 करोड़ से अधिक पात्र लोगों को निःशुल्क खाद्यान्न वितरण की योजना आगामी पांच वर्षों यानी दिसंबर 2028 तक के लिए बढ़ा दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुताबिक गरीबों के सशक्तिकरण के लिए निःशुल्क खाद्यान्न की जरूरत बनी हुई है। पिछले पांच वर्षों में 13 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं, ऐसे में पूरे देश के गरीब लोगों को गरीबी से बाहर निकालने की दिशा में देश आगे बढ़ रहा है। निःसंदेह मुफ्त खाद्यान्न योजना की जरूरत न केवल गरीबों के सशक्तिकरण के लिए, वरन आय असमानता घटाने के लिए आवश्यक बनी हुई है।

इस परिप्रेक्ष्य में हाल ही में 6 नवंबर को संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) के द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में गरीबी 2015-2016 के मुकाबले 2019-2021 के दौरान 25 फीसदी से घटकर 15 फीसदी आ गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यद्यपि गरीबी निवारण अभियान से भारत में गरीबी घटी है, लेकिन अभी भी भारत में आय की असमानता बढ़ी हुई है। यह उल्लेखनीय है कि एशिया पेसेफिक ह्यूमन डेवलपमेंट रिपोर्ट 2024 के अनुसार भारत में प्रति व्यक्ति आय वर्ष 2000 में जहां करीब 37 हजार रुपए थी, वहीं वर्ष 2022 में बढक़र करीब 2 लाख रुपए हो गई है। गौरतलब है कि भारत में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) 10 सितंबर 2013 को अधिसूचित हुआ है। इसका उद्देश्य नागरिकों की गरिमापूर्ण जीवन जीने के लिए वहनीय मूल्यों पर गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न की 5 किलोग्राम मात्रा उपलब्ध कराना है। ऐसे में इसके तहत राशन कार्डधारकों को चावल 3 रुपए, गेहूं 2 रुपए और मोटे अनाज 1 रुपए प्रति किलो वितरण की शुरुआत की गई।

कोरोना महामारी के दौरान प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के तहत मुफ्त अनाज दिए जाने की भी शुरुआत की। कई बार इसकी अवधि बढ़ाने के बाद सरकार ने एक जनवरी 2023 से दिसंबर 2023 तक एक वर्ष के लिए इस योजना को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत अनाज वितरण की योजना में मिलाने का निर्णय किया। सरकार ने चावल और गेहूं को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत क्रमशः तीन रुपए और दो रुपए प्रति किलो की दर से बेचने के बजाय मुफ्त कर दिया।

अब वर्ष 2028 तक एक बार फिर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के तहत आने वाली देश की दो-तिहाई आबादी को राशन प्रणाली के तहत मुफ्त में अनाज देने की भारत की पहल दुनिया भर में रेखांकित की जा रही है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय



मुद्राकोष सहित दुनिया के विभिन्न सामाजिक सुरक्षा के वैश्विक संगठनों के द्वारा भारत की खाद्य सुरक्षा की जोरदार सराहना की गई है। आईएमएफ के द्वारा पिछले दिनों प्रकाशित रिसर्च पेपर में कोविड की पहली लहर 2020-21 प्रभावों को भी अध्ययन में शामिल करते हुए कहा गया है कि सरकार के पीएमजीकेएवाई के तहत मुफ्त खाद्यान्न कार्यक्रम ने कोविड-19 की वजह से लगाए गए लॉकडाउन के प्रभावों की गरीबों पर मार को कम करने में अहम भूमिका निभाई है और इससे अत्यधिक गरीबी में भी कमी आई है।

आईएमएफ के कार्यपत्र में कहा गया है कि खाद्य सब्सिडी कार्यक्रम कोविड-19 से प्रभावित वित्तीय वर्ष 2020-21 को छोडक़र अन्य वर्षों में गरीबी घटाने में सफल रहा है। दुनिया के अर्थ विशेषज्ञ यह कहते हुए दिखाई दे रहे हैं कि कोविड-19 के बीच भारत में खाद्यान्न के ऐतिहासिक स्तर पर पहुंचे सुरक्षित खाद्यान्न भंडारों के कारण ही देश के 80 करोड़ लोगों को लगातार मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध होने के कारण वे गरीबी के दलदल में फंसने से बच गए। देश में लगातार बढ़ता हुआ रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन भारत की खाद्य सुरक्षा को मजबूती प्रदान कर रहा है। चालू कृषि वर्ष 2022-23 में 3305.34 लाख टन खाद्यान्न उत्पादन का अनुमान है। लेकिन वर्ष 2023-24 में गेहूं और दलहन उत्पादन में कमी के संकेत सामने आ रहे हैं। ऐसे में देश में खाद्य सुरक्षा के साथ-साथ बढ़ती जनसंख्या के लिए अधिक खाद्यान्न की जरूरत है। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार अप्रैल 2023 में भारत 142.86 करोड़ लोगों की आबादी के साथ चीन को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाला देश बन गया है। चूंकि खाद्यान्न के केंद्रीय पूल में सालाना 780 से 800 लाख टन गेहूं और चावल की खरीद होती है।

पीडीएस के तहत अनाज देने के लिए 500 से 590 लाख टन अनाज की जरूरत होती है। वर्ष 2023-24 में केंद्र ने एनएफएसए में 600 लाख टन गेहूं और चावल का आवंटन किया है। ऐसे में जब देश में अधिक खाद्यान्न उत्पादन की जरूरत है, तब खाद्यान्न को बर्बादी से बचाने के लिए खाद्यान्न भंडारण की अधिक क्षमता भी जरूरी है। इस परिप्रेक्ष्य में हाल ही में 31 मई को सरकार के द्वारा स्वीकृत नई खाद्यान्न भंडारण क्षमता योजना महत्वपूर्ण दिखाई दे रही है।

यह योजना लगभग एक लाख करोड़ रुपए के खर्च के साथ शुरू होगी। इस समय देश का खाद्यान्न उत्पादन लगभग 3100 लाख टन है, जबकि भंडारण क्षमता कुल उत्पादन का केवल 47 प्रतिशत ही है। यद्यपि भारत दुनिया का प्रमुख खाद्यान्न उत्पादक देश है, लेकिन खाद्यान्न भंडारण में बहुत पीछे है। अनाज के अन्य बड़े उत्पादक देशों चीन, अमेरिका, ब्राजील, यूक्रेन, रूस और अर्जेन्टीना के पास खाद्यान्न भंडारण क्षमता वार्षिक उत्पादन की मात्रा से कहीं अधिक है। ऐसे में देश में खाद्यान्न भंडारण की जो क्षमता फिलहाल 1450 लाख टन की है, उसे अगले 5 साल में सहकारी क्षेत्र में 700 लाख टन अनाज भंडारण की नई क्षमता विकसित करके कुल खाद्यान्न भंडारण क्षमता 2150 लाख टन किए जाने का लक्ष्य रखा गया है।

यह बात महत्वपूर्ण है कि देश में एक ओर गरीबों के कल्याण के लिए लागू की गई विभिन्न सरकारी योजनाएं मसलन सामुदायिक रसोई, वन नेशन वन राशन कार्ड, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत पोषण अभियान, समग्र शिक्षा जैसी योजनाएं प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से गरीबी के स्तर में कमी और स्वास्थ्य व भुखमरी की चुनौती को कम करने में सहायक रही हैं। उनके कार्यान्वयन की दिशा में अभी बहुत अधिक कारगर प्रयासों की जरूरत बनी हुई है। चूंकि कोविड-19 के कारण देश में डिजिटल शिक्षा की जरूरत बढ़ गई है और इसकी अहमियत रोजगार में भी बढ़ गई है। ऐसे में गरीब एवं कमजोर वर्ग के युवाओं के लिए रोजगार के मौके जुटाने के लिए एक ओर सरकार के द्वारा डिजिटल शिक्षा के रास्ते में दिखाई दे रही कमियों को दूर करना होगा, वहीं दूसरी ओर कौशल प्रशिक्षण के साथ नए स्किल्स सीखने होंगे।

इस बात पर भी ध्यान दिया जाना होगा कि 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज के साथ उनके जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने और उनके लिए रोजागर के अधिक अवसरों के लिए भी अधिक प्रयास करने होंगे। ऐसा होने पर ही गरीबी घटाने और आय में असमानता को कम करने में सफलता प्राप्त की जा सकेगी। फिलहाल गरीब और अमीर की आय में दिन-रात का अंतर है।

भारत में गरीबी 2015-2016 के मुकाबले 2019-2021 के दौरान 25 फीसदी से घटकर 15 फीसदी आ गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यद्यपि गरीबी निवारण अभियान से भारत में गरीबी घटी है, लेकिन अभी भी भारत में आय की असमानता बढ़ी हुई है। यह उल्लेखनीय है कि एशिया पेसेफिक ह्यूमन डेवलपमेंट रिपोर्ट 2024 के अनुसार भारत में प्रति व्यक्ति आय वर्ष 2000 में जहां करीब 37 हजार रुपए थी, वहीं वर्ष 2022 में बढक़र करीब 2 लाख रुपए हो गई है।

दृष्टि कोण

# ममता और गहलोत का गुजरात पर हमला एक राज्य के प्रति नफरत फैलाने के समान है

**विपक्षी** गठबंधन की ओर से कई नेता प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनने को आतुर तो दिख रहे हैं लेकिन इस पद की गरिमा और सम्मान का उन्हें जरा भी ख्याल नहीं है। प्रधानमंत्री पद की उम्मीदवारी हासिल करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपशब्द बोलने का ऐसा सिलसिला शुरू हुआ है जोकि दिन पर दिन लोकतंत्र को शर्मसार कर रहा है। देखा जाये तो प्रधानमंत्री को अपशब्द बोलने के अभियान का नेतृत्व कांग्रेस नेता राहुल गांधी कर रहे हैं। प्रधानमंत्री बनने के लिए देश को जातिवाद की आग में झोंक देने को आतुर दिख रहे राहुल गांधी की नजर में पीएम का मतलब है पनौती मोदी। राजस्थान की एक चुनावी सभा में राहुल गांधी ने जब पीएम शब्द की अपने शब्दों में व्याख्या की तो सभी चौंक गये क्योंकि उनके परिवार से तीन लोग प्रधानमंत्री रह चुके हैं और उनकी माँ सोनिया गांधी भी प्रधानमंत्री बन गयी होतीं यदि उनके विदेशी मूल का मुद्दा ऐन वक्त पर आड़े नहीं आया होता। हम आपको यह भी बता दें



कि यह वही राहुल गांधी हैं जिन्होंने डॉ. मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्रित्वकाल के दौरान उनका विधेयक सरेआम फाड़ कर प्रधानमंत्री पद के प्रति अपने असम्मान का खुलेआम प्रकटीकरण किया था। राहुल गांधी मोदी को पनौती कह रहे हैं तो उनकी पार्टी के रिमोट कंट्रोल से संचालित माने जाने वाले अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे प्रधानमंत्री के पिता को सार्वजनिक रूप से अपशब्द कह रहे हैं। प्रधानमंत्री पद की उम्मीदवारी की दौड़ में कहीं राहुल और खरगे आगे ना निकल जायें इसके लिए विपक्षी गठबंधन इंडी के घटक दल भी सक्रिय हो गये हैं। अगला चुनाव मोदी बनाम अरविंद केजरीवाल होने का दावा कर रही आम आदमी पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पनौतियों का सिकंदर करार देते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट डाल रही है। यह सब देख प्रधानमंत्री पद पाने का सपना काफी अरसे से पाले हुए बैठीं ममता बनर्जी भी सक्रिय हो गयी हैं और भाजपा तथा प्रधानमंत्री पर हमला करते हुए उन्होंने कहा है कि ''भारतीय टीम ने इतना अच्छा खेला कि उन्होंने विश्व कप में सभी मैच जीते, सिवाय उस मैच को छोड़कर जिसमें पापी लोगों ने भाग लिया था।'' जाहिर है जब विपक्षी पार्टियों के बड़े नेता प्रधानमंत्री के खिलाफ ऐसे उद्गार व्यक्त कर रहे हैं तो उनके कार्यकर्ता और भी आगे जाकर टिप्पणियां करेंगे। इसलिए आप सोशल मीडिया के किसी भी मंच पर चले जाइये प्रधानमंत्री के खिलाफ अमर्यादित बातें कहने के अभियान का असर आपको वहां पर साफ दिख जायेगा। देखा जाये तो लोकतंत्र में इस बात में कुछ गलत नहीं है कि कोई राजनीतिज्ञ किसी अन्य राजनीतिज्ञ की नीति और विचारधारा से सहमत नहीं हो और उस आधार पर उसे नापसंद करे और उसका विरोध करे लेकिन देश के प्रधानमंत्री पद पर जो व्यक्ति बैठा है उसके खिलाफ अमर्यादित बातें कहना सर्वथा अनुचित है। यदि प्रधानमंत्री के खिलाफ विरोध भी प्रकट करना है तो उसे ससम्मान किया जाना चाहिए। इसके अलावा जिस तरह प्रधानमंत्री के गृह राज्य गुजरात को निशाना बनाया जा रहा है वह तो और भी गलत है। एक राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का यह कहना एक राज्य के प्रति नफरत फैलाने के समान है कि अगर क्रिकेट विश्व कप का फाइनल मैच कोलकाता या मुंबई में खेला जाता तो भारत जीत जाता। इसके अलावा राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जिस अंदाज में मारवाड़ी और गुजराती शब्द का प्रयोग करते हुए गुजरात पर कटाक्ष किया है वह भी सर्वथा अनुचित है। जिस तरह विपक्ष के नेता गुजरात और गुजरातियों के प्रति अपनी नफरत का इजहार कर रहे हैं।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## इफिको गेट मरार में सभी ट्रेड यूनियन के संयुक्त मोर्चा का सीधा गेट मीटिंग

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** सेल इफिको गेट के समीप एकदिवसीय विशाल गेट मीटिंग संयुक्त मोर्चा के बैनर तले किया गया सभा में मुख्य रूप से पूर्व मांडू विधायक प्रत्याशी तिवारी महतो शामिल हुए जिन्होंने मजदुरों को एकजुट होने कि बात कही , अध्यक्षता खोगेंदर साव ने किया उन्होंने सभा को संबोधित करते हूए कहा कि पूरे सेल में कर्मचारियों के सोशन के विरूद्ध एवं मैनेजमेंट ने एकतरफा बोनस 23000 हजार दिया है जबकि पिछ्ला साल 40500 दिया था इससे सेल मजदुर काफी आक्रोशित है यदि सेल मैनेजमेंट हमारी मांगों को पूरा नहीं करता है तो यदि हड़ताल में जाना पड़े तो हड़ताल में जाएंगे । संचालन के डी मिश्रा, ने किया सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सेल मैनेजमेंट 39 महीना काबकाया एरियरअभिलंब दे सभा को संबोधित करने वालों में मुख्य रूप से धनेश्वर तुरी,डी एन गिरी, दिवाकर गिरी, नंदकिशोर बेदिया, नरेश साव, सुनील बेदिया, रामलाल, राजकिशोर प्रसाद, गुत्तेश्वर मिश्र, महेश यादव आदि ने सभा को संबोधित किया साथ ही मुख्य रूप



से इंटक अध्यक्ष आनंद प्रताप सिंह,ओम प्रकाश सिंह, संतोष कुमार सिंह, मुस्तफा आजाद, ,सफीक अनवर, राजू वर्मा, प्रकाश महतो, किशोर मिश्रा, जुगनू प्रसाद, सरसुद्दीन अंसारी, प्रदीप बाबा, डब्लू करमाली, सरिता देवी, हेमनी देवी, मुक्ता देवी, महेश प्रजापति, महेश यादव, सुनील कुमार, रमेश बेदिया, पंकज साव,गंगा महतो, सेंटी,सुरेश बेदिया, ओम प्रकाश गिरी, बलदेव यादव, सुरेंद्र प्रसाद, इम्तियाज, गगन, छतरी रजवार,अनिल सिंह, जितेंद्र ठाकुर, दिलीप साव, अवधेश सिन्हा, मछिंद्र महतो आदि सैकड़ो लोग उपस्थित थे। सभी यूनियन प्रतिनिधियों ने महाप्रबंधक प्रभारी से मिलकर अपनी मांगे रखी।

## गोला प्रखंड के 19 पंचायतों में मनरेगा कार्यों की हुई सुनवाई, मिली कई अनियमिताएं

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोला :** प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार को मनरेगा योजना के सही संचालन के लिए 19 पंचायतों में जनसुनवाई का आयोजन किया गया।इस दौरान गोला, बंदा, चाडी,बरियातू, साड़म, हुप्पु, हेसापोड़ा, रकूवा, मगनपुर, सोसोकला, कोराम्बे, नावाडीह, बरलंगा, चोकाद, बेटुलकला, संग्रामपुर, कुम्हरदग्गा, सरगडीह, पुरबडीह पंचायत में मनरेगा योजना से संचालित सभी योजनाओं को लेकर जनसुनवाई की गई।पंचायतों में आयोजित जनसुनवाई में सोशल ऑडिट टीम द्वारा एक एक योजना में हुए कार्य ,राशि निकासी,लाभुक चयन के बारे में विस्तार से ग्रामीणों से जानकारी ली गई।जिसमें कई जगहों में योजना के लिए चयनित



लाभुक की शिकायत दर्ज कराया गया।ग्रामीणों ने बताया कि बिना सूचना के ग्रामसभा आयोजित कर लाभुक का चयन मनमानी ढ़ंग से कर लिया गया है।वही कार्य में भी जमकर अनियमितता बरती गई हैं।इसपर सोशल ऑडिट टीम में शामिल सदस्यों ने अनियमितताओ को दर्ज करते हुए कार्रवाई करने की बात कही।बताया गया कि दो पंचायत सुतरी ओर उपरबरगा पंचायत में बाद में जनसुनवाई आयोजित की जायेगी।टीम में शामिल वीरेंद्र कुमार, प्रकाश महतो,मेघा देवी,रेणु देवी ने बताया कि जिस पंचायत से शिकायत दर्ज कराया गया है उसकी जाँच के बाद कार्रवाई होगी।

## मांडू प्रखंड में विधिक सहायता केंद्र सह विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार व्यवहार न्यायालय रामगढ़ के आदेशों का पालन करते हुए मांडू प्रखंड अंतर्गत बड़गांव पंचायत भवन में मांडू प्रखंड कार्यालय द्वारा लगाए हुए सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ के विधिक सहायता केंद्र मांडू प्रखंड की ओर से विधिक सहायता केंद्र सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस जागरूकता शिविर में लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार व्यवहार न्यायालय रामगढ़ के कार्यों के बारे में को जानकारी दिया गया। कानूनी जानकारी में लोगों को हमारा कानून हमारा कर्तव्य, बंधवा मजदूरी एवं ठेका श्रम से संबंधित कानून, बाल विवाह कानून , कामकाजी महिलाओं के अधिकार , भरण पोषण, सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961,प्रथम सूचना रिपोर्ट , देह व्यापार से संबंधित कानून, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम 2005, समान पारिश्रमिक अधिनियम 1976 एवं न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948, बाल श्रम प्रतिषेध और विनियम अधिनियम 1986 बाल श्रम गिरवीकरण अधिनियम 1933 इत्यादि कानून की जानकारी देकर जागरूक किया गया।

## आपकी सरकार पहुंच रही आपके द्वार, ग्रामीण लाभ उठाएं : सुधीर मंगलेश

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुलमी प्रखंड के सोसो पंचायत मे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके मुख्य रूप से दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश जिला कृषि पदाधिकारी दुलमी बीडीओ सुनिल प्रजापति सीओ मदन महली प्रमुख रेणु देवी उप प्रमुख धर्मधीर महतो विधायक प्रतिनिधि के रुप में पंकज कुमार , कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि अबुआ आवास योजना का लाभ गांव के अंतिम व्यक्ति को पक्के मकान मिलें इसके लिए पहले चिन्हित करे तब उन्हें लाभ दे उन्होंने कहा कि शिविर में बैंक वाले का भी एक अलग से स्टॉल लगाया जाए ताकि लोगों को स्वराज सहित अन्य योजना का लाभ मिल सके। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम में पंचायत स्तर पर आयोजन किया जा रहा है ताकि लाभुकों को प्रखंड कार्यालय तक ना जाने पड़े। इसके लिए लाभुकों के आवेदन के अनुरूप जल्द से जल्द निपटारा करने का प्रयास किया जा रहा है ताकि इसका लाभ लोगों को मिल सके। उन्होंने सरकार द्वारा चलाए जा रहा सभी योजना को विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि इसका लाभ लोगों को मिले यह प्रयास आगे भी जारी रहेगा।



## अरगड्डा आपकी योजना आपकी सरकार में 236 लोगों ने दिया आवेदन

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अरगड्डा वार्ड 14 पंचायत कार्यालय प्रांगण में मंगलवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित हुई। इसमें नप सुपरवाइजर सलमान अंसारी, जमादार 14 अलिफ आलम, सीआरपी लाजवंती देवी, आरती देवी व सफाई मित्र उपस्थित थे। अवसर पर राशन कार्ड के लिए 76, कंबल वितरण 120, जॉब कार्ड 5, वृद्धा पेंशन 17, विधवा पेंशन 3, दिव्यांग दो, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 8, प्रधानमंत्री आवास पांच कुल 236 आवेदन प्राप्त हुए। मौके पर कई लोग उपस्थित थे।



## श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल, रामगढ़ में आज स्कूल फेट का आयोजन किया गया

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल, रामगढ़ में आज स्कूल फेट का आयोजन किया गया।इस उत्सव का मुख्य उद्देश्य एसजीएनपीएस के युवा उद्यमियों को सशक्त बनाना, उनका समग्र विकास करना और उनके व्यावहारिक कौशल में सुधार करना था। इस अनुदान कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा किया गया। हरपाल सिंह अरोरा ने फीता काटकर कार्यक्रम की शुरूआत की। एसएमसी सदस्यों ने प्रेम, शांति और एकता के प्रतीक कबूतर उड़ाए। दीप प्रज्वलन के बाद ईश्वर को धन्यवाद देने के लिए प्रार्थना गाई गई। इस मनोरंजक कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने अपने अभिभावकों के साथ भाग लिया। कुल 100 स्टॉल थे जिनमें 20 खेलों के लिए और 80 स्वादिष्ट खाद्य पदार्थों के लिए थे। इन खाद्य पदार्थों का मुख्य आकर्षण नाइट्रोजन बिस्कुट, बाहुबली पानीपुरी, चॉकलेट मोदक, फायर-पैन, कुरकुरे चाट, कुल्हड़ पिज्जा, नूडल्स, नारियल पानी, मिल्कशेक आदि थे। बच्चों ने अपने माता-पिता के साथ इन व्यंजनों का लुत्फ उठाया।छोटे बच्चों के लिए नृत्य और धूप सेंकने के लिए डीजे सिस्टम लगाए गए थे।कक्षा नर्सरी से 5 तक के बच्चों ने जंपिंग कैसल और ट्रैम्पोलिन का आनंद लिया। उनके लिए आयोजित हैलोवीन पार्टी इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण थी. छोटे बच्चों ने हेलोवीन पोशाकें पहनकर रैंप वॉक किया और अपना जलवा दिखाया।



# उपायुक्त जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याओं से हुए रूबरू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान ने जनता दरबार के माध्यम से आम लोगों समस्याओं से रूबरू हुए।जनता दरबार में मुख्य रूप से वृद्धा पेंशन, जमीन, एनटीपीसी, धान का राशि, कृषि विभाग से संबंधित समेत अन्य मामले शामिल है। उपायुक्त ने एक एक कर मिलने आए सभी आमजनों की समस्याओं से जुड़े आवेदन का अवलोकन कर जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का भरोसा आमजनों को दिया। वहीं जनता दरबार में उपायुक्त से मिलने आए होरिल प्रसाद, पिता चन्द्रिका प्रसार ग्राम लुतीडीह, पोस्ट बगरा, थाना सिमरिया, जिला चतरा ने उपायुक्त से मिल अपने द्वारा लिखी गई पुस्तक भू-सम्पति सर्वेक्षण विधि एवं तकनीक को भेंट किया। श्री प्रसाद द्वारा बताया गया कि यह पुस्तक विभिन्न विश्वविद्यालय एवं औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्रों में चल रहें अमानत सर्वे के छात्र-छात्राओं एवं जमीन से संबंधित जानकारी रखने वाले लोगों को विशेष उपयोगी सिद्ध होगी। इस पुस्तक के भाग-1 में तकनीकी एवं प्रौद्योगिकी विधि तथा भाग-2 में पारंपरिक विधि, भूमि से संबंधित गणितीय सुत्र एवं मानचित्र दिया गया है। और आगे बताया मैं वर्तमान में उच्च पथ प्रमण्डल हजारीबाग में अमीन के रूप में कार्य कर रहा हूं। जनता दरबार में उपायुक्त ने ऑनलाईन माध्यम से सभी विभागों के पदाधिकारियों को कहा कि आम लोगों के द्वारा शिकायत प्राप्त हो रही है कि जनता दरबार में प्राप्त शिकायतों का निराकरण नहीं किया जा रहा है। इस संबंध में उपायुक्त ने नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी विभागों के पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए सख्त शब्द में कहा कि जनता दरबार में प्राप्त मामलों का निष्पादन ससमय करें।ज्ञात हो कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से 01:00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।

## अपराध तथा नक्सल गतिविधियों की रोकथाम को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** उपायुक्त लातेहार हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में अपराध तथा नक्सल गतिविधियों के रोकथाम को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा बैठक में अपराध एवं नक्सलियों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने पर विचार विमर्श करते हुए कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने नक्सलियों तथा अपराधियों से निपटने के लिए किये गये कार्रवाईयों के बारे विस्तारपूर्वक जानकारी ली। इस दौरान नक्सलियों एवं अपराधियों से निपटने के लिए रणनीति भी बनाई गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने रणनीति के तहत सभी पुलिस पदाधिकारियों को आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार मो. परवेज, अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ बिपिन दुबे, सीआरपीएफ कमांडेंट, विधि शाखा प्रभारी सुजीत सिंह एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

## देवर ने कुल्हाड़ी व डंडे से वार कर भाई की पत्नी को किया घायल



**महुआडांड़ (लातेहार) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** महुआडांड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मेढ़ारी में डायन बिसाही का आरोप लगाकर देवर ने कुल्हाड़ी व डंडे से अपने ही भाई के पत्नी को घायल कर दिया। जिसके बाद घायल पीड़िता को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महुआडांड़ लाया गया। जहां पीड़िता का इलाज चल रहा है। घायल पीड़िता अनीता देवी (28 वर्ष) पति अशोक खरवार ने बताया की लगभग 3:00 बजे वह कोरवाटोली के समीप जंगल में अपने कार्य के लिए गई थी, जहां उसका देवर अजय खरवार ढूंढता हुआ पहुंचा, और कुल्हाड़ी व डंडे से डायन बिसाही होने का आरोप लगाकर अचानक वार करने लगा। साथ ही जान से मार देने की धमकी देने लगा, किसी तरह अपनी जान बचाकर घर की ओर भागी। वहीं सूचना मिलते ही पीड़िता के पति अशोक खरवार के द्वारा इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महुआडांड़ लाया गया।

## ट्रांसफार्मर के बनने से ग्रामीणों में उत्साह



**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र अंतर्गत बसिया पंचायत के टेमराबार ग्राम में मंगलवार को नया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन बालूमाथ पूर्वी जिला परिषद सदस्या प्रियंका कुमारी भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा एवम भाजपा एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार बसिया मुखिया विमला देवी ने संयुक्त रूप से किया। टेमराबार ग्राम में बीते 6 माह से ट्रांसफार्मर खराब हो जाने से वहा के ग्रामीण अंधेरे में रहने को विवश थे बालूमाथ कॉल साइडिंग के बगल में होने से वहा के जनता कोयला धूल कण फाकने के साथ बिना बिजली के जीवन यापन कर रहे थे। ग्रामीणों के द्वारा बालूमाथ पूर्वी जिला परिषद सदस्या प्रियंका कुमारी को एक लिखित आवेदन दे कर खराब पड़े ट्रांसफेमर की मरमती की मांग किये थे जिसे प्रियंका कुमारी के प्रयास से नया ट्रांसफार्मर लगवाया गया। जिसका उद्घाटन किया गया मौके पर ग्रामीणों विजय यादव, बसंत कुशवाहा प्रवीण साव ,शिव शुक्ला, प्रकाश प्रजापति, प्रेम शुक्ला, लाधु गझ्रू, महेश गंझू, दिनेश गंझू ,सरयू गंझू, दृत्पाल गंझू ,सुका उरांव समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

# भाजयुमो जिला कार्यसमिति की बैठक संम्पन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** भाजयुमो जिला अध्यक्ष अभिषेक केसरी की अध्यक्षता में भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला कार्यसमिति बैठक एवं भाजपा मंडल सशक्तिकरण अभियान प्रशिक्षण वर्ग तपेज स्थित भाजपा जिला कार्यालय में हुई। बैठक का संचलान जिला महामंत्री दीपक शर्मा और विकास मालाकर ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा और जिला प्रभारी अधिराज नारायण सिंह जी उपस्थित रहे। बैठक में युवा मोर्चा की मंडल कमेटी मजबूत सशक्त हो इस पर जोर दिया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि युवा मोर्चा के सभी कार्यकर्ताओं का दायित्व है कि मोदी जी के 9 साल के जन कल्याणकारी योजनाओं को बूथ स्तर तक जाकर जन-जन तक पहुंचाना। 2024 में फिर से मोदी सरकार आये और झारखंड में भाजपा की सरकार बने, इसकी रणनीति नीति तैयार करना। भाजयुमो जिला अध्यक्ष अभिषेक केसरी ने सभी मंडल अध्यक्ष को निर्देश दिया 12 से 13 दिसंबर के बीच सभी मंडलों में मंडल कार्यसमिति की बैठक संपन्न हो जाए। जिसको लेकर सभी मंडल में एक एक प्रभारी की घोषणा की गई। जिला प्रभारी अधिराज सिंह ने कहा मंडल सशक्तिकरण को लेकर 9 दिन के लिए हर मंडल में एक-एक विस्तारक बनाया जाएगा वह विस्तारक प्रवासी के रूप में मंडल में प्रवास कर मंडल और बूथ को सशक्त करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश कार्य समिति वीरेंद्र सिंह मुन्ना, सुभाष सिंह, सुमन सौरभ जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र यादव, प्रवीन कुमार जिला मंत्री मनीष सिंह, जिला कोषाध्यक्ष सुजीत कुमार, कार्यालय मंत्री शत्रुघ्न ठाकुर, सोशल मीडिया प्रभारी मारुति नंदन आशुतोष कुमार, मंडल अध्यक्ष कमलेश सिंह, राजेश यादव, गौतम सिंह, नीरज सोनी, अंकित सिंह, गुंजीत सिंह,बबलू साव, संजय साव, विवेक केशरी, घनश्यायम यादव, मुकेश कुशवाहा, दीपक वर्मा, सत्यवान सिंह, बालेश्वर कुमार, जितेंद्र पांडे, राजकुमार वर्मा, राजा मालकर, कृष्णा सोनी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित हुए।


# बीएस कॉलेज में एक दिवसीय खेल महोत्सव का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** बनवारी साहु महाविद्यालय के प्रागंन में पांच दिसंबर को एक दिवसीय खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। निदेशालय झारखण्ड सरकार के निर्देश पर जिला खेल विभाग के द्वारा एक दिवसीय राष्ट्रीय युवा खेल महोत्सव के द्वारा नेहरू युवा केन्द्र, लातेहार एवं बनवारी साहु महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में खेल प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद् सदस्य पूर्वी बिनोद उराँव, विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला खेल पदाधिकारी संजीव कुमार, महाविद्यालय के शासी निकाय के सचिव अंजू गुप्ता, एवं प्राचार्य प्रो0 प्रदीप कुमार तिवारी मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया एवं अतिथियों को बुके देकर सम्मानीत किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी व्याख्यातागन तृतीयवर्गीय एवं चतुर्थवर्गीय कर्मचारी गण का सहयोग काफी सराहनीय रहा मंच सचालन अनुपम कुमार मिश्रा के द्वारा किया गया।मुख्य अतिथि एवं जिला खेल पदाधिकारी के द्वारा इस सफल आयोजन के लिए महाविद्यालय के सभी कर्मियों एवं छात्र-छात्राओं को धन्यवाद देते हुए आगे भी इस तरह का कार्यक्रम संचालित कराने की बात कही इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राएँ काफी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम के अन्त में प्रतिभागियों के बिच प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जिला खेल पदाधिकारी के द्वारा इन प्रतिभागियों के बीच से चुन कर राज्य स्तर पर भेजने की बातें कही गई। धन्यवाद ज्ञापन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 प्रदिप कुमार तिवारी के द्वारा किया गया तत्पश्चात कार्यक्रम समाप्ति कि घोषणा की गई।

## स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार पीएलए बैठक जागरुकता रैली निकली



**बारियातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गोनिया पंचायत भवन परिसर में स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार सहिया साथी गौरी देवी की अध्यक्षता में पीएलए बैठक किया गया. बैठक में मुख्य रूप से स्वास्थ्य संबंधी चर्चा कर सभी उपस्थित सहियाओं को अपने-अपने कार्यक्षेत्र में पीएलए बैठक करने का दिशा निर्देश दिया गया. चर्चा के दौरान लाल, पीला व हरा तीन रंगों का गोल घेरा बनाकर रंगों के महत्व के बारे में बताया गया कि लाल में खतरा और पिला में खतरा होने वाला है हरा में पूर्ण रूप से स्वास्थ्य का संकेत दिया जाता है. बैठक के पश्चात जागरुकता रैली निकाली गई। उपस्थित सभी सहियाओं ने अपने-अपने हाथों में तख्तीयां ली हुई थी जिसमें स्वास्थ्य से संबंधित सलोगन लिखे हुए थे. रंग-बिरंगा सब्जियां खाएंगे स्वस्थ जीवन अपनाएंगे,भोजन में विविधता बने रहे मां बच्चों के चेहरे पर खुशी रहे, मां स्वयं के लिए तीन बार बच्चों के लिए एक बार बच्चे का स्वस्थ भविष्य बनाना है तो धात्री मां को दो बार अतिरिक्त भोजन खिलाना है, हरे पत्तेदार सब्जियां खाएंगे शरीर में खून बढ़ाएंगे, माँ आयरन गोली खाएगी एनीमिया दूर भगाएगी, बीमारी से बचाना है तो गहरे रंग की फल एवं सब्जियां खाना है सहित कई नारा लगाते हुए पंचायत भवन परिसर से उप स्वास्थ्य केंद्र होते हुए गोनिया बस स्टैंड तक जागरूकता रैली निकाली। मौके पर पार्वती देवी, पूनम देवी, हलिमा खातून, किरन्ति देवी, कलामणि थे।

## जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन, मनरेगा की पंचायत स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा :** प्रखण्ड के पंचायत सचिवालय के समीप देवी मंडप परिसर में मंगलवार को मनरेगा योजनाओं का पंचायत स्तरीय सामाजिक अंकेक्षण सह जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे मुखिया मनोज कुमार साहू,उप प्रमुख सत्येंद्र कुमार गुप्ता के अलावे ज्यूरी टीम के सत्येंद्र कुमार सिंह, सीता देवी, बिरेन्द्र कुमार यादव, बन्टी कुमार सदस्य के रूप में उपस्थित थे। जनसुनवाई के दौरान वितीय वर्ष 2021-22 तथा 2022-23 की लंबित योजनाओं का जनसुनवाई की गई। इस दौरान पंचायत के दर्जनों मामले ज्यूरी टीम के समक्ष आए।जहां मनरेगा के तहत आम बागवानी, वर्मी कम्पोस्ट, कुआं,डोभा व शेड निर्माण आदि योजनाओं से जुड़े थे। वही मापी पुस्तिका से अधिक भुगतान, योजना पूर्ण होने के बाद भी पिछले कई महीनों से राशि का भुगतान न होना,एम आर में जारीकर्ता पदाधिकारी का हस्ताक्षर न होना आदि मामले आये।जिसका ज्यूरी टीम ने मौके पर निष्पादित कर एजेंसी को दुबारा गलती न करने की हिदायत दी। मौके पर समाजिक अंकेक्षण टीम से जयप्रकाश पासवान, दीपक कुमार गुप्ता, बिकेश कुमार मेहता, विवेक पांडेय, संजीव कुमार मेहता, अनीश कुमार, कल्पना मिश्रा, संगीता कुमारी, सनोज परहिया, पंचायत सेवक रामजी साव, रोजगार सेवक मुसाफिर यादव, समाजसेवी लवकुश कुमार गुप्ता आदि मौजूद थे।

# गारु कौशल प्रशिक्षण केन्द्र में पेरेंट्स मीटिंग का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** एसजीआरएस एकेडमिक प्राईवेट लिमिटेड द्वारा मुख्यमंत्री सारथी योजना अंतर्गत बिरसा योजना के तहत चल रहे कौशल प्रशिक्षण केंद्र गारू प्रखंड के +2 उच्च विद्यालय गारू में मंगलवार को पेरेंट्स मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न गांवों से कई ग्रामीणों ने भाग लिये जिनका बच्चें कौशल प्रशिक्षण ले रहे हैं। इस प्रोग्राम में मुख्य रूप से उपस्थित एसजीआरएस एकेडमिक प्राईवेट लिमिटेड के दीपक कुमार राम ने बताया कि मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत सरकार के द्वारा बेरोजगार युवक युवतियों के लिए कई तरह के लाभ दिया जा रहा है। जिसमें निःशुल्क प्रशिक्षण के साथ साथ आने जाने के लिए यात्रा भत्ता दिया जा रहा है। तथा प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद रोजगार तथा स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है साथ ही अगर किसी कारण रोजगार नहीं लगने पर सरकार के द्वारा बेरोजगारी भत्ता के तौर पर किशोरियों को 1500 तथा युवकों को 1000 रुपए प्रतिमाह पूरे एक वर्ष तक दिया जाएगा। इस कार्यक्रम में गारू प्रखंड प्रमुख सीता देवी, धांगर टोला पंचायत के मुखिया पति, केंद्र प्रबंधक रायमल यादव, अमित कुमार गोंड, दिगंबर रविदास तथा एसजीआरएस एकैडमिक प्राइवेट लिमिटेड के कई कर्मी उपस्थित रहे।

## आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम प्रखंड मुख्यालय के सूर्य मंदिर प्रांगण में हुआ सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड पंचायत मुख्यालय के सूर्य मंदिर प्रांगण में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम मंगलवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित के साथ किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड प्रमुख अनीता यादव जिला परिषद सदस्या अनीता देवी उप प्रमुख प्रीतम यादव मुखिया निर्मला देवी 20सुत्री अध्यक्ष विनोद पासवान प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिनाथ महतो के साथ अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारीओं उपस्थित थे। इसके तहत अनेकों विभाग ने स्टॉल लगाए। जहां कल 661 आवेदन जमा हुए। जिसमें ग्रामीणों ने अपनी मांगों को पूरा करने एवं सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए अलग-अलग स्लॉट में सैकड़ो आवेदन जमा किया। आगे बताते चलें कि सबसे ज्यादा अबुआ आवास को लेकर ग्रामीणों ने लगभग 300 आवेदन जमा किए। जहां बीडियो ने कहा की अबुआ आवास के लिए अपनी फॉर्म स्वयं जमा करें। किसी बिजोलिया एवं दलाल के हाथों फार्म जमा नहीं करवाएं। बिचौलियों द्वारा एक भी फॉर्म जमा नहीं किया जाएगा। एवं उनके फार्म ऑनलाइन नहीं किए जाएंगे।खाद्य आपूर्ति कार्ड बनाने को लेकर लगभग 10 आवेदन प्राप्त हुए।एवं सोना सोबरन के तहत 52 लाभार्थियों को धोती साड़ी भी दिया गया। कृषि पशुपालन स्लॉट में पशुओं के लिए 31 लाभार्थियों को निशुल्क दवाई दी गई। समाज सुरक्षा के तहत 32 लोगों का फार्म जमा किया गया।

## आजसू की बैठक में ग्राम कमेटी गठन पर चर्चा

**बारियातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित खेल के मैदान में आजसू पार्टी की प्रखंड स्तरीय एक बैठक प्रखंड अध्यक्ष बिनोद राम के अध्यक्षता में किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय सचिव जितेंद्र कुमार सिंह, लातेहार जिला अध्यक्ष अमित कुमार पांडेय, जिला प्रवक्ता नितेश कुमार पांडेय, जिला कोषाध्यक्ष सद्दाम अंसारी, उपाध्यक्ष विजेंद्र दास मौजूद। बैठक मे उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष पाण्डेय ने पार्टी के विचार धाराओं को चर्चा करते हुए पार्टी को मजबूत बनाने का अहवान किया। प्रखंड कमेटी के द्वारा आये सभी अतिथियों को पार्टी का पट्टा व माला पहना कर स्वागत किया गया। मौके पर प्रखंड सचिव श्रवण उरांव, मोहन उरांव, मो ईसा, सुकुल लोहरा, रामशंकर राम, देवलाल उरांव, रामाधिन भुईयां, अरविंद प्रजापति, पुनू यादव, योगेष उरांव, भुपेश यादव सहित कई लोग मौजूद रहे।

# कृषि विज्ञान केंद्र में विश्व मृदा दिवस का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** जिला मुख्यालय स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र के एग्री क्लीनिक में आज विश्व मृदा दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन देवरिया पंचायत के मुखिया कृष्ण कुमार दूबे ने की। कार्यक्रम का शुरूआत करते हुए वैज्ञानिक इजि. विनोद कुमार पाण्डेय ने अन्नदाताओं का स्वागत करते हुए कहा कि फसलो के उत्पादन बढाने एवं भूमि से स्वास्थ्य अर्थात मिट्टी की उपज शक्ति को बढाने के लिए तीन से चार साल के अन्तराल पर खेत की मिट्टी को सही ढंग से ली गई मिट्टी नमुने की जांच का जरूरी बताया। उन्होने विश्व मृदा स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सभी किसानो से यह अनुरोध किया कि उत्पादन को बढाने के साथ साथ मिट्टी के स्वास्थ्य का भी ख्याल रखें जिससे कि मिट्टी से निरंतर हम अच्छी उपज ले सके। उन्होने किसानो से कहा कि किसान भाई मिट्टी जाँच अवश्य कराये एवं जाँच के उपरान्त ही खेतो मे खाद डाले। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजुद देवरीया पंचायत के मुखिया गुड्डु दूबे ने कहा कि मृदा का स्वास्थ्य दिन प्रतिदिन गिरते जा रहा है। जिसका मुख्य कारण असंतुलित उर्वरक का प्रयोग, मिट्टी मे उपलब्ध मुख्य अव्यव एवं सुक्ष्म तत्वों की उपलब्धता की जानकारी नही होना एवं एक ही खेत मे हमेशा एक ही तरह के फसल लेने के कारण है। चतरा जिले के करीब 15 प्रतिशत जमीन पुर्णरूप से अमलीय है। जिसकी सुधार करना अति आवश्यक है। कार्यक्रम में प्रखण्ड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी सह प्रभारी प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी श्याम सुन्दर राम ने कहा कि मां का लगन जिस तरह से अपने औलाद से होता है उसी तरह से किसान को अपना मिट्टी से होता है। मिट्टी का कोई विकल्प नही होता है। उन्होने बताया कि हरीत क्रांति के लिए मिट्टी की जांच एक महत्वपूर्ण कार्य हैए इस कार्य को एक मिशन के तरह निभाना है।कार्यक्रम मे अभिजित घोष ने चतरा जिले के मिट्टी से स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी किसानो के दी एवं मिट्टी से स्वास्थ्य सुधार के उपाय भी बताये। उन्होने बताया कि कृषि विज्ञान केन्द्र, चतरा में स्थापित मृदा जॉच प्रयोगशाला में चतरा जिले के अलावे कोडरमा, हजारीबाग, गुमला, लोहरदगा, डाल्टेनगंज, सिमडेगा, पूर्वी सिंहभूम, जामताडा, बोकारो, धनबाद की मिट्टी की जांच की जा रही है।

# सनकी भतीजे ने चाचा को गला काट कर की हत्या



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** थाना क्षेत्र के खपिया गांव में बीते शाम सात बजे एक सनकी भतीजे ने अपने हीं चाचा को दाब से गला काट कर मौत के घाट उतार दिया। यह हत्या खपिया गांव निवासी भोलेशंकर साव पिता स्व नागेश्वर साव की है। वहीं हत्यारे भतीजे प्रमोद साव पिता स्व टेकन साव ने विभत्स तरीके से चाचा भोलेशंकर साव को गला रेत कर हत्या कर दिया है। जानकारी के अनुशार हत्यारे प्रमोद साव सिमरिया चौक पर मंदिर के समीप फल बेचता था। मृतक चाचा भोलेशंकर भी सिमरिया चौक पर खाद्य बीज का दुकान था और सभी भाई एवं भीतेजे को देखरेख किया करता है। परिवारिक उत्थान के पिच्छे भोलेशंकर का मेहनत का नतीजा था। हत्यारे प्रमोद फल बेचने में काफी नुकशान हो गया था जिससे कर्ज महाजन बढ़ गया था। जिसे लेकर वह काफी डिप्रेशन में रहता था और मृतक चाचा को अपने हिस्से की जमीन बेच बकाया रुपया चुकता करने की जिद करता रहता था। मृतक चाचा जमीन नहीं बेचने की सलाह हमेशा करते रहते थे। चुकी आरोपी के तीन केवल पुत्री है। जिसे लेकर जमीन बेचने नहीं बेचने की नसीहत देते रहते थे। बीते शाम दोनों चाचा भतीजे सिमरिया चौक से घर पर गए थे कि शाम सात बजे जमीन बेचने की जिद आरोपी प्रमोद पुनः जिद करने लगा। मृतक भोलेशंकर ने पूर्व की तरह नहीं बेचने को बात कही इसी बात पर आरोपी ने बकरा काटने वाला तेज धारदार चापड़ से वार कर दिया जब चाचा जमीन पर गिर गया तो पुनः लगातार वार कर गला काट हत्या कर दिया । हत्या कर हाथ में चापड़ लिए फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते हीं पूरे गांव में सनसनी फैल गयी। वहीं इसकी सूचना थाना प्रभारी विवेक कुमार को दिया गया। थाना प्रभारी ने दलबल के साथ घटना स्थल पहुंच शव को अपने कब्जे में कर चतरा पोस्टमार्टम के लिए भेज कर आरोपी प्रमोद पर हत्या की प्राथमिकी दर्ज कर ली है। घटना से परिवार लोगों में काफी दहशत है। और रोरो कर बुरा हाल है। वहीं गांव में मातम का माहौल बना हुआ है।

## उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक द्वारा मंडल कारा चतरा में चलाया गया छापेमारी अभियान



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त अबु इमरान व पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन द्वारा संयुक्त रूप से मंडल कारा चतरा में छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी अभियान के क्रम में सभी पुरुष व महिला कैदी वार्ड, अस्पताल, भंडार गृह रसोई घर, सुरक्षा के दृष्टिकोण से लगाए गए सीसीटीवी, कैदियों की संख्या, कैदियों को मिलने वाली सुविधाएं समेत पूरे जेल परिसर का बारीकी से निरीक्षण किया गया। उपायुक्त ने मीडिया से बताया कि छापेमारी के दौरान कैदी वार्ड से कुछ खैनी तंबाकू के अलावा कोई भी आपत्ति जनक सामग्री नहीं मिला है। उपायुक्त ने आगे बताया कि सुरक्षा के मद्देनजर आगे भी लगातार जेल में नियमित रूप से छापेमारी अभियान चलाई जाएगी। इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी चतरा सुरेंद्र उरांव, अनुमंड पुलिस पदाधिकारी चतरा अविनाश कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिमरिया अशोक प्रियदर्शी, काराधीक्षक, जेलर, प्रखंड विकास पदाधिकारी चतरा समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र



## संक्षिप्त खबरें

### पूर्व मुखिया दशरथ यादव ने अपने पिता की दूसरी पुण्यतिथि पर शोक सभा का किया आयोजन

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरही प्रखंड अंतर्गत विजैया पंचायत के पूर्व मुखिया सह सामाजिक कार्यकर्ता दशरथ यादव ने अपने आवास पर अपने पिता का दूसरी पुण्यतिथि को लेकर शोकसभा का आयोजन किया। शोकसभा में मुख्य रूप से उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा पूर्व जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मोहम्मद कयूम सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। शोक सभा में पहुंचे सभी लोगों ने पूर्व मुखिया दशरथ यादव के पिता स्वर्गीय चमन यादव के तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। मौके पर उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा पूर्व जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मोहम्मद कयूम,रघु मोदी,सुरेश यादव, चंद्रिका प्रसाद, विजय यादव, सहदेव शर्मा, संजय यादव, किशोर यादव, बैजनाथ यादव, उदय यादव, पवन यादव, सुनील यादव, सीता देवी, कुमकुम देवी,योगेंद्र यादव, सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

### सीपी चेयर पाकर दिव्यांग बालक उत्साहित सरकार को दिया धन्यवाद

**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरही टाउन हॉल में सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत बरही पश्चिमी पंचायत शिविर के माध्यम से बरहीडीह निवासी कृष्ण ठाकुर के पुत्र दिव्यांग सुमित कुमार को पंचायत समिति सदस्य जितेंद्र कुमार दिव्य के प्रयास से सांकेतिक बाल विकास परियोजना के माध्यम से बीडीओ के हाथों सीपी चेयर दिया गया। दिन दिव्यांग बालक सीपी चेयर पाकर अति उत्साहित हुए। मौके पर उनके माता-पिता को खुशी से आंखों में आंसू छलके और झारखंड सरकार को धन्यवाद दिया। मौके पर बरही सीओ रामनारायण खलको, सीडीपीओ नीलू रानी, विस प्रतिनिधि छठ्ठु गोप, विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, मुखिया शमशेर आलम, बीसीओ संजय यादव, बीपीएम दीपक कुमार,टिंकू आलम सहित कई लोग उपस्थित थे।

### अदानी के कोल ब्लॉक के खिलाफ किसानों का धरना 8 महीनों से अनवरत जारी

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** देश का दूसरा सबसे बड़ा किसान आंदोलन झारखंड के हजारीबाग जिला के बड़कागांव प्रखंड में हो रहा है। यह आंदोलन बड़का गांव प्रखंड के गोंदलपुरा गांव में हो रहा है जिसमें पांच गांव के हजारों किसान महिला पुरुष शामिल है। आंदोलन के 8 महीने बीत चुके हैं लेकिन जिला प्रशासन राज्य सरकार और केंद्र सरकार के एक भी छोटे-बड़े पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि ने संज्ञान नहीं लिया। यह आंदोलन पांच गांव के ग्रामीण इसलिए कर रहे हैं क्योंकि उनके गांव से कोयला खनन किया जाएगा। जिसमे गोंदलपुरा, हाहे, बलोदर, गाली गांव शामिल हैं। उक्त गांव में कोयला खनन का कार्य अदानी कंपनी को दिया गया है जबकि सभी गांव की जमीन खेती योग्य है। जिस पर एक वर्ष में 3 से 4 फसलों का उत्पादन किसान आसानी से करते हैं और अपने घर परिवार का पालन - पोषण करते हैं। भूमि अधिग्रहण कानून 2013 में साफ स्पष्ट है कि उपजाऊ भूमि का अधिग्रहण नहीं होगा और उसे किसी प्रकार का कोई खनन कार्य नहीं किया जा सकता है। फिर भी केंद्र सरकार राज्य सरकार और जिला प्रशासन के पदाधिकारी नियम कानून को ताक पर रखकर हजारों ग्रामीण महिला पुरुष और पांच गांव के बच्चों का भविष्य अंधेरे में धकेलना चाहते हैं। का कार्य कर दिया है।लगातार 8 महीने से शांतिपूर्ण धरना दे रहे ग्रामीणों का कहना है कि हम किसी भी सूरत में अदानी कंपनी और कोयला खनन कंपनी को अपनी जमीन नहीं देंगे। हजारीबाग के पूर्व सांसद और झारखंड राज्य विस्थापित संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि 8 महीने बीत गए ग्रामीण 24 घंटे 30 दिन शांतिपूर्ण तरीके से धरना प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन जिला प्रशासन ग्रामीणों से बात करने की चिंता छोड़कर अदानी कंपनी को सहयोग कर रही है। शांतिपूर्ण तरीके से धरना पर बैठे ग्रामीण महिला पुरुषों पर जिला प्रशासन ने मुकदमा दर्ज किया है। अब यह आंदोलन बड़का गांव से उठकर पूरे राज्य में फैलेगा और विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा के सदस्य सभी क्षेत्र में विस्थापितों के न्याय के लिए चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करेंगे।

### प्रखंड क्षेत्र के ग्राम सूर्यकुण्ड में दिनदहाड़े धडल्ले से जेसीबी मशीन से डोभा का निर्माण कार्य किया जा रहा

**बरकट्ठा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत बेलकप्पी स्थित ऐतिहासिक धार्मिक पर्यटन स्थल सूर्यकुंड धाम परिसर से महज दो सौ मीटर की दूरी पर बेखौफ होकर दिनदहाड़े भ्रष्टाचारियों के दलालों के द्वारा गैरमजरूआ जमीन पर धडल्ले से भोलेभाले लाभूक के नाम से महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के तहत डोभा निर्माण कार्य का योजना चयन कर जेसीबी मशीन से निर्माण कार्य करवाया जा रहा था।जबकि मनरेगा योजना में साफ-साफ सरकार के आदेशानुसार कानून बनाया गया है कि मजदूरों को एक वर्ष में एक सौ दिनों की रोजगार मुहैया कराने की गारंटी सरकार के द्वारा दिया गया है.परतुं मजदूरों के पेट में लात मारने की कोशिश स्थानीय स्तर के विचौलियों एवं भ्रष्टाचारियों के दलालों के द्वारा भोलीभाली जनता के नाम से मनरेगा डोभा निर्माण कार्य योजना का चयन कर गैरकानूनी तरीके से दिनदहाड़े जेसीबी मशीन से निर्माण कार्य करवाने का कार्य बेखौफ तरीके से किया जा रहा था।जब स्थानीय लोगों को इस अवैध डोभा निर्माण कार्य योजना के बारे में भनक लगी तो निर्माण कार्य स्थल में जाकर देखा गया तो जेसीबी मशीन से डोभा का खुदाई किया जा रहा था।परतुं डोभा निर्माण कार्य करवा रहे सोमर नायक पिता स्वः-विशुन नायक के द्वारा बताया गया कि खेत का निर्माण कार्य किया जा रहा है.जब उक्त स्थल पर मौजूद ग्रामीणों के द्वारा पूछा गया कि साफ नजर आ रहा है कि डोभा मॉडल में सीढीनुमा आकार में खेत नहीं डोभा का निर्माण कार्य किया जा रहा है.तो मौजूद जेसीबी मशीन के मालिक के द्वारा बोला गया कि हम समझ गए कि आप ग्रामीण लोग मनरेगा योजना मशीन से नहीं करवाने दिजियेगा।जिस निर्माण कार्य कि शिकायत बीपीओ श्याम वर्मा से किया गया तो बीपीओ के द्वारा बोला गया कि तत्काल निर्माण कार्य को रोक दिया गया है.ओर न ही इस योजना का राशि भुगतान किया जायेगा।जब लाभूक के नाम के बारे में पूछा गया तो बीपीओ के द्वारा बताया गया कि मुझे एक दिन का समय चाहिए तभी हम पता करके लाभूक का नाम बतायेंगे.स्थानीय उपमुखिया छत्रधारी ठाकुर ने बताया कि अगर मनरेगा योजना में जेसीबी मशीन का प्रयोग किया जा रहा है तो सरकारी नियमों का उल्लंघन है दोषियों पर नियमसंगत कार्यवाई होनी चाहिए.वंही ग्रामीणों ने बताया कि उक्त डोभा निर्माण कार्य योजना राजू मंडल पिता स्व-सुखदेव मंडल के नाम से पारित हुआ है।लाभूक राजू मंडल से पूछा गया कि आप जेसीबी मशीन से निर्माण कार्य क्यों करवा रहे हैं तो राजू मंडल ने बताया कि हम कागजी प्रक्रिया करवाने का कार्य किया था परतुं डोभा कौन बना रहा है मुझे नहीं मालूम यह जांच करने का विषय है.इस संदर्भ में रोजगार सेवक शिव शंकर यादव के द्वारा अपने बचाव में बताया गया कि उक्त स्थान पर किसी भी प्रकार का मनरेगा से संबंधित योजना पारित नहीं किया गया है।अब ग्रामीणों के बीच कोतूहल का विषय यह बन गया है कि जब भ्रष्टाचार में संलिप्त पदाधिकारी हीं अपने बचाव में योजना देने के बाद भी अगर गैरकानूनी का पर्दाफाश किया जाता है तो अपने बचाव में योजना चयन प्रक्रिया को ही झूठा साबित करने का प्रयास किया जा रहा है.जो काफी सोचनीय विषय है।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर के 68वीं पुण्यतिथि पर 6 दिसंबर को पदमा में कार्यक्रम का होगा आयोजन

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुद्धा फाउंडेशन ट्रस्ट एवं विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान से आगामी 6 दिसंबर बुधवार को भारतीय संविधान के निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के 68 में पुण्यतिथि पर पदमा प्रखंड अंतर्गत सरैया में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी बुद्धा फाउंडेशन ट्रस्ट के संस्थापक राजकुमार दास ने दी है। दास ने कार्यक्रम का विस्तृत जानकारी देते हुए आगे कहा है कि कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर बाबा साहब के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया जाएगा तत्पश्चात विचार संगोष्ठी एवं अत्यंत गरीब असहाय परिवारों के बीच कंबल का वितरण किया जाएगा।जिसके मुख्य अतिथि भारतीय बुद्धिस्ट सोसाइटी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष भंते जैनेंद्र कुमार तथागत व विशिष्ट अतिथि विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन के अध्यक्ष मंजीत यादव बुद्धा फाउंडेशन ट्रस्ट के प्रदेश कोऑर्डिनेटर अनिल कुमार साहू जिला कोऑर्डिनेटर संतोष कुमार यादव अंबेडकर ग्रामीण सहयोग समिति प्रखंड अध्यक्ष शंभू रविदास बामसेफ भारतीय विद्यार्थी मोर्चा के जिला अध्यक्ष प्रकाश कुमार पासवान रविदास महासभा के प्रखंड अध्यक्ष राजू रविदास विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन के संस्थापक सदस्य कुणाल कतरियार, नरेश सिंह, शरीफुल हक, जमुना यादव, रघुनंदन गोप, वार्ड सदस्य पिंटू कुमार दास, रविंद्र रविदास, उमेश कुमार, किशोर कुमार, सहित सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल होगे।

## मां विंध्यवासिनी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** पदमा स्थित मां विंध्यवासिनी कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन में मंगलवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर चेतलाल प्रसाद ने किया। इस कार्यक्रम में पदमा प्रखंड विकास पदाधिकारी मृत्युंजय प्रसाद ने ने बताया कि फॉर्म 6 वोटर का नामांकन हेतु ,फार्म 7 वोटर सूची



से नाम हटाने हेतु, एवं फॉर्म 8 में स्थान परिवर्तन के लिए आप फॉर्म अप्लाई कर सकते हैं द्य साथ ही उन्होंने इससे संबंधित उदाहरण भी प्रस्तुत किया।जिसमें उन्होंने बताया कि एक वोट हेतु गुजरात के गिर जंगल में मतदान केंद्र बनाया गया है मात्र सात वोट के लिए सिया चीन मे बुथ बनाया गया, ताकि कोई भी व्यक्ति मतदान करने से वंचित ना रहे।उन्होंने बताया कि आज जानकारी के अभाव में सम्पूर्ण भारत में करोड़ो लोग अपने मत का प्रयोग करने से वंचित रह जाते हैं, उन्होंने एक एक मत के महत्व के बारे मे भी जानकारी दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रबंधक ,प्राचार्य, प्राध्यापक एवं प्रशिक्षु उपस्थित थें ।

## झारखण्ड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने किया जिला का भ्रमण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** झारखण्ड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य रूचि कुजूर ने हज़ारीबाग का दौरा किया बाल अधिकार और संरक्षण से सम्बंधित विषय पर सम्बंधित पदाधिकारी गण के साथ बैठक परिसदन भवन हज़ारीबाग में किया,इस अवसर पर जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी संजय प्रसाद, एल पी ओ राकेश कु सिंह,पी ओ एन आई सी दीप नारायण चौधरी और संगीता कुमारी,जिला बाल कल्याण समिति सदस्य भारती नयन, कविता सिन्हा, पायल सिन्हा इत्यादि उपस्थित थे, जिला में बच्चों से सम्बंधित शिक्षा का अधिकार, बाल पलायन, बाल श्रम, पोषण,मादक पदार्थो का सेवन, स्मार्ट फोन का दुरूपयोग इत्यादि से सम्बंधित विषय पर विचार विमर्श किया और उसके निराकरण, जागरूकता पर निर्णय लिया गया।

## राणी सती मंदिर में भव्य मंगल पाठ का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** शहर के मालवीय मार्ग स्थित राणी सती मंदिर परिसर में दो दिवसीय मार्गशीर्ष महोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। मंगलवार को मंदिर परिसर में भव्य मंगल पाठ का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मंदिर के प्रधान पुजारी शशिकांत मिश्रा के द्वारा राणी सती दादी की पूजा अर्चना की गई इसके बाद मंगल पाठ विधिवत रूप से प्रारंभ हुआ। पाठ करीब 5 घंटे लगातार चला। मंगल पाठ में शहर के सुप्रसिद्ध भजन गायक विकास



सुगंध कैलाशी ने दादी के जन्म से लेकर विदाई तक के अनेकों भजन प्रस्तुत कर दादी भक्तों को जमकर झुमाया।वही पाठ के दौरान गजरा उत्सव, दादी का जन्म उत्सव जैसे अनेकों उत्सव दादी भक्तों के द्वारा आयोजित गई।पाठ के दौरान सभी महिलाएं राजस्थानी परिधान में सम्मिलित हुई। दादी के जन्म के वक्त दादी भक्तों के द्वारा टॉफी का वितरण किया गया वहीं विदाई के वक्त मेहंदी का वितरण किया गया। अंत में राणी सती दादी की भव्य आरती के साथ मंगल पाठ संपन्न हुआ,जिसके बाद दादी भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण भी किया गया। आज बुधवार को मंदिर परिसर मे प्रातःकाल में राणी सती दादी की पूजा अर्चना के उपरांत देर शाम तेरह सुहागन महिलाओं के द्वारा भव्य महा आरती के साथ दो दिवसीय मार्गशीर्ष महोत्सव संपन्न होगी।

## बड़कागांव प्रखंड कार्यालय में दिव्यांग जांच शिविर का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड कार्यालय में कल्याण विभाग की ओर से दिव्यांग जांच कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें हजारीबाग के डॉक्टर की टीम के द्वारा 73 दिव्यांगों की जांच की गई। जांच के उपरांत दिव्यंगों का नाम आगे प्रमाण पत्र के लिए अनुमोदित किया जाएगा। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बड़कागांव मे 15 फाइलेरिया के मरीजो को उनके घर में देखभाल के लिए जानकारी दी गई और व्यायम





करने कि सलाह दी गई। साथ ही मरीजो को जरूरत कि सामाग्री (टब, मग, साबुन, तोलिया, सेबलोन, गलबस, मलहम और 12 दिन के दवा का डोज) वितरण किया गया। शिविर में 15 फाइलेरिया मरीजों का दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने का प्रक्रिया किया गया है। मौके पर बड़कागांव सीएचसी प्रभारी डॉ अविनाश प्रसाद, मलेरिया प्रभारी तरुण शर्मा और पीरामल फाउंडेशन के रितेश कुमार सिंह शामिल हुए।

## दर्जनों लोगों ने थामा आजसू का दामन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड अंतर्गत ग्राम मिर्जापुर में दर्जनों लोगों ने आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रत्याशी रोशनलाल चौधरी के उपस्थित में आजसू पार्टी का दामन थामा। रौशन लाल चौधरी ने सभी कार्यकर्ताओं को आजसू पार्टी का पट्टा पहना कर पार्टी में स्वागत किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार विकास के नाम पर सिर्फ बड़े-बड़े वादे कर रही है। आजसू पार्टी के नेता जात-पात से उठकर विकास की राजनीति करते है। आने वाला 2024 विधानसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत से सरकार



बनाएंगे। सदस्यता ग्रहण करने वालों में नंदलाल महतो, रविशंकर कुमार, मुनेश्वर कुमार, बैजनाथ महतो, देवनारायण महतो, कामदेव महतो, तुलसी महतो, केसर महतो, रंगदार महतो, राजेंद्र महतो, केवल महतो, राजेश कुमार, गणेश कुमार, राम विलास कुमार, सचिन कुमार, संजीत कुमार, बालेश्वर महतो, कामेश्वर महतो, प्रयाग महतो सहित अन्य लोग शामिल हैं। मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार वर्मा, केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, उपेंद्र कुमार, गिरेंद्र प्रसाद, तपेश्वर कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### आरएनवाईएम महाविद्यालय में स्व. रामनारायण यादव की 39वीं पुण्यतिथि मनाई गई

## शिक्षित समाज का निर्माण करना मेरे पिता का था लक्ष्य : मनोज यादव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** मंगलवार को आरएनवाईएम महाविद्यालय में स्व. रामनारायण यादव की 39 वी पुण्यतिथि मनाई गई। मौके पर पहुंचे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सह भाजपा नेता मनोज कुमार यादव, विद्यालय प्रतिनिधि शासी निकाय चंद्रशेखर प्रसाद, शिक्षाविद शासी निकाय विनोद कुमार यादव, प्राचार्य बिमल किशोर, जिप जिला उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, महाविद्यालय के सचिव परमेश्वर यादव, मुखिया संघ के अध्यक्ष विजय यादव, चौपारण मुखिया संघ के अध्यक्ष बीरेंद्र रजक, मुखिया मोतीलाल चौधरी, मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, विशेश्वर यादव, समाजसेवी रामस्वरूफ पासवान, सुरेंद्र रजक, गर्ल हाई स्कूल के प्राचार्य रविकांत ओम, सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र चंद्रवंशी आदि ने बारी-बारी से उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। अतिथियों को महाविद्यालय की ओर से बुके देखकर स्वागत किया गया। मौके पर पूर्व



विधायक सह भाजपा नेता मनोज कुमार यादव ने कहा की मेरे पिता एक साहसी, समाज के प्रति समर्पित व्यक्ति थे। समाज की सेवा करना उनका लक्ष्य था, राजनीतिक जीवन में आने के बाद हमलोगो को लगा की बरही में एक कॉलेज का निर्माण होना चाहिए और हमलोगो ने एक महाविद्यालय खोला जिनका नाम रामनारायण यादव कॉलेज रखा गया, आज इस महाविद्यालय से बरही विधानसभा के कई छात्र-छात्राएं लाभ रहे हैं। हालंकि यह महाविद्यालय को जिस गति से आगे हमलोग बढ़ाना चाह रहे थे, उसमे कुछ कमी रह गई उसका कई कारण है। लेकिन हमलोग फिर से इसे सवारने का कार्य हमलोग मिल करके करेंगे। इस कॉलेज में शिक्षा के साथ विद्यार्थियों के बीच व्यवहार का भी ज्ञान कैसे हो इस विषय पर भी उन्होंने बात रखी। प्राचार्य बिमल किशोर ने कहा की स्व रामनारायण यादव जिला के प्रसिद्ध अधिवक्ता थे। वे एक गंभीर प्रवृति के थे, पूरे महाविद्यालय की और से उन्हे श्रद्धा सुमन अर्पित करता हुं। वहीं जिला उपाध्यक्ष किशुन यादव ने कहा की स्व रामनारायण यादव भले ही हजारीबाग में रहते थे, लेकिन बरही वासियों के प्रति हमेशा चिंतित रहते थे, बरही में भय की राजनीतिक दूर उन्होंने ही किया। वहीं उनके सपनों का साकार उनके पुत्र मनोज कुमार यादव ने किया। स्व. रामनारायण यादव के सुपुत्र एवम शासी निकाय के सदस्य बिनोद कुमार यादव ने कहा की वे जहा भी रहें और जिस क्षेत्र में रहें वे हर जगह हावी रहे। सचिव परमेश्वर यादव ने कहा की उन्होंने बरही के हर वर्ग के लोग पसंद करते थे। आज करीब 6 हजार छात्र छात्राएं हमारे विद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहे है। वही जिप उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने कहा की पूर्व विधायक के प्रयास से महाविद्यालय का विकास हुवा।

## हजारीबाग विधायक मीडिया प्रतिनिधि ने भाजपा विधायक दल के नेता का किया स्वागत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** झारखंड के भाजपा विधायक दल के नेता सह एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमर कुमार बाउरी का सोमवार को हजारीबाग आगमन हुआ। जहां हजारीबाग परिसदन सभागार परिसर में हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने इंडोर पौधा भेंटकर उनका स्वागत और अभिनंदन किया। विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने बताया की उनके जन्मभूमि क्षेत्र चंदनकियारी विधानसभा के अमर कुमार बाउरी विधायक हैं और उन्होंने चंदनकियारी के विकास के साथ संपूर्ण झारखंड में भाजपा संगठन के मजबूती को लेकर अपना उत्कृष्ट योगदान दिया है। उन्होंने यह भी कहा की अमर कुमार बाउरी को विधायक दल का नेता बनाए जाने से भाजपा में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है ।ज्ञात हो की भाजपा विधायक दल के नेता अमर कुमार बाउरी हजारीबाग में दो शादी समारोह में भाग लेने पहुंचे थे लेकिन शादी समारोह में जाने से पूर्व उन्होंने हजारीबाग परिसदन सभागार में पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों से मुलाकात की और संगठनात्मक मजबूती को लेकर विशेष चर्चा- परिचर्चा भी किया ।

इस दौरान विशेष रूप से हजारीबाग परिसदन सभागर में अमर कुमार बाउरी के स्वागत में भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक यादव, बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी बटेश्वर प्रसाद मेहता, विधायक प्रतिनिधि विशाल वाल्मीकि, जिप सदस्य जीतन राम, एससी मोर्चा के जिला अध्यक्ष महेंद्र राम बिहारी, पप्पू पासवान, मिकु पासवान, समाजसेवी सुनील कुमार सहित अन्य दर्जनों लोग मौजूद रहें ।

## राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाना पार्टी का उद्देश्य : अब्दुल मनान वारसी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखण्ड के बरही पश्चिमी पंचायत में लोगों के लिये आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम नगर भवन में आयोजित हुई। इस कार्यक्रम में जरूरतमंदों की सहायता हेतु कांग्रेस पार्टी के द्वारा एक स्टॉल लगाकर लोगों का सहयोग किया गया और उनका फॉर्म भरने से लेकर हर योजना से सम्बंधित जानकारी उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने कहा की आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित शिविर को लेकर लाभुकों में काफी उत्साह देखा जा रहा है।

नगर भवन में पंचायत के लोगों ने भारी संख्या में अपने नजदीकी शिविर में पहुंचकर सरकार की जनकल्याणकारी योजना का लाभ उठाया। साथ ही शिविर में आमजनों





की समस्याओं का ऑन द स्पॉट निष्पादन एवं सुयोग्य लाभुकों के बीच कम्बल, धोती-साड़ी का वितरण भी किया गया। इस शिविर के माध्यम से आय, जन्म, मृत्यु जाति, आवासीय प्रमाण, दिव्यांगता प्रमाण पत्र, भूमि से संबंधित मामलों का निपटारा, आयुष्मान कार्ड, सोना सोबरन धोती साड़ी योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, पशुधन योजना,सर्वजन पेंशन योजना, कंबल वितरण के साथ साथ स्वास्थ्य कैंप भी लगाया गया। झारखण्ड़ सरकार के द्वारा पूरे राज्य में के विभिन्न पंचायत और वार्ड में शिविर लगाकर सरकार के योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों व्यक्तियों तक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है, कांग्रेस पार्टी भी वैसे जरूरतमंद लोगों को जागरुक कर इस शिविर तक पहुंचाने का हर संभव प्रयास करेगी और उनको सरकारी लाभ दिलाने का प्रयास करेगी जो सरकार के मापदंड को पूरा करेगा। शिविर लगाने का मुख्य उद्देश्य रहा लोगो को जागरूक करना, वैसे लोगो को मदद करना जो फॉर्म को नही भर सकते है।

## बरही पश्चिमी पंचायत में सरकार आपके द्वार शिविर में उमड़ी भीड़

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम बरही पश्चिमी पंचायत की शिविर बरही टाउन हॉल में आयोजित हुई। जिसका उद्घाटन विस प्रतिनिधि विस विधायक प्रतिनिधि छठ्ठु गोप, विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, बीडीओ क्रिस्टीन रिचा इंदवार, सीओ रामनारायण खलको, सीडीपीओ नीलू रानी,बीपीएम दीपक कुमार, बरही पश्चिमी मुखिया शमशेर आलम, उप मुखिया अजीत निषाद, पंसस जितेंद्र कुमार दिव्य, सामंत कुमार आदि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। जिसके बाद अतिथियों का स्वागत जेएसपीएलएस की दीदियों ने की। इस अवसर पर मंचासिन अतिथियों ने शिविर में पहुंचे लोगों को सरकार के द्वारा चलाए जा रहे हर योजनाओं की जानकारी दिया। वहीं उन्होंने कहा कि सरकार आप ही के पंचायत में अधिकारयों के रूप में पहुंची है,ताकि कोई काम लंबित ना



रहे। योजनाओ का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसलिए सरकार शिविर लगा रही है।

वहीं कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनाना वारसी सहित अन्य कार्यकर्ताओं के द्वारा एक अलग स्टॉल लगा कर उनका फॉर्म भरने से लेकर हर योजना से सम्बंधित जानकारी उपलब्ध कराई गई।

बता दें कि इस शिविर के माध्यम से आय जाति मृत्यु आवासीय दिव्यंगता प्रमाण पत्र, भूमि से संबंधित मामलों का निपटारा, आयुष्मान कार्ड,सोना सोबरन धोती साड़ी योजना, सावित्री बाई फूल किशोरी समृद्धि योजना,गुरु स्टूडेंट ऋण कार्ड, झारखंड खाद्य सुरक्षा योजना, अबुआ आवास, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, पशुधन योजना, सर्वजन पेंशन योजना, कंबल वितरण के साथ-साथ स्वस्थ कैंप भी लगाया गया है। आयोजित शिविर को लेकर लाभुकों में काफी उत्साह देखा गया। लोगों ने भारी संख्या में अपने नजदीकी शिविर में पहुंचकर सरकार की जनकल्याणकारी योजना का लाभ उठाया। साथ ही शिविर में आमजनों की समस्याओं का ऑन द स्पॉट निष्पादन एवं सुयोग्य लाभुकों के बीच धोती साड़ी का वितरण भी किया गया।

## सैमको म्यूचुअल फंड ने डायनेमिक एसेट एलोकेशन फंड लॉन्च किया

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रतिष्ठित निवेश प्रबंधन फर्म, सैमको एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड ने डायनेमिक एसेट एलोकेशन फंड को लॉन्च किया है। यह अनूठा फंड निवेशकों को आज के गतिशील बाजार परिवेश में स्थिरता, विकास क्षमता और नकारात्मक पक्ष से सुरक्षा का विशिष्ट मिश्रण प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह भारत का पहला डीएएएफ है जो कठिन समय में पूरी तरह से ऋण में स्थानांतरित होने की क्षमता के साथ गति मॉडल का पालन करता है। अधिकांश अन्य हाइब्रिड बीएएफ/डीएएएफ के मॉडल पी/बी, पी/ई आदि पर निर्मित मूल्यांकन मॉडल का पालन करते हैं। सैमको एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य निवेश अधिकारी उमेश कुमार मेहता ने कहा, सैमको म्यूचुअल फंड को डायनेमिक एसेट एलोकेशन फंड पेश करने पर गर्व है। यह भारत के निवेशकों की चिंताओं को दूर करने और जरूरतों को पूरा करने की हमारी प्रतिबद्धता का परिणाम है। डीएएएफ के साथ, हम ऐसा बेजोड़ समाधान प्रदान कर रहे हैं जो ड्रॉडाउन को कम करने के प्रयास के साथ अच्छे रिटर्न की क्षमता को बढ़ाता है। ट्रांसफॉर्मर मॉडल द्वारा समर्थित हमारा अभिनव दृष्टिकोण यह सुनिश्चित करता है कि निवेशक आत्मविश्वास के साथ बाजार में उतार-चढ़ाव से निपट सकते हैं। हमारा मानना है कि डीएएएफ निवेशकों के तरीके को फिर से परिभाषित करेगा उनके निवेशों को समझें और उनसे संपर्क करें, जिससे उन्हें मानसिक शांति और दीर्घकालिक धन सृजन के अवसर मिलेंगे। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए सैमको एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, विराज गांधी ने कहा, सैमको म्यूचुअल फंड में, हम नवोन्वेषी और मजबूत वित्तीय समाधानों के साथ निवेशकों को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता से प्रेरित हैं।

## पांच दिवसीय स्नूकर व पुल चैंपियनशिप 15 दिसंबर से



**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पांच दिवसीय (15 दिसंबर -19 दिसंबर) 16 वां स्नूकर एवं पुल चैंपियनशिप बरियातू स्थित गेमर्स गैराज क्लब में आयोजित होने जा रहा है। यह चैंपियनशिप शिक्षाविद डॉ. मोहम्मद जाकिर के जन्मदिन (19 दिसंबर) के उपलक्ष में विगत 15 वर्षो से आयोजित किया जा रहा है। इच्छुक खिलाड़ी अपना रजिस्ट्रेशन 14 दिसंबर तक करवा लें। रजिस्ट्रेशन के लिए हुए यश किंग (9155088000), राहुल सिंह (9262728999) और इंद्रजीत (9341316833) से संपर्क कर सकते हैं। इस बार के इवेंट - मास्टर स्नूकर 15 रेड्स, मास्टर स्नूकर 6 रेड्स, मिनी स्नूकर 15 रेड्स, मिनी स्नूकर 6 रेड्स, 9 बॉल्स और पूल है। विजेताओं एवं उप विजेताओं को कैश, ट्रॉफी एवं क्लब का मेंबरशिप दिया जाएगा।

## रीवर साईड सड़क दुघर्टना में दो युवक घायल रामगढ़ रेफर



**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भुरकुंडा थाना क्षेत्र के रीवर साईड पीओ आफिस स्थित सड़क दुघर्टना में रीवर साईड निवासी विकास कुमार सिंह उम्र 24 पिता दिलीप सिंह दुसरा युवक अजय कुमार पिता बालेश्वर करमाली दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें स्थानीय लोगों द्वारा भुरकुंडा सीसीएल अस्पताल लाया गया। जहा डाक्टरो द्वारा तत्कालीन इलाज करते हुए बेहतर इलाज के लिए रामगढ रेफर कर दिया। वही जानकारी अनुसार दोनों युवक शराब का सेवन कर अपने प्लसर बाइक पर सवार होकर भुरकुंडा से रीवर साईड घर की ओर जा रहा थे इस दौरान शराब की नशे में होने के कारण बाइक अनियंत्रित होकर विपरीत दिशा से आ रही हाइवा से जोरदार टक्कर हो गई। जिसमे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

## मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए शिविर का आयोजन



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के अंतर्गत जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में रामगढ़ जिला अंतर्गत पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने हेतु विशेष शिविर का आयोजन पुलिस लाइन रामगढ़ व समाहरणालय में किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ पीयूष पांडे के नेतृत्व में व उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता की उपस्थिति में जिन पुलिस अधिकारी एवं कर्मियो का नाम संबंधित क्षेत्र के मतदाता सूची में नहीं हो उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ने हेतु फॉर्म भरवाया गया। वहीं पुलिस अधीक्षक के द्वारा सभी से अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करने की अपील की गई।

# झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की हुई बैठक

### टाइगर जयराम महतो के विचारधाराओं को जन-जन तक पंहुचाने का लिया शपथ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोला :** प्रखंड क्षेत्र के संग्रामपुर पंचायत में इकाई कमेटी विस्तार एवं जन जागरूकता को लेकर सरला कलां फुटबॉल मैदान में कार्यक्रम आयोजित किया गया।मुख्य अतिथि देवेन्द्र नाथ महतो एवं संजय मेहता मौजुद थे। देवेन्द्र नाथ महतो, संजय मेहता, युगेश चंद्र भारती, पणेश्वर, सानिया प्रवीण, लीलावती देवी एवं त्रिभुवन महतो ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि अब हम झारखंडियों को एक जुट होकर झारखंड का नव निर्माण करने के लिए राज्य के बाग डोर को पढ़े लिखे युवाओं के हाथों में सोपना होगा तभी हम झारखंडियों को अपना हक अधिकार मिल सकता है। छ्क्क्यस्स् को महतो पार्टी बोलने वालों को सानिया परवीन ने अपने संबोधन कर उन्हे बताया कि यह पार्टी झारखंडियों का है। साथ ही झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के सभी सदस्यों ने सपथ लिया की टाइगर जयराम महतो के विचार धाराओं को जन जन तक पहुंचना है। आयोजित बैठक में संग्रामपुर पंचायत के संरक्षक लकेसर महतो, अध्यक्ष मंगल महतो, उपाध्यक्ष त्रितनाथ महतो, सचिव रिंकु कुमार महतो, उपसचिव चुरामन पटेल, अंकित महतो, कोषाध्यक्ष विनोद महतो, संगठन सचिव लालू महतो, मीडिया प्रभारी सदाम हुसैन, कार्यकारणी सदस्य निरंजन महतो, किनु महतो, बावड़ी महतो, मुरलीधर महतो, निर्मल महतो, लदन मुंडा, आलेश कुमार महतो, चोलेश्वर महतो, बिहारी लाल महतो, मारती कुमार, महेश मुर्मू, पवन कुमार, युगेश, सुजीत, सागर, गुरुदेव, अमित महतो। महिला कमिटी के संरक्षक बसंती देवी, अध्यक्ष सोनी देवी, उपाध्यक्ष कुमली देवी, सचिव गीता कुमारी, उपसचिव सरिता देवी, कोषाध्यक्ष रेखा देवी, मीडिया प्रभारी लक्ष्मी कुमारी, कार्यकारणी सदस्य चिन्ता मनी देवी, झिमली देवी, उर्मिला देवी, सावित्री देवी, रीणा देवी, गीता देवी, सुरोपति देवी, पुनम देवी, फुलवंती देवी, चानो देवी, गीता देवी, लालको देवी, सुगीया देवी को सर्व सहमति से बनाया गया।

## कुंदरु कला पंचायत में आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का हुआ आयोजन

### सावित्रीबाई फुले किशोरी योजना के तहत चेक का हुआ वितरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रजरप्पा :** रामगढ़ प्रखंड के कुंदरु कला पंचायत स्थित पंचायत कार्यालय परिसर में मंगलवार को आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी रीना कुजूर 20 सूत्री जिला उपाध्यक्ष दिनेश मुंडा रामगढ़ पार्षद धनेश्वर महतो रामगढ़ बीडीओ पूजा कुमारी सीओ सत्येंद्र पासवान, अंचल निरीक्षक राजाराम मुंडा मुखिया किसुन राम मुंडा, बीस सुत्री सदस्य हीरालाल महतो, पंचायत सेवक संजीव कुमार करमाली एवं महेश प्रजापति , बीस सूत्री सदस्य द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में विभिन्न विभाग के कर्मियों ने कल 24 अलग-अलग स्टॉल लगाकर पंचायत के लोगों की समस्या सुन व ऑन द स्पॉट कई समस्याओं का निष्पादन किया। जिला के पदाधिकारी द्वारा विभिन्न इंस्टॉल का निरीक्षण किया गया शिविर में अबुआ आवास, पेंशन, राशन, जाति, आय, मनरेगा सहित कई विभाग के स्टॉल लगाए गए थे।

## अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ रामगढ़ के जिला समिति की बैठक हुई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ रामगढ़ के जिला समिति की बैठक चितरपुर ओवरब्रिज स्थित एक होटल में हुई। बैठक में मुख्य रूप से ग्रामीण डाक सेवक संघ के रामगढ़ शाखा सचिव शैलेन्द्र कुमार सिंह ने ग्रामीण डाक सेवकों की मांगों को लेकर 12 दिसंबर से अनिश्चिकालीन हड़ताल पर जाने के लिए हुए निर्णय पर चर्चा की गयी। साथ ही केंद्रीय संघ के निर्णय के आलोक में रामगढ़ डिवीजन द्वारा अनिश्चिकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया गया। संघ के शाखा सचिव शैलेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि समूह बीमा कवरेज को पांच लाख रुपये तक बढ़ाने, जीडीएम ग्रेच्युटी में वृद्धि करने, कर्मियों के परिवार को चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने, विभागीय इन्क्रीमेंट तीन प्रतिशत से बढ़ा कर 10 प्रतिशत करने, पेंशन समेत अन्य लाभ देने, जीडीएस के कार्य को पांच घंटे से बढ़ा कर आठ घंटे करने, टारगेट के नाम पर जीडीएस का शोषण बंद करने, डाकघर की सेवाओं को बढ़ाने और काम में तेजी लाने के लिए सभी शाखा कार्यालयों को लैपटॉप, प्रिंटर व ब्रॉडबैंड नेटवर्क की सुविधा देने समेत अन्य मांगे शामिल हैं।मांगों को लेकर आंदोलन करते आये हैं।

### सयाल के के पंचायत में लगा सरकार आपके द्वार कार्यक्रम, अंबा प्रसाद हुई शामिल

# अपने-अपने बच्चों को पढ़ाने-लिखाने का कार्य करें परिजन : अंबा प्रसाद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** सयाल के के पंचायत में मंगलवार को झारखंड सरकार द्वारा चलाए जा रहे आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद व विशिष्ट अतिथि में प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज गुप्ता व अंचलाधिकारी शिव शंकर पाण्डेय,के के पंचायत मुखिया रीता देवी आदि लोग मौजूद हुए एवं सभी अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज गुप्ता ने बताया कि सरकार आपके द्वार के तहत आयोजित शिविर में विभिन्न सरकारी जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ योग्य लाभुकों को स्टॉल के माध्यम से ऑन द स्पॉट दिया जाता है। साथ ही विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी जाती है। योग्य लाभुक ज्यादा से ज्यादा सरकारी योजनाओं का लाभ ले सकें, इसलिए सरकार आपके द्वारा जैसे कार्यक्रम विभिन्न प्रखंडों में पंचायत वार आयोजित कराया जा रहा है। वहीं विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि सरकार आपके द्वार के कार्यक्रम प्रखंडों में ही नहीं बल्कि राज्य के सभी प्रखंडों में पंचायत वार आयोजित किये जा रहे हैं।जिससे योग्य लाभूक लाभान्वित होकर अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार ला सके। उन्होंने रोजगार सृजन हेतु योजनाओं के तहत बेरोजगार युवकों से आवेदन कर लाभान्वित होने की अपील की। उन्होंने आम जनों से कहा कि अपने-अपने बच्चों को अवश्य पढ़ाने लखाने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि इसके लिए झारखंड सरकार द्वारा कई तरह की लाभकारी योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है, जिससे किसी भी बच्चे की पढ़ाई में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न नहीं होगी। उन्होंने कहा कि जो विद्यार्थी उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहते हो परंतु आर्थिक रूप से सक्षम नहीं हों, उन्हें चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। ऐसे लोगों के लिए सरकार आर्थिक रूप से मदद कर उच्च शिक्षा प्राप्त करने की सहायता कर रही है। गरीब विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए सरकार ने कई सारी योजनाएं लाई है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा ऐसी कई सारी जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है, जो लोगों को आर्थिक रूप से सबल बनाने का कार्य कर रही है। सरकार आपके द्वारा जैसे कार्यक्रम वर्ष 2021 से लगातार चलाई जा रही है। लोगों के रोजगार सृजन के लिए लोन, गाड़ी, प्रशिक्षण, पठन-पाठन, परीसंपत्तियों का वितरण आदि कई व्यवस्थाएं की गई है।

## पांच करोड़ की लागत से होगा पतरातु रेलवे स्टेशन का विस्तारीकरण एवं सुंदरीकरण : महेंद्र कुमार महतो



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातु :** जिला सांसद प्रतिनिधि सह जिला कार्य समिति भाजपा रामगढ़ महेंद्र कुमार महतो ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया की सांसद जयंत सिन्हा के अनुशंसा पर पतरातू रेलवे स्टेशन अब अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल हो गया। आगे उन्होने कहा की माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के सभी रेलवे स्टेशनों एवं रेलवे हॉल्टो को विस्तारीकरण करने के लिए अमृत भारत स्टेशन योजना के नाम से एक योजना चला रहे हैं इसके तहत देश के सभी रेलवे स्टेशनों एवं हल्टों को अपग्रेडशन कर सुंदरीकरण एवं विस्तारीकरण करने का कार्य तेजी से चल रहा है।इसी योजना के तहत पतरातू रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन में शामिल करने के लिए हजारीबाग के माननीय जयंत सिन्हा ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव जी को अनुशंसा किए थे उसी अनुशंसा के आलोक में पतरातू रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल किया गया है। और रेल मंत्रालय ने इसके विस्तारीकरण एवं सुन्दरीकरण के लिए प्रथम पेज में लगभग 5 करोड रुपए की स्वीकृति प्रदान किया है। इस 5 करोड रुपए में प्लेटफार्म 1,2,3 का विस्तारीकरण एवं स्वंय संचालित सीढी एवं यात्रियों का सुविधा को देखते हुए फुट ओवर ब्रिज का भी निर्माण किया जाएगा।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जागरुकता वाहन को उपायुक्त ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत मंगलवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने उप विकास आयुक्त रॉबिन टोप्पो के साथ जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर समाहरणालय परिसर से रवाना किया। जागरूकता वाहन द्वारा जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में जाकर सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के प्रति ग्रामीणों व अन्य लोगों को जागरूक किया जाएगा वहीं जागरूकता वाहन के माध्यम से ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं से जोड़ने एवं उन्हें लाभान्वित करने का कार्य किया जाएगा। वहीं मंगलवार को उपायुक्त के समक्ष ड्रोन के माध्यम से नैनो फर्टिलाइजर्स के छिड़काव का डेमोंसट्रेशन भी दिया गया। मौके पर उपायुक्त ने ड्रोन की क्षमता एवं इसके माध्यम से नैनोफर्टिलाइजर्स के छिड़काव के विभिन्न तकनीकी पहलुओं की जानकारी ली। इस दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी मनरेगा डीआरडीए, सहायक जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, एसएमपीओ सहित अन्य उपस्थित थे।

## कोयलांचल अरगड्डा के पत्रकारो ने एकजुटता को लेकर की बैठक



**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अरगड्डा बैगामोड़ बिरसा चौक पर मंगलवार को कोयलांचल अरगड्डा-सिरका के पत्रकारों की बैठक मंगलवार को बैगामोड़ बिरसा चौक पर आयोजित हुई। इसमें क्षेत्र के पत्रकारों की एकजुटता व समस्याओ पर एक साथ खड़े होने पर बल दिया गया। साथ ही अपने क्षेत्र में समाचार संकलन करने के दौरान किसी भी प्रकार की विपरीत परिस्थितियों से निपटने के लिए एक दूसरे का सहयोग करने की बातें कहीं गई। निर्णय लिया कि आगामी आहूत बैठक में इसे लेकर ठोस कदम उठाये जाएंगे। मौके पर कृष्णा प्रसाद, पंकज सिंह, रविकांत बनर्जी, मो. शाहीद, सुरेन्द्र राम आदि मौजूद थे।

## मांडू चट्टी मुखिया के द्वारा बच्चों को स्कूल ड्रेस वितरण किया गया



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडू चट्टी पंचायत के नो प्राथमिक विद्यालय उपरमत्था में मंगलवार को मुखिया अनीता देवी के द्वारा स्कूली बच्चों के बीच स्कूल ड्रेस वितरण किया गया जिसमें कक्षा एक के 11 बच्चों एवं कक्षा दो के 11 बच्चों को ड्रेस वितरण किया गया । इस मौके पर मुखिया अनीता देवी ने सभी बच्चों को अच्छे से पढ़ाई करने की निर्देश दिए । इस मौके पर प्रिंसिपल अनुराधा गुप्ता अभिषेक गुप्ता एवं बच्चों के अभिभावक इस कार्यक्रम में उपस्थित थे।

## आशीर्वाद गेस्ट हाउस का पूर्व विधायक प्रत्याशी धनंजय कुमार पुटूस ने किया उद्घाटन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** मंगलवार को रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के रामगढ़ कालेज गेट के निकट आशीर्वाद गेस्ट हाउस का उद्घाटन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि रामगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी धनंजय कुमार पुटूस ने गेस्ट हाउस का विधिवत उद्घाटन किया एवं संचालक सुष्मीत अग्रवाल व मनीष कुमार मेहता को बधाई दी।मुख्य अतिथि धनंजय कुमार पुटूस ने कहा शहर के रामगढ़ कॉलेज गेट के निकट गेस्ट हाउस खुल जाने व किफायती दर पर रूम मिल जाने से यहां ठहरने वाले लोगो व छात्रों को कही सहूलियत होगी। कार्यक्रम में मनोज प्रसाद मेहता, राजेश अग्रवाल, संजय बनारसी, अजय कुमार राम, अजय कुशवाहा, विनोद साव,मुन्ना मेहता, सुधीर मेहता , राजेश कुशवाहा, आदि थे ।

## श्रमिक प्लस टू के छात्र जीएम ऑफिस अरगड्डा पहुंचे

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** तीन दिवसीय औद्योगिक परिभ्रमण के दौरान श्रमिक प्लस टू हाई स्कूल सिरका के व्यावसायिक विषय के कक्षा 9वी से दसवीं के 22 छात्रों ने मंगलवार को जीएम ऑफिस अरगड्डा का दौरा किया। यहां इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी व कार्यालय गतिविधि की जानकारी लिया। इसके बारे में अधिकारी एसएन तिवारी के द्वारा छात्रों को ऑफिस विभाग में कंप्यूटर संबंधित कार्य प्रणाली के बारे में बताया गया। शिक्षकों ने बताया कि बीते चार दिसंबर से 6 दिसंबर तक व्यावसायिक विषय को लेकर परिभ्रमण किया जाना हैं। मौके पर व्यावसायिक शिक्षक मनोज कुमार चौहान, शशि सुमन, दीपक कुमार सिंह, अनामिका कुमारी आदि उपस्थित थे।

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



**नाम– अखिलेश कुमार उम्र–40 वर्ष,**
**रंग–साँवला, ऊँचाई–5 फीट, 03 ईंच,**

उपरोक्त लापता अखिलेश कुमार , पिता–गणेश साव, वर्तमान पता नामकुम बस्ती स्थित महेन्द्र गोप के मकान में किरयेदार, थाना नामकुम, जिला–राँची है। जो घर से बगैर बताए कहीं चले गए जो आजतक अपने घर वापस नही आयें है जिसके संबंध में सिल्ली थाना सनहा संख्या–15/23, दिनांक–25.09.23, दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता पुरूष कहीं मिलतें/दिखतें है तो इसके संबंध में वरीय अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक मु0–01 राँची। –9431706141
थाना प्रभारी नामकुम, राँची। –94317 06173

**वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची**

PR 312777 Police(23-24).D

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT, ROAD DIVISION, GUMLA**

**e-Procurement Notice**

**e-Tender Reference No. RCD/GUMLA/1244 Date :- 04-12-2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Widening/Strengthening & Reconstruction of Chainpur to Jari Road under Road Division, Gumla (Total Length - 10.109 Km) |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | **Rs.- 26,32,90,243.00 (Rs. Twenty Six Crore Thirty two lakh Ninety thousand Two hundred Forty three )** Only. |
| 3. | Time of Completion | **09 Months** |
| 4. | Last date/Time for receipt of bids | 11.01.2024 Up to 12:00 Noon |
| 5. | Date of Publication of Tender on website | 13.12.2023 From 10:30 A.M. |
| 6. | Opening Date of Tender | 12.01.2024 12.30 PM |
| 7. | Date and Time of pre-Bid Meeting | 21.12.2023 |
| 8. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Road Construction Department, Road Division, Gumla. |
| 9. | Contact no. of e-Procurement officer | 06524-222097 |
| 10. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-2401010 |

1. Tender amount can be increased or decreased.
2. Details can be seen on website https://jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
Executive Engineer,
RCD, Road Division, Gumla

PR 312773 Road(23-24)#D

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT ROAD DIVISION, KHUNTI**

**e-Procurement Notice**

**E_Tender Reference No. RCD/KHUNTI/ 1048 Date :- 05/12/2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Improvement of Riding Quality Pavement of Khunti – Torpa – Kolebira (SH-03) Road from Km 5.00 to KM 56.00 (Total Length- 52.00 KM) (Carriageway – 10.00M) |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | Rs. 56,77,79,600.00 Rs. Fifty Six Crore Seventy Seven Lakh Seventy Nine Thousand Six Hundred only. |
| 3. | Bid Security (Rs.) | Rs. 56,78,000.00 Rs. Fifty Six Lakh Seventy Eight Thousand Only. |
| 4. | Cost of Document (Rs.) | Rs. 10,000.00 Rs. Ten Thousand Only. |
| 5. | Time of Completion | 10 (Ten) Months |
| 6. | Last date / Time for receipt of bids | 02/01/2024 up to 12:00 Noon |
| 7. | Date of Publication of Tender on website | 12/12/2023 at 10:30 A.M. |
| 8. | Name & Address of office Inviting tender | Executive Engineer, Road Construction Department, Road Division, Khunti |
| 9. | Contact no. of Procurement Officer | 06528-221215 |
| 10. | Helpline number of e-Procurement Cell | 0651-2401010 |

Note :- Estimated cost of tender can be increased or decreased
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer,
R.C.D., Road Division, Khunti

PR 312739 Road(23-24)#D

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, हजारीबाग**

**सर्वसाधारण कि लिये आम सूचना**

हजारीबाग पुलिस परिवार हजारीबाग के आम नागरिकों की सुरक्षा हेतु तत्पर है। हजारीबाग पुलिस जिले के सभी नागरिकों से यह अपील करते हुए सूचित करती है कि, आप सबों को किसी भी प्रकार की समस्या/परेशानी यथा छेड़खानी, धोखाघड़ी, लूट, मारपीट, लड़ाई, झगड़ा, सड़क दुर्घटना ईत्यादि होने पर टॉल–फ्री नम्बर डायल–100 एवं डायल–112 पर 24x7 घंटे किसी भी समय दिन–रात कॉल कर अपनी परेशानी/समस्या बता सकते हैं। हजारीबाग पुलिस प्रशासन आपके समस्या/परेशानी का तत्परतापूर्वक समाधान करने हेतु प्रयासरत है।

आदेशानुसार,
पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग

PR 312744 Police(23-24)#D

# गिरिहीह : आपकी योजना, आपकी सरकार कार्यक्रम में पहुंचे उपायुक्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह** : बेंगाबाद प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत मोतीलेदा में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम काफी सफल रहा। बकौल स्थानीय मुखिया उक्त आयोजन पंचायत वासियों की आशाओं के अनुकूल रहा। उन्होंने कहा कि पंचायत के लोगों ने विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं सुविधाओं के लिए आवेदन जमा किया जिनमें मुख्य रूप से अबुआ आवास, पेंशन, पशुधन विकास, सावित्रीबाई फुले, केसीसी ऋण, साईकिल वितरण आदि हैं। कार्यक्रम में उपस्थित बीडीओ निशा कुमारी ने पंचायत वासियों की समस्यायों को सुना। उन्होंने उपस्थित कर्मियों को जनसमस्याओं के प्रति गंभीरता दिखाने एवं उनके आवेदन स्वीकार करने का निर्देश दिया। सीओ राजेश डुंगडुंग ने अंचल से संबंधित आम जनता के विभिन्न मामलों को स्वयं देखा। स्थानीय ग्रामीण का कहना था कि पिछले साल भी इस तरह के कार्यक्रम हुआ कई तरह के आवेदन भी जमा किया गया था एक भी मनरेगा का जैसे पोल्ट्री फार्म डोभा तालाब कई तरह के आवेदन भी जमा हुआ था मगर अभी तक उसे आवेदन पर किसी को मनरेगा में एक भी काम को नहीं मिला है

गिरिडीह उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए। उन्होंने अपने संबोधन में उपस्थित लोगों को सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान पंचायत के लोगों के बीच कंबलों का वितरण किया गया। मौके पर गिरिडीह उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा जिप सदस्य केदार हाजरा ,बीडीओ निशा कुमारी, प्रमुख मीना देवी, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन वर्मा, सीओ राजेश डुंगडुंग, प्रखंड सांख्यिकी समन्वयक मुजफ्फर अली, प्रखंड बीस सुत्री अध्यक्ष नुनु राम किस्कू, बीपीओ सतीश कुमार, बीपीओ दीपक कुमार, पंचायत समिति सदस्य रीतीलाल प्रसाद वर्मा ,इंद्र नारायण वर्मा, सुरेंद्र लाल ,मुखिया प्रतिनिधि छोटे लाल यादव, सभी वार्ड सदस्य एवं सैंकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# अमन सिंह की हत्या व बाद की कार्रवाइयों को लेकर कुल चार एफआईआर दर्ज




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद** : धनबाद जेल में रविवार को अमन सिंह की हत्या और उसके बाद की कार्रवाइयों को लेकर कुल चार एफआईआर दर्ज कराई गई है। जेलर के बयान पर पहली प्राथमिक दर्ज हुई है, जिसमें सुंदर महतो को हत्या का आरोपी बनाया गया है। उसके खिलाफ एकमत होकर षड्यंत्र के तहत हत्या करने तथा आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज हुआ है। कार्यपालक दंडाधिकारी के लिखित आवेदन पर दूसरी प्राथमिकी जेल में छापेमारी के दौरान बरामद 6 मोबाइल को लेकर हुई है। जेल के भीतर बंदियों के बीच झड़प को लेकर भी सदर थाने में जेल प्रबंधन ने एफआईआर दर्ज कराई है। जेल से बरामद दो हथियार को लेकर छापेमारी के लिए पहुंची टीम के अधिकारियों की शिकायत पर भी प्राथमिकी दर्ज हुई है। धनबाद जेल के वार्ड नंबर 3 के शौचालय की दीवार में छेद कर रखे गए छह मोबाइल जांच टीम ने बरामद की थी।

## दो हथियार भी जेल परिसर से हुए थे बरामद

दो हथियार भी जेल परिसर से बरामद किए गए हैं। सुंदर महतो के रूप में हत्यारे की पहचान हुई है। पुलिस उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है। पूछताछ से ही खुलासा संभव है कि किसके कहने पर और कैसे हत्या को अंजाम दिया गया तथा इस हत्याकांड का मास्टरमाइंड कौन है। रविवार को धनबाद जेल में अमन सिंह की हत्या के बाद धनबाद के जेलर को तत्काल प्रभाव से निलंबित एवं स्थानांतरित करते हुए विभागीय कार्रवाई चलाने का निर्देश दिया गया है। चतरा मंडल कारा के जेलर को तत्काल प्रभाव से धनबाद मंडल कारा में जेलर के रूप में पदस्थापित किया गया है। मृतक कैदी अमन सिंह के शव के पोस्टमार्टम के लिए धनबाद के उपायुक्त ने विशेष टीम का गठन किया था। सोमवार को पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी होने के बाद मृतक के शरीर को उनके परिजनों को सौंप दिया गया।

## सर जेसी बोस में स्कूल वेबसाइट का किया गया उद्घाटन



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : मंगलवार को गिरिडीह सर जेसी बोस मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय में स्कूल के वेबसाइट को जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिला शिक्षा अधीक्षक ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया ।वही मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों को निजी विद्यालयों के तौर पर विद्यालय की मूलभूत संरचना वर्ग कक्ष गार्डनिंग शैक्षणिक सह सा शैक्षणिक क्रियो के परदर्स के लिए ऐसी वेबसाइट का होना बड़ा आवश्यक था। वेबसाइट का उद्घाटन जिला शिक्षा पदाधिकारी ने टच बोर्ड पर माउस से क्लिक कर किया । विद्यालय की एक सुंदर प्रस्तुति को इस वेबसाइट में समेकित कर सुंदर बनाने का प्रयास किया गया है। इसमें विद्यालय की तमाम सुविधाओं के साथ साथ स्मार्ट क्लास रूम,सोलर पैनेल, वीकली टेस्ट,के साथ साथ वार्षिक कैलेंडर की जानकारी समाज और विद्यालय से बाहर के लोगों तक पहुंच पाएगी। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने इसपर खुशी जाहिर करते हुए विद्यालय को शुभकामना दी और कहां की सभी शिक्षक शिक्षकिकाए ईमानदारी से विद्यालय को गौरवान्वित करने में पूरा सहयोग करते हुए गुणवत शिक्षा देना सुनिश्चित करें। प्राचार्य मुन्ना कुशवाहा ने पदाधिकार को आश्वस्त किया की सरकार की स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की परिकल्पना को साकार करते हुए जमीन पर उतारने और गुणवत्त शिक्षा सभी को सुलभता पूर्वक दिलाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। आज विद्यालय समाज में अपने को स्थापित करने के लिए नित अपने कदम आगे बढ़ा रहा है ।

# राष्ट्रीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में गिरीडीह की तनीशा आर्या ने जीता कांस्य पदक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह** : तीन दिवसीय देहरादून में खेलो इंडिया स्पोर्ट्स कंपलेक्स उत्तराखंड में हुए 37वी राष्ट्रीय सब-जुनियार ताइक्कांडो प्रतियोगिता में भाग लेने गिरिडीह की तनीषा आर्या कोच आकाश कुमार स्वर्णकार के साथ देहरादून गई हुई थी। जानकारी देते हुए गिरिडीह जिला ताइक्कांडो संघ के महासचिव अमित स्वर्णकार ने बताया पूर्व में हुए राजस्तरीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर गिरिडीह के दो खिलाडियों ने अपना स्थान झारखंड टीम में बनाने में कामयाब हुई थी लेकिन कुछ कारणवश सिर्फ तनीषा आर्या ही इस राष्ट्रीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता के लिए देहरादून जा पाई और ओवर 48 किलोग्राम वजन भार में खेलते हुए कांस्य पदक जितने में कामयाब हुई। और पदक जीतकर तनीषा ने अपने माता-पिता, विद्यालय सहीत पूरे जिले का नाम रौसन करने में कामयाबी रही तनीषा कार्मेल स्कूल की छात्रा और गिरिडीह के व्यवसायि राहुल कुमार की पुत्री है। महासचिव स्वर्णकार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस राष्ट्रिय प्रतियोगिता के लिए ही गिरिडीह के नयन भट्टाचार्य का चयन रेफरी के रूप में हुआ था इस प्रकार ये गिरीडीह के लिए दोहरी खुशी का माहौल है क्योंकि यहां के ताइक्कांडो खिलाड़ी हर स्तर के प्रतियोगिता में पदक जीत कर गिरिडीह का नाम तो लगातार रौशन कर ही रहे है अब रेफरी के रूप में भी यहां के खिलाड़ी अपनी एक अलग छाप छोड़ रहे है जो की गिरिडीह के लिए गर्व की बात है क्योंकि गिरिडीह जिला में ओलंपिक से मान्यता प्राप्त खेलों में ताइक्कांडो के ही खिलाड़ी है जो लगातार राष्ट्रिय स्तर के प्रतियोगिता में पदक जीत कर पूरे झारखण्ड सहीत गिरिडीह का भी नाम रौसन कर रहे है।

# सीसीआई के पदाधिकारियों ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : गिरिडीह चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज गिरिडीह के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान व्यापारियों के हित को लेकर चर्चा की गई। सीसीआई की प्रकाशित होने वाली वार्षिक पत्रिका को लेकर भी मुख्यमंत्री से शुभकामना संदेश पर बातचीत की गई। मौके पर मौजूद स्थानीय विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने सीसीआई को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। प्रतिनिधिमंडल में चैंबर अध्यक्ष राहुल वर्मन, फाउंडर अध्यक्ष अरविंद कुमार, कोषाध्यक्ष गोपाल भदानी व कार्यकारिणी सदस्य राहुल कुमार आदि शामिल थे।

## 6 से 8 दिसंबर को होगा नि:शुल्क विकलांग सहायता शिविर का आयोजन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : मंगलवार को गांधी सेवा सदन में प्रेस वार्ता कर मारवाड़ी युवा मंच, कोयलांचल शाखा धनबाद के अध्यक्ष नीरज अग्रवाल एवं सचिव शिव शंकर चौधरी ने संयुक्त रूप से बताया कि धनबाद जोड़ाफाटक स्थित श्री राम मंदिर, गणेशीलाल धर्मशाला में एक ÷नि:शुल्क विकलांग सहायता शिविर÷ दिनांक 6 से 8 दिसंबर 2023 को लगाने का निर्णय लिया है। जिससे जरूरतमंद दिव्यांगो को आर्टिफीसियल हाँथ/पैर/वैशाखी/छड़ी/कान की मशीन इत्यादि निन्शुल्क मुहय्या कराई जाएगी। जिसमें बाहर से शिविर में लाभ लेने के लिए आने वाले दिव्यांगजनों को 3 दिन के लिए रहने खाने की निन्शुल्क व्यवस्था की गई है। प्रेस वार्ता में मारवाड़ी युवा मंच धनबाद कोयलांचल शाखा के अध्यक्ष नीरज अग्रवाल, सचिव अधिवक्ता शिव शंकर चौधरी, उपाध्यक्ष संजय अग्रवाल, संयोजक शुभम मित्तल, प्रिंस कथूरिया, विष्णु भिमसरिया, संजय पटवारी आदि मौजूद थे।

## धनबाद मंडल के विभिन्न खण्डों में चला टिकट चेकिंग अभियान

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : धनबाद मंडल द्वारा मंडल के विभिन्न खण्डों में बड़े स्तर पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम मे मंडल के धनबाद, गोमो, कोडरमा, डाल्टनगंज, चोपन, बरकाकाना, सिंगरौली स्टेशनों में गहन टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान कुल 2256 यात्रियों को पकड़ा गया जिसमें बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्री, बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्री, बिना बुक किये गए सामान के साथ यात्रा कर रहे यात्री, महिलाओं के आरक्षित कोच में मिलने वाले पुरुष यात्रीगण शामिल थे। इस दौरान उनसे 08 लाख 72 हजार 785 रूपए जुर्माने के रूप में राशि प्राप्त की गई व कड़ी हिदायत दी गई। चेकिंग अभियान में 138 टिकट चेकिंग कर्मियों एवं आरपीएफ के जवानों को लगाया गया था। चेकिंग टीमों द्वारा स्टेशनों एवं विभिन्न मेल/एक्स्प्रेस ट्रेनों में भी चेकिंग किया गया। मंडल रेल प्रबंधक के निर्देश पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस तरह का टिकट चेकिंग अभियान धनबाद मंडल द्वारा आगे भी लगातार किया जाता रहेगा। इस अभियान का उद्देश्य टिकट काउंटर की बिक्री बढ़ाना, बिना टिकट के यात्रा करने वाले यात्रियों पर लगाम लगाना एवं यात्रियों को टिकट लेने के लिए प्रेरित करना है जिससे कि वो अगली बार टिकट लेकर यात्रा करें।

# बोर्ड की योजनाओं का लाभ लेने के लिए श्रमिकों का बायोमेट्रिक सत्यापन जरूरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद** : झारखंड भवन एवं सन्निमार्ण कर्मकार कल्याण बोर्ड तथा झारखंड असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा योजना के सभी कर्मकारों, श्रमिकों का बायोमेट्रिक सत्यापन करना जरूरी है। इसके बाद ही वे विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इसकी जानकारी देते हुए सहायक श्रमायुक्त रंजीत कुमार ने कहा कि भवन एवं अन्य सन्निमार्ण कर्मकार अधिनियम 1996 की धारा 60 के तहत बोर्ड के सभी निबंधित कर्मकारों, श्रमिकों का बायोमेट्रिक सत्यापन कराया जाना है। निबंधित श्रमिकों का बायोमेट्रिक सत्यापन करने के लिए विभागीय श्रम पोर्टल https://shramadhan.jharkhand.gov.in पर सुविधा उपलब्ध है। साथ ही सहायक श्रमायुक्त का कार्यालय या कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से भी बायोमेट्रिक सत्यापन अथवा अपना आधार सत्यापन करा सकते हैं। किसी प्रकार की समस्या आने पर समाधान पोर्टल के हेल्प डेस्क नंबर 7632996057 पर संपर्क कर सकते हैं। सहायक श्रमायुक्त ने कहा कि जब तक झारखंड भवन एवं अन्य सन्निमार्ण कर्मकार कल्याण बोर्ड तथा झारखंड असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा योजना के निबंधित श्रमिक अपना बायोमेट्रिक सत्यापन नहीं करवाते हैं तब तक उन्हें किसी प्रकार की योजना का लाभ नहीं मिल सकेगा। भवन एवं अन्य सन्निमार्ण कर्मकार के निबंधित श्रमिकों को श्रमिक औजार सहायता योजना, पारिवारिक पेंशन, साइकिल सहायता योजना, निशक्तता पेंशन, चिकित्सा प्रतिपूर्ति योजना, अनाथ पेंशन, सेफ्टी किट, मातृत्व प्रसुविधा योजना, मेधावी पुत्र - पुत्री छात्रवृत्ति, विवाह सहायता, अंत्येष्टि सहायता, चिकित्सा सहायता, झारखंड निर्माण कर्मकार मृत्यु अथवा दुर्घटना सहायता योजना का लाभ मिलता है।

## गोविंदपुर एरिया में सुरक्षा प्रबंधन योजना को लेकर हुई समीक्षा बैठक



**कतरास(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : सुरक्षा प्रबंधन योजना को लेकर मंगलवार को गोविंदपुर एरिया 3 महाप्रबंधक कार्यालय में एक समीक्षा बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता उप महानिदेशक उज्जवल कुमार ने की। बैठक में सुरक्षा को लेकर अधिकारियों ने अपने-अपने विचार रखें। मौके पर अनिल कुमार दास, आनंद अग्रवाल, पी बालाकृष्णन महाप्रबंधक गणेश चंद्र शाह, महाप्रबधक जावेद आलम, अपर महाप्रबंधक यूके सिंह, प्रवीण सिंह, अभय कुमार, एके सिंह, परियोजना पदाधिकारी अवधेश कुमार, विजय कुमार, मैनेजर बी राय, अमित कुमार, सोमेश देवाशीष, आशीष कुमार, नीलम, राजू, मुकेश, विक्रम, अभिषेक, डीपी सिंह, किशोर यादव आदि उपस्थित थे।

## सक्सेस स्टोरी : आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार

# काजल, कविता, पायल, सलमा व शबाना को साइकिल खरीदने के लिए मिला 4500 रुपये का चेक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद** : राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में 24 नवंबर से शुरू हुए आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान बाघमारा प्रखंड के बौआकला दक्षिण पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में काजल कुमारी, कविता कुमारी, पायल कुमारी राय, सलमा खातून एवं सबाना प्रवीण को साइकिल खरीदने के लिए डीआरडीए डायरेक्टर मुमताज अली अहमद एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ सुषमा आनंद के द्वारा चेक प्रदान किया गया।

चेक मिलने के बाद सभी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार प्रकट किया और कहा कि अब उन्हें अपने घर से स्कूल आने-जाने में आसानी होगी और पढ़ाई में अधिक समय दे सकेंगे।

# दहेज मुक्त शादी संपन्न, लोगों ने की प्रशंसा



**दौलत प्रसाद@प्रभात मंत्र**

**बेंगाबाद/गिरिडीह** : गिरिडीह जिला के बेंगाबाद प्रखंड के परसन निवासी दिनेश महतो की पुत्री रूपा कुमारी की शुभ विवाह मंगलवार को जमुआ प्रखंड हरोडीहा गांव निवासी डूगन महतो के पुत्र राहुल वर्मा के साथ संपन्न हुआ।

दहेज मुक्त शादी होने से लोगों ने लड़का पक्ष एवं लड़की बच्चे की प्रशंसा कर रहे हैं. एक तो ऐसी समय में दहेज के कारण कई बेटी के पिता पर आर्थिक बोझ का पहाड़ पड़ा है वैसे समय में समाज के लोग अगर दहेज मुक्त शादी करते हैं तो क्षेत्र के लिए प्रशंसा की विषय हो जाती है हर लोग इसका प्रशंसा कर रहे हैं। वही दहेज मुक्त शादी संपन्न कराने में अखिल भारतीय कुशवाहा क्षेत्रीय महासभा का अहम योगदान माना जा रहा है शादी के अवसर पर कुशवाहा क्षेत्रीय महासभा के लोगों ने वर वधु को निशुल्क विवाह प्रमाण पत्र देकर शुभकामना देते हुए वीरेंद्र बर्मा कहा कि अगर समाज के हर लोग इसी सोच रखते तो आज भ्रुण हत्या नहीं होता। मौके पर वीरेंद्र कुमार वर्मा रामानंद कुशवाहा इत्यादि कई लोग उपस्थित थे।

## एकल अभियान का प्रथम गौ ग्राम कुंभ 2023 का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद** : धनबाद नगर के लिए सौभाग्य का विषय है कि एकल गौ ग्राम योजना का अखिल भारतीय प्रथम गौ ग्राम कुंभ धनबाद नगर में आगामी 23, 24, 25 दिसंबर 2023 को आयोजित होने जा रहा है। धनबाद क्लब में मंगलवार को एकल अभियान के पदाधिकारियों ने एकल गौ ग्राम योजना का अखिल भारतीय प्रथम कुंभ की कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि गर्व हो रहा है कि आज जिस एकल विद्यालय की शुरुआत इसी धनबाद से 1989 से हुआ था। आज वह देश के सभी प्रांतों तक 1लाख से भी अधिक गांवों में संचालित होने लगा है। 23 दिसंबर को कुंभ में आए सभी प्रतिनिधियों को धनबाद के आस-पास 100 गांव में गौग्राम-वनयात्रा का कार्यक्रम रखा गया है। जहां उन्हें इन गोपालकों से मिलने तथा गौ उत्पाद देखने का प्रत्यक्ष अवसर मिलेगा। 24 दिसंबर को धनबाद शहर के गोल्फ ग्राउंड में सार्वजनिक सभा होगी जिसमें धनबाद जिला में चल रहे एकल विद्यालय ग्रामों से लगभग 30000 गोपालक एवं किसान भाग लेने वाले हैं। 24 दिसंबर के रात्रि में ही टाउन हॉल में एकल अभियान द्वारा प्रशिक्षित वनवासी कथाकारों द्वारा एकल सुरताल का सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। 25 दिसंबर को आगंतुक प्रतिनिधियों का तीन दिनों से चल रहे इस कार्यशाला का समापन है।

## मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में हुआ प्रेस वार्ता का आयोजन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, धनबाद में पत्रकार सम्मेलन का आयोजन किया गया। मंडल रेल प्रबंधक कमल किशोर सिन्हा की उपस्थिति में वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, धनबाद ने सम्मेलन में उपस्थित पत्रकारों को संबोधित किया एवं धनबाद मंडल द्वारा प्राप्त उपलब्धियों की जानकारी दी। इस अवसर पर एडीआरएम (इन्फ्रा), एडीआरएम (ओपी) एवं सीनियर डीओएम भी उपस्थित थे।

# महाप्रबंधक ने रेलकर्मियों से की मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर** : रेल से जुड़े स्टेक होल्डर की समस्याओं के निष्पादन के उद्देष् से उनकी समस्याओं के समाधान के लिए महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार को निर्धारित किया गया है । इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में रजिस्टर्ड करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं । इसी क्रम में प्रथम दिन आज कुल 10 रेलकर्मियों/उनके आश्रितों से महाप्रबंधक ने मुख्यालय, हाजीपुर में अपने कक्ष में मुलाकात की तथा उनकी समस्याओं से अवगत हुए । महाप्रबंधक ने विस्तारपूर्वक उनकी समयाओं को सुना तथा प्राप्त षिकायतों पर त्वरित कार्यवाही की गयी । इस अवसर पर प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे ।

इसी क्रम में आज सम्मेलन कक्ष में महापबंधक श्री अनिल कुमार खंडेलवाल ने विभागाध्यक्षों के साथ बैठक कर रेल परिचालन में संरक्षा सहित समय-पालन के विभिन्न मुद्दों पर आधारित समीक्षा बैठक भी की गयी ।

# भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने पदाधिकारी के साथ की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** वक्सीडीपा भाजपा कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष मनीर उराँव की अध्यक्षता मे पदाधिकारीयों के साथ हुई मासिक बैठक। बैठक मे उपस्थित जिलाध्यक्ष मनीर उराँव, पुर्व मंत्री सधनु भगत, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओम प्रकाश सिंह, पुर्व जिला अध्यक्ष ब्रज बिहारी प्रसाद, राजकिशोर महतो एव उपस्थित सभी पार्टी पदाधिकारियों ने महा पुरूषो को पुष्प अर्पित कर वन्देमातरम गीत गायन के साथ बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गई। बैठक मे जिलाअध्यक्ष मनीर उराँव ने पिछले कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए उपस्थित कार्यकर्ताओं से कहा कि आगामी 15 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी के खूँटी आगमन पर जिले के सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत के दम पर कार्यक्रम मे अपेक्षा के अनुरुप उपस्थिति रही इसके लिये सभी कार्यकर्ता बधाई के पात्र है। उन्होंने कहा कि जिले के कुछ स्थानो पर अत्यधिक संख्या मे बांग्ला देशी घुसपैठियो की तादात दिन -प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है, ये घुसपैठिये हजार-दो-हजार रुपये खर्च कर अपना राशन कार्ड भी फर्जी तरीके से बनवाकर हमारे 1932 के खतिहानी रैयत, मुलवासियो के हक, हकुक और अधिकार को मारने के लिये तुले हुए हैं,ऐसे लोगो को सरक्षण सत्ताधारी दल के कुछ छुटभईये को भी प्राप्त है। भारतीय जनता पार्टी ऐसे बाहरी घुसपैठियो के लिये चरण बद्ध रुप से अन्दोलनातम्क कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई है। और इसके लिये एक विशेष कमिठी का गठन किया जा रहा है। बैठक मे सभी मंडल की बैठक हेतू तिथि निर्धारित की गई। बैठक में पुर्व मंत्री श्री सधनु भगत ने कहा कि आज एक साजिश के तहत बड़ी संख्या मे आदिवासियो के जमीन, एवं जीएम लैंड पर भी कार्यालय को मोटे रकम देकर भोले-भाले आदिवासियो की जमीन को हड़पने का कार्य किया जा रहा है, भाजपा इसके लिए भी चरणबद्ध रुप से अन्दोलन चलायेगी। बैठक मे पुर्व किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह ने राज्य सरकार के किसान विरोधी नीति की अलोचना करते हुए कहा कि अभी तक राज्य सरकार जिले मे धान क्रय केंद्र नहीं खोले जाने से जिले के किसान को आर्थिक तंगीयो को सामना करना पड़ रहा है जल्द ही भाजपा राजभवन को इस विषय को अवगत कराएगी। बैठक को पुर्व जिलाध्यक्ष ब्रज बिहारी प्रसाद,व राजकिशोर महतो ने भी सम्बोधित किया।

## अपने क्षेत्र के विकास को लेकर उप मुखिया डॉ. रामेश्वर उरांव से की मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा :** बड़की चापि पंचायत के उप मुखिया के साथ में कई वार्ड सदस्यों ने लोहरदगा के स्थानीय विधायक सह माननीय मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव के आवास में मिलकर अपने क्षेत्र के विकास से संबंधित कई बातें रखी। इस मौके पर उप मुखिया हेना तिवारी, वार्ड सदस्य बंदुआ गीता भगत, जरियो परमेश्वर उरांव एवं छोटकी चाँपि सुनील मुंडा ने उपस्थित होकर माननीय मंत्री डॉ रामेश्वर उराँव को अपने क्षेत्र के विकास से संबंधित कई आवेदन दिए। साथ ही साथ पूरे पंचायत क्षेत्र का विकास हेतु उप मुखिया हेना तिवारी ने कई बातें रखी। इस मौके पर माननीय मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव ने बड़की चापि पंचायत के आए हुए पंचायत प्रतिनिधियों को बड़की चाँपि पंचायत का समुचित विकास करने का आश्वासन दिए। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि आप लोग जो आवेदन दिए हैं उसपर बारी-बारी से कार्य कराया जाएगा। इस मौके पर मंत्री ने आए हुए पंचायत प्रतिनिधियों का स्वागत किया ।साथ ही उन्होंने कहा कि आप लोग इसी तरह बढ़-चढ़कर पंचायत का विकास हेतु कार्य करें, यह मुझे अच्छा लगा।इस मौके पर डॉ रामेश्वर उराँव, मंत्री पुत्र रोहित प्रियदर्शी उराँव, आप्त सचिव संजय कुमार दुबे, विधायक प्रतिनिधि निशिथ जयसवाल उपस्थित थे।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत, जांच में जुटी पुलिस



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेन्हा थाना क्षेत्र के सेरेंगहातु पंचायत अंतर्गत दतरी कनैली मोड़ के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एकागुड़ी टंगराटोली ग्राम निवासी ननकु उरांव के पूत्र सिकंदर उरांव उर्फ बिहारी का अज्ञात वाहन की चपेट में आने से सड़क दुर्घटना में घटना स्थल पर ही मौत हो गया। घटना की सूचना परिजनों को मिलने के उपरांत शव को उठा कर एकागुड़ी ग्राम ले आये। साथ ही घटना की सूचना थाना प्रभारी अभिनव कुमार को मिलते ही पुअनि गणेश कुमार यादव को लेकर दल बल के साथ एकागुड़ी ग्राम पहुंच शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल लोहरदगा भेज दिया गया। इस संदर्भ में थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने कहा की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत हुई है. पोस्ट मार्टम के उपरांत शव को परिजनों को सौप कर सेन्हा थाना पुलिस अग्रतर करवाई में जुट गई है।

## 27, 240 में से 5,196 आवेदन हुए निष्पादित

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्य सरकार के निदेश पर आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन जिला के सभी प्रखण्डों में दिनांक 24.11.2023 से 26.12.2023 तक आयोजित किया जा रहा है। लोहरदगा जिला में दिनांक 24.11.2023 से 04.12.2023 तक (शाम 7 बजे तक) कुल 27240 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से अब तक 5196 आवेदन निष्पादित किया जा चुका है, अन्य आवेदन निष्पादित किये जाने हेतु अग्रसारित किया जा चुका है। वहीं 31 आवेदन विभिन्न कारणों से रिजेक्ट हुए हैं। प्रखण्डों में सदर प्रखण्ड लोहरदगा में कुल 5638,सेन्हा प्रखण्ड में 4859,कुडू प्रखण्ड में 4738,किस्को प्रखण्ड में 3965, भण्डरा प्रखण्ड में 3903, कैरो प्रखण्ड में 2880,पेशरार प्रखण्ड में 992 और नगर परिषद में 337 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

## उपायुक्त ने एलईडी वैन को दिखायी हरी झण्डी



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण के द्वारा आज मंगलवार को सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड के एलईडी वैन को समाहरणालय परिसर, लोहरदगा से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस एलईडी वैन के जरिये राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का वीडियो पंचायतों में आयोजित होने वाले कार्यक्रम आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार में ग्रामीणों को दिखाया जाएगा। आज इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी, नजारत उप समाहर्ता समेत अन्य उपस्थित थे।

## प्रखंड स्तरीय मुख्यमंत्री अंतरण कप फुटबॉल मैच का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** झारखण्ड सरकार के खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय के निर्देश में प्रखंड क्षेत्र के बेसिक उच्च विद्यालय के मैदान में प्रखंड स्तरीय फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। बालक बालिकाओं के बीच खेल को बढ़ावा देने के लिये झारखण्ड सरकार के खेलकूद युवा कार्य निदेशालय के तत्वाधान में पंचायत स्तर के विजेता टीमो का मुख्यमंत्री आमंत्रण कप फुटबॉल टूर्नामेन्ट के तहत बालक बालिकाओं का प्रखंड स्तरीय मैच का आयोजन मंगलवार किया गया। खेल आयोजित से पूर्व कल्याण पदाधिकारी त्रिवेणी भगत, प्रधान लिपिक बिफई उराँव, प्रभारी कृषि पदाधिकारी सुरजा भगत, पंचायत सचिव अजय कुमार वर्मा, नागमणी उराँव द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल प्रारम्भ कराया गया।खेल के दौरान बालक वर्ग का पहला मैच अरु पंचायत व सेरेंगहातु तोड़ार पंचायत के बीच खेला गया। जिसमे सेरेंगहातु तोड़ार को पराजित कर अरु पंचायत की टीम अगले चक्र में प्रवेश किया। तथा बालिका वर्ग में उगरा पंचायत व झलजमीरा पंचायत के मैच हुआ। जिसमें उगरा पंचायत की टीम ट्राईब्रेकर में झलजमीरा को पराजित कर अगले चक्र में प्रवेश किया। कल्याण पदाधिकारी त्रिवेणी भगत ने खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ साथ खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य सरकार मुख्यमंत्री आमंत्रण कप फुटबॉल टूर्नामेन्ट का पंचायत, प्रखंड, जिला और राज्य स्तर पर कर रही है। ग्रामीण क्षेत्र के बालक बालिकाओं में खेल प्रतिभा की कमी नही है। उसे निखारने के लिये यह टूर्नामेन्ट का आयोजन किया गया है। इस लिये बालक बालिका पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद में भी ध्यान दें वही पंचायत सचिव ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री अपन्त्रण कप फुटबॉल टूर्नामेन्ट के विजेता टीम पंचायत स्तर के विजेता टीम प्रखंड स्तर पर और प्रखंड स्तर से विजेता टीम जिला स्तर पर तथा जिला स्तर के विजेता टीम राज्य स्तर पर खेलकूद में क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## किसानों के बीच दो-दो किलो सरसों बीज का वितरण किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र बदला पंचायत ग्राम में बिरसा फसल विस्तार योजना के तहत जिला कृषि कार्यालय आत्मा द्वारा जिप सदस्य राधा तिर्की, सहायक तकनीकी प्रबंधक आत्मा सुमन कुमार की मौजूदगी में गाँव के सुधीर महतो, जीतू उराँव, सोनू महतो, जगेश्वर राम, प्रवीण उराँव, दिनेश महतो, अनुज राम, विजय महतो, अमरजीत सिंह, जगदेव महली, संजय महतो, डोमन उराँव, सीता उराँव सहित अन्य किसानों के बीच दो दो किलोग्राम सरसो बीज का वितरण किया गया। यह योजना कम मेहनत व कम बारिश में तेलहन खेती को बढ़ावा देने के लिये बिरसा फसल विस्तार योजना के अन्तर्गत किसानों को बीज दिया जा रहा है। वही बीस जिप सदस्य राधा तिर्की ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्र के मझदुर किसानों का पलायन रोकने के उद्देश्य से अनेकों जन कल्याणकारी योजनाएँ संचालित कर रही है। जिसे की मझदुर किसान योजनाओं का लाभ ले कर कम मेहनत में आत्मनिर्भर हो सकते हैं। वही किसान के लिये भी कृषि से सम्बंधित विभिन्न तरह की योजनाएँ सरकार द्वारा चलाई जा रही है। किसान अधिक दामों पर खाद बीज खरीदने में सक्षम नही हैं। जिसके लिये किसानों को मदत करने के उद्देश्य से प्रखंड क्षेत्र सभी गाँवों में किसानों को पूर्ण अनुदान पर बीज उपलब्ध कराया जा रहा है। उसी क्रम में बदला ग्राम में भी किसानों के बीच सरसों बीज वितरण किया गया। जिसे किसान कम मेहनत व कम बारिश में तेलहन की खेती कर अच्छी पैदावार कर सकते हैं.और अपनी आय में वृद्धि कर आत्मनिर्भर हो सकते हैं। मौके पर कृषि मित्र भीम यादव के अलावे खुदी उराँव, अमित कुमार, विशाल शाहदेव, दुर्गा महतो सहित अन्य ग्रामीण महिला पुरुष और किसान उपस्थित थे।

## सुखदेव भगत ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का किया निरीक्षण



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राशि के अभाव मे 5 वर्ष से कुडू स्थित अर्ध निर्मित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का सुखदेव भगत ने किया निरीक्षण। मौके पर से अल्पसंख्यक कल्याण विभाग मंत्री के सचिव से वार्ता कर शेष राशि निर्गत करने की की मांग। स्र्स्ष्क्क योजना अंतर्गत कुडू प्रखंड में स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में सामेकित जनजाति विकास अभिकरण विभाग से चार कमरा कंप्यूटर कमरा और पुस्तकालय भवन का निर्माण कार्य 6 वर्ष पूर्व प्रारंभ हुआ था जो आज तक अधूरा है। इस बात की जानकारी ग्रामीणों से मिलने के बाद लोहरदगा लोकसभा कांग्रेस प्रभारी सह पूर्व विधायक सुखदेव भगत कस्तूरबा आवासीय विद्यालय कुरु पहुंचकर वहां पर उपस्थित वार्डन एवं शिक्षकों से अधूरे पड़े भवन निर्माण कार्य की जानकारी मांगे।वार्डन ने बताया कि योजना की 50 प्रतिशत 43,33000 रुपया राशि उपलब्ध कराया गया था इससे कमरों का निर्माण कराया गया था शेष 50त्न की राशि उपलब्ध नहीं होने के कारण लगभग 5 वर्षों से निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है। इस दौरान श्री सुखदेव भगत अधूरे पड़े भवन निर्माण का निरीक्षण भी किया मौके पर शिक्षकों ने श्री भगत को बताया कि भवन अधूरा रहने के कारण बच्चियों को पढ़ाई करने में परेशानी होती है यहां पेयजल की कमी है शिक्षकों को मानदेय में बढ़ोतरी नहीं हो रही है सहित अनेक समस्याओं से अवगत कराया। श्री भगत जिला कल्याण पदाधिकारी से अधूरे पड़े भवन निर्माण कार्य की जानकारी मांगे कल्याण पदाधिकारी ने बताया वित्तीय वर्ष 2016-17 में एमएसडीपी योजना से भवन निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ था 50त्न राशि उपलब्ध हुआ था जिससे भवन का निर्माण हुआ शेष 50त्न की राशि विगत 5 वर्षों से विभाग को नहीं मिला है जिसके कारण भवन अधूरा पड़ा है राशि प्राप्त होते ही अधूरा भवन निर्माण कार्य पूरा कर दिया जाएगा। श्री भगत मौके पर से ही अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के मंत्री के सचिव से वार्ता कर उन्हें यहां की स्थिति से अवगत कराते हुए शेष 50 प्रतिशत 43,33000 रुपया शीघ्र सांकेतिक जनजाति विकास अभिकरण लोहरदगा को उपलब्ध कराने की बात की है सचिव ने इस संबंध में में सकारात्मक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

## उपयुक्त ने आपके द्वार कार्यक्रम में ग्रामीणों के बीच बांटे कंबल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन आज सदर प्रखण्ड के जोरी पंचायत,और भण्डरा प्रखण्ड के उदरंगी पंचायत में आयोजित किया गया। सदर प्रखण्ड के जोरी पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा लाभुकों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इससे पूर्व उपायुक्त द्वारा कार्यक्रम में ग्रामीण विकास, कल्याण, समाज कल्याण, राजस्व, अंचल कार्यालय, शिक्षा, स्वास्थ्य विभाग, आपूर्ति, जेएसएलपीएस, मनरेगा, विद्युत आदि विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉलों का निरीक्षण किया गया और आमजनों को योजनाओं का लाभ उठाने का संदेश दिया गया। आज के कार्यक्रम में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी प्रतिभा कुजूर, अंचल अधिकारी आशुतोष, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण व लाभुकगण उपस्थित थे।

## किसानों को खेती करने के लिये मृदा की दी गई जानकारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत सेन्हा ग्राम में मृदा दिवस के अवसर पर किसानों को खेती करने के लिये मृदा के बारे में जानकारी दिया गया। आयोजित कार्यक्रम में सहायक तकनीकी प्रबंधक सुमन कुमार ने किसानों को मृदा जाँच के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए केंचुवा खाद, जीविकामृत और जैविक खाद के बारे में भी बताया गया। वही मौजूद जिप सदस्य राधा तिर्की ने कहा कि सेन्हा प्रखंड कृषि प्रधान क्षेत्र है जिसे किसानों को खेती करने के लिये मृदा के बारे में पूर्ण जानकारी होनी चाहिये तथा कौन सा फसल कौन मिट्टी में अच्छी पैदावार हो सकता है इसकी पूर्ण जानकारी रखनी चाहिये। साथ ही कहा कि मृदा का पहचान कर मौसम के अनुसार खेती करने से किसानों को अधिक लाभ प्राप्त होगा और आय में वृद्धि होगी। मौके पर जमनी उराँव, लोलेन, शिवा उराँव, केरकेट्टा, शान्ति उराँव, राजू महली, अजय उराँव, मोहन उरांव, बलकु उरांव, प्रेमचंद उरांव, सुलेमान केरकेट्टा सहित अन्य किसान उपस्थित थे।

## थाना परिसर स्थित श्रीकृष्ण मंदिर में आयोजित हुआ भजन संगीत कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** थाना परिसर के समीप पंचायत मंडप प्रांगण में सीआरपीएफ 158 बटालियन के द्वारा निर्मित भगवान श्रीकृष्ण व राधा जी के मंदिर में सोमवार देर शाम सेन्हा थाना प्रभारी के सौजन्य से भक्ति भजन संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें समस्त थाना परिवार का सहयोग सराहनीय रहा। विदित हो कि सेन्हा पुलिस की मेजबानी में एक शाम भजन के नाम का आयोजन किया गया। आयोजित भजन संगीत कार्यक्रम में विभिन्न जगहों से पुलिसकर्मी व स्थानीय ग्रामीण भक्त जन शामिल हुए। कार्यक्रम में भजन संगीत की धुन पर भक्तजन झूमते नजर आये वही सेन्हा थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने कहा कि हम सभी एक सामाजिक प्राणी हैं। प्रत्येक दिन का भाग दौड़ की जिन्दगी से कुछ समय निकाल कर सभी को कुछ धार्मिक कार्य करना चाहिये साथ ही समाज को संगठित करने के लिये इस तरह का कार्यक्रम कभी कभी होना चाहिये जिसे समाज मे फैला गंदगी और बुराई दूर होता है। तथा मन मे असीम शांति मिलती है। मौके पर एस आई गणेश कुमार यादव, पंकज यादव, ए एस आई जमशेद खान के अलावे अरविन्द दुबे, गुप्तेश्वर सिंह, रूपेश कुमार, नवल साहु, नंदकिशोर शुक्ला, गौतम साहु, अजय सोनी सहित अन्य भक्तजन शामिल थे।

## गुड़ी पंचायत में आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन कैरो प्रखंड अन्तर्गत गुड़ी पंचायत के गुड़ी स्कूल मैदान आयोजित किया गया। गुड़ी स्कूल मैदान में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी शामिल हुई। मुख्य अतिथि का स्वागत जेएसएलपीएस कर्मियों के द्वारा स्वागत गान से किया। साथ ही मंचासीन अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष ने ग्रामीणों से योजनाओं का उठाने की अपील की। साथ ही अबुआ आवास,बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन, गुरुजी क्रेडिट कार्ड, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले योजना,छात्रवृत्ति योजना समेत अन्य योजनाओं की जानकारी दी और राज्य सरकारी की महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे बताया। कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के लाभुकों को लाभान्वित किया गया। उक्त कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य सुखदेव उराँव, बीससूत्री उपाध्यक्ष बुधुवा उरांव सदस्य धनपत उरांव प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो, प्रमुख श्रीराम उरांव, अंचल एवं प्रखंड कार्यालय के संबंधित कर्मचारीगण जेएसएलपीएस बीपीएम विनीता तिर्की एवं सखी मंडल की दीदियां समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# संचालन समिति का हुआ विस्तार जल्द होगा विभागों का बंटवारा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आज जय श्रीराम समिति की बैठक एसपी कोठी स्थित आवासीय परिसर में कोर कमेटी सदस्य सुषमा सिंह की अध्यक्षता में की गई। आयोजित बैठक में कोर कमेटी सदस्य एवं पूर्व पदाधिकारी गण मौजूद थे। बैठक में मुख्य रूप से संचालन समिति को लेकर विशेष चर्चा की गई जिसमें निम्न लोगों को पूरे जिले की जिम्मेवारी सौंपी गई द्य संचालन समिति की घोषणा कोर कमेटी सदस्य सुषमा सिंह के द्वारा किया गया द्य संचालन समिति में अनिल उरांव, प्रदीप साहू, ओम महतो, गुड्डू राय उर्फ रमेश, हेमंत वर्मा, नितेश जैसवाल, रामकुमार साहू,शुभम कुमार, दीपक पासवान, विक्की कसेरा, अनुज कुमार, विनोद प्रसाद, नीरज साहू ,चंदन साहू, बजरंग करवा, बजरंग साहू, अवधेश मिश्रा, रामकुमार साहू, अभिषेक शर्मा उर्फ सूर्या, संजय साहू, पंकज महतो, दीपक साहू को बनाया गया। सुषमा सिंह ने सभी पदाधिकारी को बधाई देते हुए कहा कोर कमिटी संग संचालन समिति पदाधिकारियों के साथ इसी स्थान पर जल्द बैठक बुलाई जाएगी जिसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय ली जाएगी। मौके पर सुषमा सिंह, अजय सोनी, अनूप गुप्ता, ओम महतो, अनिल उरांव, प्रदीप साहू, विक्की कसेरा, अनुज कुमार, विनोद प्रसाद आदि लोग मौजूद थे।

## रमेश उरांव को मिला बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना का लाभ



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम आज सदर प्रखंड के जोरी पंचायत स्थित मैदान में आयोजित किया गया। आज के कार्यक्रम में जोरी निवासी रमेश उराँव को बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना का लाभ मिला। उन्होंने बताया कि अपने खेत में सिंचाई के लिए बहुत दिक्कत होती थी। बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के अंतर्गत अब सिंचाई कूप मिल गया है तो इसके निर्माण के बाद सिंचाई हो जाएगी। सिंचाई के अभाव में उत्पादन पर बहुत पड़ता था जो अब दूर हो जाएगा। रमेश ने बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना का लाभ दिए जाने पर माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को धन्यवाद दिया।

चलते चलते एक नजर

## स्काउट एंड गाइड का प्रशिक्षण बच्चों के लिए लाभदायक : कुमार आदर्श



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत स्काउट और गाइड पलामू की ओर से संत मरियम विद्यालय के प्रांगण में चार दिवसीय स्काउट एंड गाइड प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ किया गया। प्रशिक्षण शिविर का प्रारंभ विद्यालय के प्राचार्य कुमार आदर्श के द्वारा स्काउट और गाइड का झंडा फहराकर किया गया। इस शिविर में जिला प्रशिक्षक अमित कुमार झा व सोनू कुमार पांडे के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्राचार्य कुमार आदर्श ने कहा कि स्काउट और गाइड का उद्देश्य है कि बच्चों में चरित्र का गठन हो। ध्वनि स्वास्थ्य की आदतों का निर्माण हो, हस्तकला में प्रशिक्षण, उपयोगी कौशल प्राप्त हो और बच्चों की शिक्षा में योगदान करना है। ताकि एक बेहतर दुनिया का निर्माण करने में मदद मिल सके। जहां लोग व्यक्तियों के रूप में स्वयं-पूर्ण होते हैं और समाज में रचनात्मक भूमिका निभाते हैं। अंत में श्री आदर्श ने कहा कि इस सराहनीय पहल के लिए स्काउट और गाइड पलामू के पूरे टीम को बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं। ज्ञात हो कि यह प्रशिक्षण दिनांक 04-12-2023 से दिनांक 07-12-2023 तक चलेगा। इस प्रशिक्षण शिविर में विद्यालय के सैकड़ो बच्चों ने भाग लिया है।

## चेन स्नेचर साकिब उर्फ देवा पत्नी के साथ गिरफ्तार



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)** बीते दिनों और अरगोड़ा थाना क्षेत्र के अरगोड़ा चौक से चेन स्नेचिंग कर भाग रहे चेन स्नेचर साकिब उर्फ देवा को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। इसके साथी को भी गिरफ्तार किया गया था और उसे जेल भी भेज दिया गया। लेकिन साकिब का पैर फ्रैक्चर हो गया था , इसलिए पुलिस ने उसे बेहतर उपचार के लिए रिम्स में भर्ती कर दिया था । जहां इसका इलाज चल रहा था । लेकिन मौका ही देखते साकिब ने रविवार को रिम्स से फरार हो गया । पुलिस इसकी छानबीन में जुटी है। पुलिस ने उसे पुनदाग ओपी क्षेत्र से पत्नी के साथ गिरफ्तार कर लिया है। इस गिरफ्तारी में पुनदाग ओपी प्रभारी विवेक, अरगोड़ा थाना प्रभारी बृज कुमार, अनिमेष शांतिकारी शामिल थे। बृज कुमार ने बताया कि करीब तीस अधिक चे स्नेचिंग में शामिल रहा है।

# मंत्री जी, शहरी जलापूर्ति योजना कब तक : अरुणा शंकर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : प्रमंडल के इकलौते मंत्री मिथिलेश ठाकुर से प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने शहर की मूलभूत समस्या शहरी जलापूर्ति योजना पर सवाल खड़ा किया है। और कहा कि प्रमंडल मुख्यालय में मुख्यमंत्री के साथ कई मंत्री महीने में दो-दो बार आकर शहर एवं गांव के विकास के लिए कैंप लगा रहे हैं। मुझे आश्चर्य हो रहा है कि सरकार प्रमंडलीय मुख्यालय में मूलभूत समस्या का समाधान नहीं कर पा रहे हैं। वह भी तब जब पेयजल मंत्री हमारे प्रमंडल से हैं। वैसे लोग विकास की बात कैसे करते हैं। मैंने अपने निगम कार्यकाल में शहरी जलापूर्ति योजना तैयार कराई। रघुवर सरकार से अनुमोदन कराया और सांसद बीडी राम के सहयोग से एशियन डेवलपमेंट बैंक से योजना का 80 प्रतिशत फंड झारखंड सरकार को दिलवाया। लेकिन आपकी सरकार को 4 साल बीतने को है। टेंडर पर टेंडर, टेंडर पर टेंडर हो रहा है। लेकिन नल से जल नहीं आ रहा है। अरुणा शंकर ने कहा, मंत्री जी हमारा प्रमंडल में प्रतिदिन पानी का लेयर नीचे जा रहा है। किसान पुनः खेती छोड़ दूसरे राज्य को पलायन कर रहे हैं। अपनी जमीन होते निकटवर्ती राज्यों में अधबटया में जमीन लेकर कार्य करने को मजबूर है। इसका एकमात्र कारण प्रमंडल में एक भी बृहद जलापूर्ति योजना का नहीं होना है। हम सबों ने कई बार मेदिनीनगर शहर के गिरते वाटर लेवल को बनाए रखने के लिए शहर के बाहर कोयल नदी को बांधने का भी प्रस्ताव निगम से पारित कर दिया। जिससे हर घर में पानी का लेयर आ सके। पर वह भी अनसुनी कर दी गई। अरुणा शंकर ने कहा कि मैं मंत्री मिथिलेश ठाकुर से पुनः अनुरोध करूंगी कि हमारे शहर के लिए नल से जल अति आवश्यक है।यह योजना केंद्र एवं राज्य की प्राथमिकता में भी है। कृपया मेदिनीनगर शहरी जलापूर्ति योजना जो सरकार में लंबित है उसे यथाशीघ्र कार्यान्वन कराई जाए।

## मुख्यमंत्री आईएनडीआईए की बैठक में नहीं होंगे शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** नई दिल्ली में बुधवार को आईएनडीआईए की होने वाली बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शामिल नहीं होंगे। व्यस्तताओं की वजह से वे इस बैठक में शामिल नहीं होंगे।

बताया जाता है कि मुख्यमंत्री अभी काफी व्यस्तता में हैं। ऐसे में वे तो बैठक में शामिल होने दिल्ली नहीं जा सकेंगे। हालांकि, उनकी ओर से उनका कोई प्रतिनिधि बैठक में जायेगा। उल्लेखनीय है कि पांच राज्यों के चुनाव परिणाम आने के बाद कांग्रेस ने छह को इंडिया दलों की बैठक दिल्ली में बुलाई है, जिसमें आगामी चुनाव की रणनीति पर चर्चा की जाएगी।

# गढ़वा : आज होगा 101 जोड़ों का विवाह, तैयारी पूरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी की ओर से 6 दिसंबर को आयोजित सामूहिक 101 कन्याओं का विवाह की तैयारी पूरी कर ली गई है। सामूहिक विवाह कार्यक्रम दानरो नदी छठ घाट पर किया जाएगा। उक्त जानकारी कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के सचिव विकास माली ने प्रेस वार्ता कर दी। उन्होंने बताया कि 6 दिसंबर को गढ़वा में बिना दहेज के 101 जोड़ी वर एवं वधु की डोली सजेगा। वधु पक्ष के लोग कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगे। कार्यक्रम स्थल पर वर पूजा कार्यक्रम किया जाएगा। उसके बाद वर एवं वधु दोनों का जयमाला कार्यक्रम किया जाएगा। उसके बाद हिंदी रितु रिवाज के साथ विधिवत शादी कराया जाएगा। उसके साथ ही विवाह में वर वधु को सोसाइटी की ओर से वर एवं कन्या की कपड़ा सहित विदाई सामग्री के रूप में पलंग, टंऊक्र, गोदरेज, तोसक, रजाई, बर्तन सेट, मच्छरदानी, गैस व चूल्हा, ड्रम सेट, आयरन, प्रेशर कुकर सहित अन्य सामग्री दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्घाटन पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर करेंगे। कार्यक्रम में भोजपुरी एवं सुर संग्राम के कई दिग्गज कलाकार अपना कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन पुलिस प्रशासन से उक्त कार्यक्रम में सहयोग करने की अपील किया गया।

## सांसद ने किया पलामू संसदीय क्षेत्र में खाद का कारखाना स्थापित करने की मांग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर** : लोकसभा में सांसद पलामू विष्णु दयाल राम ने शून्य काल के दौरान पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत खाद का कारखाना स्थापित करने संबंधी अति महत्वपूर्ण मामले को उठाया। सांसद श्री राम ने कहा कि मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत दो जिले आते हैं क्रमशः पलामू एवं गढ़वा। उक्त दोनों जिले आकांक्षी जिलों की सूची में आते हैं। यहाँ की 80 प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर है। किसी भी कल कारखाना को स्थापित करने के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध है।यथा:- जमीन, श्रम, बिजली, पानी एवं खनिज पदार्थ। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी की यह इच्छा है कि देश के अंतर्गत जो भी आकांक्षी जिले हैं उनको उन्नत जिलों की श्रेणी में लाकर खड़ा किया जाय। उपरोक्त उद्देश्यों की प्रतिपूर्ति हेतु यह आवश्यक है कि वहां के निवासियों को रोजगार उपलब्ध कराया जाय, क्योंकि कृषि पर संपूर्ण रूप से निर्भरता के फलस्वरूप अतिवृष्टि-अनावृष्टि की स्थिति में लोग पलायन को मजबूर हो जाते हैं और उनके समक्ष बेरोजगारी एवं भूखमरी की समस्या उत्पन्न हो जाती है। दुर्भाग्यवश मेरे संसदीय क्षेत्र पलामू के अंतर्गत मात्र एक छोटी सी कॉस्टिक सोडा की फैक्ट्री है जिसका उत्पादन बहुत कम है और रोजगार देने की क्षमता भी बहुत सीमित है। सांसद ने रसायन एवं उर्वरक मंत्री से पलामू संसदीय क्षेत्र में खाद का कारखाना स्थापित करने का अनुरोध किया है।

# मुख्यमंत्री धामी ने 100 फीट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज स्मारक का किया लोकार्पण

**मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज हमारी आन बान शान है। यह हम सबके लिए प्रेरणा है।**



**एजेंसी**

**देहरादून :** मुख्यमंत्री ने मंगलवार को स्मार्ट सिटी परियोजना के अन्तर्गत दिलाराम बाजार में स्थापित 100 फीट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज स्मारक का लोकार्पण किया।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि शहर के प्रमुख स्थल पर राष्ट्रीय ध्वज स्थापित होने से आम जनता में देश प्रेम और राष्ट्रीयता की भावना का और तेजी से प्रसार होगा।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज हमारी आन बान शान है। यह हम सबके लिए प्रेरणा है। यह राजपुर रोड दिला राम चौक के पास एक ऐसे स्थान पर लगाया गया है, जहां पर राष्ट्रपति का आशियाना भी नजदीक है और वही राज्यपाल का आवास भी नजदीक है। मुख्य मार्ग भी यही है।

इतना ही नहीं देश दुनिया से आने वाले लोग इस मार्ग से गुजरते हैं। यह ध्वज सभी को प्रेरणा देने का काम करेगा और हमारी नई पीढ़ी को भी इस ध्वज से प्रेरणा मिलती रहेगी। इससे युवाओं के अंदर राष्ट्रभक्ति और भी मजबूत होगी।मुख्यमंत्री ने कहा कि दो दिन बाद ही राजधानी देहरादून के अंदर ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट होने जा रही है और उससे ठीक पहले इस ध्वजारोहण का होना अपने आप में एक बड़ी बात है।

इस मौके पर मंत्री सतपाल महाराज, प्रेमचन्द अग्रवाल, सुबोध उनियाल, विधायक खजानदास, जिलाधिकारी देहरादून सोनिका, एसएसपी अजय सिंह, अपर नगर आयुक्त वीर सिंह बुदियाल उपस्थित थे।

## देश में एक निशान, एक विधान और एक प्रधान ही चलेगा: शाह

**नई दिल्ली:** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने लोकसभा में टीएमसी के वरिष्ठ सदस्य सौगत रॉय के उस बयान पर आपत्ति जताई जिसमें उन्होंने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नारे को राजनीतिक करार दिया था। सदन में मंगलवार को जम्मू-कश्मीर आरक्षण (संशोधन) विधेयक-2023 पर चर्चा के दौरान सौगत रॉय ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का एक देश में एक निशान, एक विधान और एक प्रधान का नारा राजनीतिक था। इससे जम्मू-कश्मीर की जनता से कोई लेना-देना नहीं है। सौगत रॉय के इस बयान को सुनते ही गृहमंत्री शाह नाराज हो गए। उन्होंने आसान के माध्यम से रॉय को संबोधित करते हुए कहा कि दादा, ये बयान आपत्तिजनक है। अब आपकी उम्र हो चुकी है। शाह ने सवाल किया कि एक देश में दो प्रधानमंत्री, दो झंडे और दो संविधान कैसे हो सकते हैं? यह पूरी तरह गलत है।

## एसपीडी कॉलेज में एनएसएस इकाई द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** स्थानीय सूरत पांडेय डिग्री कॉलेज की एनएसएस (राष्ट्रीय सेवा योजना) इकाई के तत्वावधान में मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस मनाया गया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। मौके पर स्वयंसेवकों द्वारा किये जाने वाले कार्यों की चर्चा की गयी। मौके पर वरिष्ठ शिक्षक प्रो. अर्जुन प्रसाद ने कहा कि स्वयंसेवकों के द्वारा समाज के सहयोग में कई कार्य किए जाते हैं। यह दिन व्यक्तिगत स्वयंसेवकों, समुदायों, संगठनों को स्थानीय राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विकास में उनके योगदान को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करना है। इस मौके पर कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर कमलेश कुमार सिन्हा ने कहा की आज का दिन स्वयंसेवकों का दिन है। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवक सामाजिक कार्यों के लिए सालों भर अपनी सेवा देते रहते हैं और आज उनका दिवस है। स्वयंसेवक अक्सर मदद करने वाले पहले व्यक्ति होते हैं। स्वयंसेवक संकटों और आपात स्थिति में सबसे आगे रहते हैं। प्रो. केबी अंसारी ने कहा कि स्वयंसेवक सामाजिक, पर्यावरणीय और आर्थिक परिवर्तन के लिए सबसे महत्वपूर्ण वितरण तंत्रों में से एक है। इस मौके पर स्वयंसेवक सकेंद्र चौधरी, सुप्रिया तिवारी के द्वारा कई आकर्षक व प्रेरणादायक गीतों की प्रस्तुति की गयी। वहीं स्वयंसेवक विनीत चौबे के द्वारा कार्यो के दौरान अपने अनुभव तथा अपने जीवने के आकर्षक प्रसंग को खुबसूरत ढंग से प्रस्तुत किया गया। मौके पर मोजाहिम अंसारी, नंदिनी कुमारी, सिकंदर कुमार आदि उपस्थित थे।

## पलामू में पहली बार हुआ जटिल सर्जरी



*** आशी केयर मल्टी-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में किया गया सफलतापूर्वक जटिल ऑपरेशन**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पांकी रोड रेडमा स्थित आशी केयर मल्टी-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में सफलतापूर्वक जटिल ऑपरेशनकिया गया। ऑपरेशन लगातार 4 घंटे तक चला। यह गर्दन पर किसी तेज धार वाले चाकू से गहरी चोट के हमला का मामला था। जिसका ऑपरेशन तुरंत न्यूरो सर्जन डॉ. रवीश कुमार, एनेस्थेटिक डॉक्टर, जनरल सर्जन और असिस्टेंट सहित अन्य ने मिलकर सफल ऑपरेशन किया। ऑपरेशन करने वाले डॉक्टरों ने बताया कि रोगी के गले पर गहरा घाव था और श्वासनली भी दो टुकड़ों में बटा हुआ था। इसके चलते मरीज को पहले मुँह के रास्ते से एक नली डाली गई और आपातकालीन ट्रेकियोस्टोमी की गई। उसके बाद तेजी से हो रहे रक्त स्त्राव को रोका गया। फिर अंत में श्वासनली की मरम्मत पूरी की गई। मरीज को अब आईसीयू में स्थानांतरित कर दिया गया है और उसका इलाज चल रहा है। डॉ रवीश की यह जीवन रक्षक प्रक्रिया पलामू और खासकर आशी केयर हॉस्पिटल के लिए एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। पलामू में यह पहली बार बहुत ही जटिल सर्जरी का मामला आया और इसे सफलतापूर्वक निपटा लिया गया। बता दें कि पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के पांकी रोड में स्थित आशी केयर मल्टी-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल अपने स्थापना के समय से ही मरीजों पर विशेष ध्यान देता है। इलाज विशेषज्ञ डाक्टरों द्वारा किया जाता है। यहां मरीजों पर खासे ध्यान दिया जाता है।

इस अस्पताल में हर्ट के इंडिया लेवल के डॉक्टर मौजूद हैं। हर्ट से संबंधित किसी भी बीमारी का यहां तुरंत इलाज होता है। इस बीमारी से संबंधित सभी अत्याधुनिक उपकरण यहां मौजूद है।

# स्वतंत्रता सेनानी कौशल ठाकुर क्रिकेट टूर्नामेंट में टेढ़ी हरैया बना चैंपियन

**विजेता व उप विजेता टीम को मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने दिया नकद व शील्ड**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** मेराल प्रखंड के हासनदाग गांव स्थित जीपीएस के मैदान में स्वर्गीय कौशल कुमार ठाकुर स्वतंत्रता सेनानी क्रिकेट स्मृति क्लब टूर्नामेंट के तत्वाधान में खेले जा रहे क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच हासनदाग बनाम टेढ़ी-हरैया के टीमों के बीच खेला गया। जिसमें टेढ़ी हरैया के टीम ने टॉस जीतकर बैटिंग करने उतरी। टेढ़ी हरैया की टीम ने 12 ओवर में 8 विकेट खोकर 89 रन बनाया। जबकि जवाबी पारी खेलने उतरी हसनदाग की टीम ने 12 ओवर में 8 विकेट खोकर 85 रन ही बना सकी। इस तरह इस टूर्नामेंट में टेंढ़ी हरैया की टीम ने हासनदाग के टीम को हराकर मैच अपने नाम कर लिया।इस अवसर पर पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर नेटेढ़ी हरैया के विजेता टीम को 21000 नगद एवं शील्ड दिया।

वही उपविजेता हासनदाग की टीम को मंत्री ने 15000 नगद एवं शील्ड प्रदान कर खिलाड़ियों के हौसले को बढ़ाया। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि उनके द्वारा खेलो गढ़वा के तहत लगातार खिलाड़ियों के हौसला बढ़ाया जा रहा है। वे लगातार गढ़वा के खिलाड़ियों को राज्य एवं देश स्तर पर प्रतिभा निखारने के लिए खिलाड़ियों को सहयोग कर रहे हैं। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि इस सरकार में चारों तरफ विकास ही विकास नजर आ रहा है। सरकार द्वारा सभी जर्जर सड़कों का निर्माण जो दस्त पर कराया जा रहा है। पूर्व के लोगों के कार्यकाल में सड़क की स्थिति बिल्कुल ही दयनीय थी। लेकिन आज हासनदाग से मेराल प्रखंड मुख्यालय पहुंचने में मात्र 10 से 15 मिनट का समय लग रहा है। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में लोगों की मूलभूत सुविधाओं का ध्यान में रखते हुए लगातार जनहित के कार्य को किया जा रहा है। पिछले साठ वर्षों की कार्यकाल से अधिक इस 4 साल की कार्यकाल में विकास योजना धरातल पर दिखने को मिल रहा है। मंत्री ने कहा कि उनका प्रयास है कि हासनदाग पंचायत भवन के मैदान में स्टेडियम की निर्माण यथाशीघ्र हो। इसका प्रक्रिया भी आगे बढ़ गया है। मंत्री ने कहा कि अगर सरकारी प्रक्रिया से स्टेडियम बनाने में देरी होगी तो वह अपने निजी राशि से गैलरी एवं मंच बनाने की काम करेंगे। इस अवसर पर बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह, जिलाअध्यक्ष तनवीर आलम, मनोज झा, ज्ञान रंजन मिश्र, सूर्य प्रकाश , राजबली चौधरी सहित कई लोग उपस्थित थे। आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में कॉमेंटेटर का काम अनिल चौधरी, मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र चौधरी, मनोहर मुकुंद ने किया। जबकि स्कोरर का काम शिवदत्त चौधरी के द्वारा किया गया।